राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 59
लखनऊ, शनिवार 7 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सैनिक के घर से तीस लाख के जेवर चोरी 10

महापौर ने किया नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण 05

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रपति ने खूंटी सड़क दुर्घटना पर जताया दुख



नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को झारखंड के खूंटी जिले में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख जताया। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर लिखा, झारखंड के खूंटी जिले में हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत की खबर अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

आज अयोध्या दीपोत्सव में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शनिवार, 7 नवंबर को उत्तर प्रदेश के अयोध्या दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह दीपोत्सव में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को बताया कि सीपी राधाकृष्णन अपने दौरे के दौरान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके साथ ही वह अयोध्या में आयोजित प्रभु श्रीराम के प्रतीकात्मक राज्याभिषेक समारोह में भी भाग लेंगे। इस अवसर पर वह पूज्य संतों को सम्मानित भी करेंगे।

सूर्य कुमार यादव ने पीएम से की मुलाकात



नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव ने अपने परिवार के साथ शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उनकी पत्नी देविशा शेट्टी और बेटी रिधिमा भी मौजूद थीं। मुलाकात के दौरान सूर्यकुमार यादव की बेटी रिधिमा ने प्रधानमंत्री के सामने भक्ति गीत भी गाया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, दीपावली के माहौल में राम और सरयू का आगमन हुआ है। इससे दीवाली का वातावरण और भी अधिक पवित्र और दिव्य हो गया है। सूर्यकुमार यादव घरेलू व्हाइट बॉल टूर्नामेंटों में मुंबई टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। सूर्यकुमार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के लिए मुंबई टीम का कप्तान बनाया गया है।

कतर के अमीर ने परमाणु प्रस्ताव पर ट्रंप से की बात

दोहा (कतर)। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत की। इस बातचीत में क्षेत्र में तनाव कम करने के लिए किए जा रहे राजनयिक प्रयासों पर चर्चा हुई। समझा जा रहा है कि अमीर ने ईरान के परमाणु मामले से जुड़े एक प्रस्ताव पर चर्चा की। अमीर और ट्रंप के बीच फोन वार्ता की संक्षिप्त जानकारी दी गई है। इससे पहले ईरान के एक अधिकारी ने गुरुवार को जानकारी दी कि तेहरान ने कतर के जरिए अमेरिका को परमाणु मामले से जुड़ा एक प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव पर तब तक कोई चर्चा नहीं होगी, जब तक वाशिंगटन ईरान की सात मांगों को पूरा नहीं कर देता।

मिली खाकी वर्दी, सीएम के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे

सिफारिश व रिश्वत के बिना मिली नौकरी, नवचयनित उपनिरीक्षकों ने बताई भर्ती प्रक्रिया की खूबियां

समृद्धि न्यूज,लखनऊ।

उत्तर प्रदेश पुलिस बल को शुक्रवार को 4543 नए उपनिरीक्षक मिल गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान चयनित युवाओं ने एक स्वर में भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और तेज बताया। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने के लिए निर्धारित शुल्क के अलावा किसी को एक भी रुपया नहीं देना पड़ा। सात साल की मेहनत लाई रंग, प्रशांत कुमार बने उपनिरीक्षक बदायूं निवासी प्रशांत कुमार का चयन उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर हुआ है। उन्होंने कहा कि वह पिछले सात वर्षों से तैयारी कर रहे थे। इस बार उन्हें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि पहले की भर्तियों में धांधली की शिकायतें सामने आती थीं, लेकिन 2017 के बाद ऐसी अनियमितताओं पर पूरी तरह लगाम लगी है। इसी पद पर चयनित सुमित शर्मा ने कहा कि वर्ष 2022 से तैयारी कर रहे थे। पूरी भर्ती प्रक्रिया तेजी से और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ड्यूटी के दौरान किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।

सेना से रिटायर उदयवीर सिंह बने उपनिरीक्षक: बरेली निवासी उदयवीर सिंह कठेरिया सेना से सेवानिवृत्त हैं। उनका चयन भी उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भर्तियां पारदर्शी तरीके से हो रही हैं और युवाओं को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। मुजफ्फरनगर निवासी अंशु चौधरी ने कहा कि महज एक साल के भीतर पूरी भर्ती प्रक्रिया संपन्न होना बड़ी बात है। पहले ऐसा कम ही देखने को मिलता था। अंशु चौधरी ने निष्पक्ष भर्ती के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मिलने वाली सीख को पूरी तरह आत्मसात कर ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। वहीं, बरेली निवासी राजा बाबू ने बताया कि फॉर्म भरने के लिए ही शुल्क देना पड़ा, इसके अलावा किसी भी स्तर पर एक रुपया खर्च नहीं करना पड़ा।

धनतेरस पर नियुक्ति पत्र मिलना महालक्ष्मी के आशीर्वाद जैसा : शिवी शर्मा

शिवी शर्मा ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया का अनुभव बेहद अच्छा रहा। पिछले एक साल से तैयारी कर रही थीं और अब सफलता मिली है। दीपावली से पहले नियुक्ति पत्र मिलना उनके लिए महालक्ष्मी के आशीर्वाद जैसा है। धनतेरस के दिन खुशियों की वर्षा हुई है। उन्होंने कहा कि जब भर्ती में कोई रिश्वत नहीं देनी पड़ी तो नौकरी में भी पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से काम करेंगे। गरीबों की हरसंभव मदद करना हमारी प्राथमिकता है।



सीएम की अपील, उपहार स्वरूप चुनें ओडीओपी

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास की रणनीति बड़े उद्योगों और निवेश के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर भी केंद्रित है। इसी सोच के तहत वर्ष 2018 में शुरू की गई 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों के आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम बनी है। दीपावली पर स्थानीय उत्पादों की बढ़ती मांग ने इस पहल को और मजबूती दी है। मिट्टी के दीये, टेराकोटा कलाकृतियां, हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र और सजावटी सामान की खरीदारी से स्थानीय कारीगरों और छोटे कारोबारियों को बड़ा बाजार मिला है।75 जिलों के हुनर को मिली नई पहचान ओडीओपी के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों के विशिष्ट उत्पादों को चिह्नित कर उन्हें संरक्षण, प्रोत्साहन और बाजार उपलब्ध कराने की पहल की गई।

रसोई गैस संकट की आशंका 80 एजेंसियों पर सप्लाई ठप

समृद्धि न्यूज,लखनऊ।

गैस वितरण व्यवस्था पर पड़ रहा ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल का असर

दीपावली के त्योहार से पहले राजधानी लखनऊ में रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ने लगी है। जिले में इंडेन गैस की करीब 80 एजेंसियों तक लगातार तीसरे दिन सिलेंडरों की सप्लाई नहीं पहुंच सकी। इस व्यवधान की मुख्य वजह ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल बताई जा रही है। गैस की ढुलाई करने वाले ट्रांसपोर्टरों के काम बंद रखने से एजेंसियों तक सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति बाधित हो गई है। ऐसे में त्योहार से ठीक पहले घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है। लगातार तीन दिनों से आपूर्ति प्रभावित होने के कारण एजेंसियों के सामने उपभोक्ताओं की मांग पूरी करने की चुनौती खड़ी हो सकती है। दीपावली के दौरान घरों में खाना बनाने और मेहमानों के आने-जाने के कारण रसोई गैस की जरूरत सामान्य दिनों की तुलना में बढ़ जाती है। ऐसे समय में सप्लाई बाधित होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल का सीधा असर गैस वितरण व्यवस्था पर पड़ रहा है। गैस प्लांट से एजेंसियों तक सिलेंडर पहुंचाने की प्रक्रिया प्रभावित होने के कारण वितरण की नियमित श्रृंखला टूट गई है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को भी इंडेन की एजेंसियों को सिलेंडर नहीं मिल पाए।



पार्क की जर्जर हालत देख सतीश मिश्रा खफा

6 दिसंबर को अंबेडकर स्मारक पर आयोजन, तैयारियों का लिया जायजा



समृद्धि न्यूज,लखनऊ।

बहुजन समाज पार्टी 6 दिसंबर को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ के अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर विशाल श्रद्धा-सुमन समारोह आयोजित करेगी। इसकी तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार को बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने स्मारक परिसर में साफ-सफाई और कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्क की जर्जर हालत देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने वीसी को फोन कर स्मारक की स्थिति की जानकारी दी और व्यवस्थाओं पर ध्यान देने को कहा। 6 दिसंबर के कार्यक्रम की घोषणा के बाद बसपा नेताओं का यह दौरा तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। मायावती की ये रैली इंडिया गठबंधन के दिल्ली में आयोजित 1 नवंबर की रैली और 26 नवंबर को चंद्रशेखर की प्रस्तावित रैली का जवाब मांगा जा रहा है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के मुताबिक इस बार हम पूरे लखनऊ को नीले झंडे से पाट देंगे। बसपा के इतने कार्यकर्ता लखनऊ आएंगे कि सिर्फ पूरे शहर में वो ही दिखेंगे।

मायावती और आकाश करेंगे रैली को संबोधित

6 दिसंबर को डॉ अम्बेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कार्यकर्ताओं को मायावती और राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद संबोधित करेंगे। बसपा ने 2025 में 9 अक्टूबर को हुई कांशीराम की रैली का रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी की है। सभी बसपा प्रत्याशियों को चार से पांच हजार लोगों को लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब तक बसपा 100 से अधिक प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इसके अलावा जिलाध्यक्षों को हर जिले से अलग से 5 हजार की भीड़ लानी है। मायावती ने पदाधिकारियों को 1 घंटे तक चुनाव में जीत का मंत्र दिया। बैठक में फैसला लिया गया कि मायावती 6 दिसंबर को डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर लखनऊ में बड़ी रैली करेंगी।

दामाद ने ससुराल में पत्नी-सास संग सात लोगों की बिछा दी लाशें

एजेंसी, बेंगलुरु।



सामूहिक हत्याकांड का एक मामला सामने आया है यहां एक कैब ड्राइवर पर अपनी पत्नी के परिवार के सात लोगों की हत्या करने का आरोप है. आरोपी की पहचान इंदुशेखर के रूप में हुई है। शुरुआती जांच के मुताबिक, आरोपी अपनी पत्नी से नाराज था और उसे इस बात से परेशानी थी कि उसकी पत्नी लगातार अपने मायके के परिवार के संपर्क में रहती थी इसी घरेलू विवाद के चलते उसने कथित तौर पर इस वारदात को अंजाम दिया आरोप है कि इस हत्याकांड में आरोपी ने अपनी पत्नी सुनीता, सास रूपावती, दो साले शिवकुमार और शंकर, दो सालियां दिव्या और नलिनी के अलावा सात साल के बच्चे पुनीत को निशाना बनाया पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने इस वारदात की योजना पहले से बना रखी थी. उसने कथित तौर पर सबसे पहले अपनी पत्नी की हत्या की. इसके बाद उसने परिवार के अन्य सदस्यों को निशाना बनाया।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने अपने दोनों सालों को पार्टी देने के बहाने घर बुलाया था आरोप है कि वहां उसने दोनों की हत्या कर दी इसके बाद उनकी पत्नियों, अपनी सास और सात साल के बच्चे की भी जान ले ली. इस तरह आरोपी पर एक ही परिवार के सात लोगों की हत्या करने का आरोप है पुलिस अब इस पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी है प्रारंभिक जांच में पुलिस को शक है कि आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के लिए पीसने वाले पत्थर का इस्तेमाल किया।

कर्मभूमि एक्सप्रेस में लगी आग की जांच शुरु

- सुरक्षित बचाए गए यात्री दूसरी ट्रेन से किये गये रवाना
- उपायुक्त ने राजपुरा में आग की घटना का लिया जायजा

एजेंसी, चंडीगढ़।



अमृतसर से न्यू जलपाईगुड़ी जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस के कुछ डिब्बों में राजपुरा-अंबाला-दिल्ली रेल मार्ग पर सराय बंजारा रेलवे स्टेशन के निकट आग लगने की घटना में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत फॉरेंसिक जांच करवाई जाएगी। पंजाब सरकार के निर्देश पर पटियाला के उपायुक्त डॉ. हिमांशु अग्रवाल और एसएसपी हरमंदीप हांस ने शुक्रवार दोपहर बाद घटनास्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि इस घटना में किसी भी प्रकार के जानी नुकसान से बचाव रहा और जिला प्रशासन ने यात्रियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने के लिए पूरी मुस्तैदी से काम किया। यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए सराय बंजारा रेलवे स्टेशन पर डॉक्टरों की टीम तैनात की गई।

डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि गांव सराय बंजारा के निवासियों ने तत्काल तत्परता दिखाई और सिविल प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन विभाग तथा रेलवे की टीमों के संयुक्त प्रयासों से आग पर काबू पाया गया। रेलवे ने ट्रेन में सवार सुरक्षित बचाए गए यात्रियों को उनके गंतव्य स्टेशनों के लिए दूसरी ट्रेन से रवाना कर दिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम राजपुरा रविंदर सिंह, एसपी बिक्रम बराड़, डीएसपी मनजीत सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आपातकालीन सेवाओं और अस्पतालों को अलर्ट कर दिया। एसएसपी हरमंदीप हांस बोले राजपुरा के एसपी और डीएसपी सहित जीआरपी तथा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीमें मौके पर पहुंचकर तुरंत राहत एवं बचाव कार्यों में जुट गई थीं। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

शरद पवार व प्रफुल्ल पटेल में हुई मुलाकात

मुंबई, एजेंसी। प्रमुख शरद पवार और अजित पवार गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल के बीच गुरुवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई। शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल 10 नवंबर के बाद मुंबई में फिर मुलाकात कर चर्चा करेंगे। सामने आए वीडियो में दोनों नेता इस पर सहमति जताते सुनाई दे रहे हैं। हालांकि, बातचीत किन मुद्दों पर होगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, दोनों गुट पार्टी के विलय से इनकार कर चुके हैं। शरद पवार भी पहले स्पष्ट कर चुके हैं कि उनकी पार्टी किसी दूसरी पार्टी में विलय नहीं करेगी। इस बीच, सुप्रिया सुले के केंद्रीय मंत्री बनने की अटकलें भी तेज हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने संकेत दिया है कि आगामी कैबिनेट विस्तार में उन्हें जगह मिल सकती है। हालांकि, सुप्रिया सुले ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं, पीएम मोदी ने शरद पवार को फोन कर उनकी तबीयत का हाल पूछा था। पवार के करीबी विट्ठल मणियार के मुताबिक, मोदी ने उन्हें आराम करने की सलाह दी और कहा कि सुप्रिया सुले देश की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। प्रफुल्ल पटेल की शरद पवार से मुलाकात से पहले हृष्टकनेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी।

'पेंच-ड्राइवर तकनीक' कहकर विपक्ष ने किया था खारिज

अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया सेमीकॉन इंडिया वेब एप्लिकेशन पोर्टल



एजेंसी, नई दिल्ली।

सेमीकॉन इंडिया 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल शुक्रवार को लॉन्च किया गया और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग योजना के तहत स्वीकृत 12 आवेदकों की सूची जारी की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के विस्तार को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि देश तैयार उत्पादों से मॉड्यूल, कंपोनेंट्स और फिर कच्चे माल के निर्माण तक चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2.0 वेब एप्लिकेशन पोर्टल के संबंध में वैष्णव ने कहा कि सरकार सेमीकंडक्टर कार्यक्रम के दूसरे, तीसरे और चौथे स्तंभ के तहत आवेदन स्वीकार करना शुरू करेगी। यह भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमी कंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है। उन्होंने बताया कि आज की मंजूरियों के बाद देशभर में इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट निर्माण से जुड़ी कुल 118 इकाइयां स्थापित की जा रही हैं।

चार लेन व उससे अधिक के राष्ट्रीय राजमार्गों पर बिना बैरियर टोल वसूली के निर्देश

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर में चार लेन और उससे अधिक के राष्ट्रीय राजमार्गों पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) आधारित बिना बैरियर टोल वसूली व्यवस्था लागू करने के लिए टोल प्लाजा के डिजाइन और बुनियादी ढांचे को मानकीकृत करने संबंधी दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत नए और निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में ऐसी व्यवस्था के अनुकूल बुनियादी ढांचा तैयार किया जाएगा, जिससे वाहनों को टोल बूथ पर रुके बिना टोल चुकाने की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार इस व्यवस्था का उद्देश्य टोल प्लाजा पर वाहनों की कतार और प्रतीक्षा समय खत्म करना, ईंधन की खपत कम करना तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाना है। दिशानिर्देशों में टोल प्लाजा का लेआउट, लेन की संख्या और व्यवस्था, गैन्ट्री, सड़क संबंधी बुनियादी ढांचे, प्रकाश व्यवस्था, संकेतक और अन्य सुविधाओं के लिए एक समान मानक तय किए गए हैं।

झारखंड सड़क हादसे में सात की मौत, एक घायल



एजेंसी, खूंटी।

कर्रा थाना क्षेत्र के कर्रा-तोरपा मुख्य मार्ग पर जोने-लुदरू मोड़ के समीप गुरुवार देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में सात लोगों की मौत होने की सूचना है, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार, कर्रा रेलवे स्टेशन से तोरपा जाने वाली सड़क पर कॉलोनी के समीप तोरपा की ओर से आ रहा तेज रफ्तार अनियंत्रित 18 चक्का ट्रक (जेएच 02 एजे 1377) सड़क पर मौजूद लोगों को अपनी चपेट में लेते हुए पुलिया तोड़कर गड्ढे में जा गिरा। हादसे के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवार रात करीब 9:30 बजे घटनास्थल के पास एक स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। उसकी आवाज सुनकर जोने-लुदरू मोड़ के समीप कॉलोनी के कुछ लोग दुर्घटना देखने के लिए सड़क पर पहुंचे थे।

राज्योत्सव समारोह

उत्तराखंड राज्योत्सव में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह

प्रदेश को मिलेगी 1,475 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी, देहरादून।



उत्तराखंड राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित राज्योत्सव समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल हुए। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे लोगों में समारोह को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। महिलाएं गढ़वाल, कुमाऊं और जौनसार की पारंपरिक वेशभूषा में अलग-अलग समूहों में कार्यक्रम स्थल पहुंचीं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर अमित शाह का स्वागत किया। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश को 1,475.31 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी जा रही है। अमित शाह विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं से सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, आधारभूत ढांचे और जनसुविधाओं के विस्तार को गति मिलने की उम्मीद है।

परेड मैदान में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज राज्य स्थापना दिवस को गौरव और उत्सव का दिन बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, पर्यटन को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर सृजित करने और निवेश आकर्षित करने पर जोर दिया जा रहा है। राज्य स्थापना दिवस का यह समारोह प्रदेश की अब तक की विकास यात्रा और भविष्य के लक्ष्यों को सामने रखने का अवसर बना है। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने उत्तराखंड के पूर्ण साक्षर राज्य बनने को बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

सरकार साक्षरता के साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी प्रयास कर रही है। वहीं, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के लोग देश में अराजकता फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की बात करने वाली कांग्रेस युवाओं को सहन नहीं कर पा रही है।

राहुल की वोट बचाओ यात्रा है घुसपैठिया बचाओ यात्रा: शाह

देहरादून। उत्तराखंड राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित राज्योत्सव समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोट बचाओ यात्रा को घुसपैठिया बचाओ यात्रा करार दिया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए घुसपैठियों को बाहर करने का काम किया जा रहा है, जबकि राहुल गांधी यात्रा निकालकर इसका विरोध कर रहे हैं। देश में घुसपैठ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शाह ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने, शुक्रवार की नमाज के लिए छुट्टी का प्रस्ताव लाने और राम मंदिर निर्माण का विरोध करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए 65 पार का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि पार्टी उत्तराखंड में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी।

संक्षिप्त खबरें

डीबीएस मोंटेसरी स्कूल में बाल मेले का आयोजन

लखनऊ। राजधानी के इंदिरा नगर स्थित डीबीएस मोंटेसरी स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेले में बच्चों की ओर से लगाए गए विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। छोटे और बड़े सभी विद्यार्थियों ने मिलकर हैंडीक्राफ्ट, किताबों, पेन और खाने-पीने की वस्तुओं के स्टॉल लगाए। इसके अलावा मनोरंजक खेलों के स्टॉल भी सजाए गए। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ टीम वर्क, व्यापार और प्रबंधन से जुड़ी जानकारी हासिल करने का अवसर मिला। बच्चों ने स्टॉल के संचालन, सामान की बिक्री और ग्राहकों से बातचीत जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी भागीदारी की। उन्होंने बच्चों के स्टॉल से खरीदारी कर उनका उत्साह बढ़ाया। पढ़ाई की नियमित दिनचर्या से अलग आयोजित इस मेले में बच्चों को अपनी रचनात्मकता और कार्यक्षमता दिखाने का अवसर मिला। मेले में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की भागीदारी रही। विद्यालय परिवार की ओर से आयोजन में सहयोग करने वाले सभी बच्चों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।

पर्यटन मंत्री आज जायेंगे अयोध्या

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर कल अयोध्या जायेंगे। पर्यटन मंत्री साकेत महाविद्यालय अयोध्या में श्रीराम के अयोध्या आगमन को प्रतिकात्मक रूप से दर्शाते हुए भव्य शोभा यात्रा का शुभारम्भ करेंगे। आईएचसीएल सलेक्शन अयोध्या में आज तक द्वारा आयोजित पंचायत कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपरान्ह में रामकथा पार्क अयोध्या में उपराष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का स्वागत करेंगे। उपराष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ज के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेगे। इसके उपरान्त दीपोत्सव-2026 के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सरयू होटल रामकथा पार्क अयोध्या में रात्रि विश्राम करने के पश्चात रविवार को दोपहर तक लखनऊ आयेंगे।

पर्यटन मंत्री ने दीपावली पर प्रदेशवासियों को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दीपावली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सुख, समृद्धि की मंगल कामना की है। दीपावली की पूर्व संध्या पर दिये गये संदेश में उन्होंने कहा है कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं गौरवशाली इतिहास का हिस्सा है। इस पर्व पर पूरे देश एवं विदेश में दीपक जलाकर हर भारतवासी एक दूसरे को बधाई देते हैं। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर अयोध्यावासियों ने दीप प्रज्जवलित कर खुशियां मनायी थीं। दीपावली का पर्व हमारी सनातन संस्कृति का जीवन्त प्रमाण है। राज्य सरकार इस अवसर पर अयोध्या में 30 लाख दीये जलाकर सनातन संस्कृति की ज्योति को और उद्यमान कर रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत भी बना रही है।

पिकअप और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

लखनऊ। राजधानी के विभूतिखंड थाना क्षेत्र में पिकअप भवन के पास सडक़ हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन लोहिया अस्पताल पहुंचे, जहां दोनों मृतकों की पहचान हुई। आरिफ (उम्र करीब 18-20 वर्ष), पुत्र अनीश, निवासी गुलजार नगर, ऐशबाग और फैजू उम्र करीब 15 वर्ष, पुत्र खलील, निवासी गुलजार नगर, ऐशबाग के रहने वाले थे। हादसा लोहिया पार्क पुल के नीचे पिकप भवन के पास में सुबह करीब 10 बजे हुआ। मृतक पल्सर बाइक से सवार होकर ऐशबाग स्थित घर से अंबेडकर चौराहे की तरफ अपनी पेंटिंग की दुकान पर खाना देने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक सीएनजी वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में यह भयानक हादसा हुआ। दोनों युवक घरेलू पेंट का काम करते थे और साथ में ही काम पर जा रहे थे। घटना के बाद से मृतकों के परिवार में फिलहाल लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

सीबीएसई की राष्ट्रीय क्रिकेट चौंपियनशिप में हर्षवर्धन चमके

लखनऊ। एक्सीलिया स्कूल के छात्र हर्षवर्धन, मदुरै में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय क्रिकेट चौंपियनशिप में विजेता टीम का हिस्सा रहे, जिसने टूर्नामेंट में पहला स्थान हासिल किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही हर्षवर्धन को उनके उत्कृष्ट क्षेत्ररक्षण कौशल के लिए 'बेस्ट फील्डर ऑफ द टूर्नामेंट' (अंडर-17 वर्ग) के विशेष सम्मान से भी नवाजा गया। 23 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक चली प्रतियोगिता के फाइनल में उनकी टीम ईस्ट जोन ने उत्तर जोन की टीम को हराकर राष्ट्रीय खिताब जीता। टीम के साथियों और कोच ने मैच के अंतिम चरणों में दबाव में टीम के संयम और समन्वय की सराहना की। विद्यालय के निदेशक आशीष पाठक, प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा वर्मा व समस्त विद्यालय परिवार ने हर्षवर्धन को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हर्षवर्धन की यह उपलब्धि एक्सीलिया स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि हर्षवर्धन की इस सफलता में कड़ी मेहनत, अनुशासन, खेल भावना और निरंतर अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार तडक़े अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक राम लखन (42) की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी राम लखन ऑटो चलाते थे। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे वह ऑटो लेकर घर से निकले थे। वह सरोजनीनगर की ओर जाने के लिए बंथरा में शिवपुरा के पास कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे पर चढ़े थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में राम लखन घायल हो गए। उन्हें पास के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक राम लखन की मौत हो चुकी थी। राम लखन के परिवार में पत्नी नीलम, एक बेटा और एक बेटी हैं।

10 युवतियों को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीनें वितरित

लखनऊ। राजधानी में शहरी वंचित समुदायों के विकास के लिए कार्यरत विज्ञान फाउंडेशन की ओर से विकास भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित गिविंग विंग्स टू ड्रीमर्स परियोजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकीं 10 युवतियों को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीनें वितरित की गईं। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय ने लाभार्थियों को सिलाई मशीनें सौंपीं। उन्होंने कहा कि किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास से उनके परिवार और समाज को भी लाभ मिलता है। उन्होंने लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विज्ञान फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष रामायण यादव ने अतिथियों का स्वागत किया और संस्था के कार्यों की जानकारी दी। परियोजना के तहत लखनऊ की विभिन्न बस्तियों में किशोरियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडऩे, जीवन कौशल का प्रशिक्षण देने और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के लिए काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 4543 दरोगा को जॉइनिंग लेटर दिए

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा भाजपा सरकार में अब तक 9.50 लाख सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। 1 लाख और नौकरियों का वादा भी जल्द पूरा होने वाला है, लेकिन इस बार कुछ नियुक्ति पत्र रोक लेंगे। उन्हें तीसरी बार सरकार बनने पर बांटेंगे। सीएम ने लखनऊ में दरोगा पद पर चुने गए 4,543 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने पूछा क्या किसी को रिश्वत देनी पड़ी या सिफारिश लगानी पड़ी? उन्होंने कहा कि अब यूपी में लेन-देन या धौंस से नौकरी मिलना संभव नहीं है। योगी ने कहा मैंने 2012 से 2017 और 2003 से 2017 के बीच का दौर भी देखा है। उस दौरान कई ऐसी नियुक्तियां हुईं, जिनमें आवेदक कोई और था और नियुक्ति पत्र किसी और को दे दिया गया। ऐसे कई मामले अभी भी कोर्ट में चल रहे हैं। उन्होंने कहा मुझे चिंता होती है कि अगर कोर्ट ने गड़बड़ी वाली पुरानी भर्तियां रद्द कर दीं तो क्या होगा। हां, अगर कोर्ट उन अधिकारियों और बेईमानों की संपत्ति जब्त करने का आदेश दे, जिन्होंने युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया, तो मुझे बहुत खुशी होगी। योगी ने कहा दिवाली के ठीक बाद हम राजस्व विभाग में 1,200 से अधिक नियुक्ति पत्र देंगे। उसके बाद होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया के तहत 42,000 युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपेंगे। 32 हजार सिपाहियों को भी नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा हमने यूपी को बदलते हुए देखा है। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि अगर 2017 में यूपी में डबल इंजन सरकार सत्ता में नहीं आती, तो यह चयन प्रक्रिया शायद बस एक सपना बनकर रह जाती। योगी ने कहा 10 साल पहले देश में यूपी ने अपनी पहचान खो दी थी। लोग उत्तर प्रदेश नाम सुनकर ही चौंक जाते थे और दूर भागते थे। भर्तियां लगभग बंद हो गई थीं। नतीजा यह हुआ कि यूपी अव्यवस्था और अशांति का पर्याय बन गया। कफ्र्यू और दंगे इसकी नियति बन गए। भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य, जहां सबसे युवा कार्यबल है, बेहद दयनीय स्थिति में पहुंच गया था। योगी ने कहा पहले भर्ती का मतलब केवल सैफई सिंडिकेट होता था। इस सरकार ने उस सिंडिकेट को तोड़ा है। अब कोई भाई-भतीजावाद नहीं होगा। उन्होंने कहा देश के अंदर कहीं कोई घटना घटित होती है तो पीड़ित की ओर से एक ही आवाज आती है कि यूपी पुलिस होती तो इन गुंडों और माफियाओं का इतना दुस्साहस नहीं होता। मुख्यमंत्री ने कहा अभी हमने बिगड़ी व्यवस्था को सुधाकर पहचान दी है। अब समय है कि इसे मेहनत कर और आगे बढ़ाया जाए।

धर्मवीर प्रजापति ने माटी कला महोत्सव का किया अवलोकन



मिट्टी के उत्पादों की खरीदारी कर कुम्हारों का बढ़ाया उत्साह

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने लखनऊ के डालीबाग स्थित माटी कला महोत्सव का अवलोकन किया। उन्होंने मेले में विभिन्न स्टालों पर प्रदर्शित मिट्टी से निर्मित आकर्षक एवं उपयोगी उत्पादों की जानकारी ली, तथा स्वयं भी मिट्टी के बर्तनों एवं अन्य उत्पादों की खरीदारी की।श्री धर्मवीर ने महोत्सव में उपस्थित कारीगरों एवं शिल्पकारों से संवाद कर उनके द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की जानकारी प्राप्त की और उनके हुनर एवं मेहनत की सराहना की। माटी कला हमारी समृद्ध भारतीय परंपरा, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। 2019 में मुख्यमंत्री ने उन्हें माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष बनाया। 2020 से हर वर्ष यहां पर मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से दुकानदार आते हैं। यहां पर खरीदारी करने से दुकानदारों का हौसला बढ़ता है उनकी आय में वृद्धि होती है जिससे उनकी दीपावली बेहतर ढंग से हो पाती है।

व्यापारी दीपावली पर स्वदेशी सामान अपनाएंगे: संदीप बंसल

लखनऊ। राजधानी में दीपावली बाजार से लेकर घर तक स्वदेशी का रंग दिखेगा। व्यापारी इस बार विदेशी सामानों से दूरी बनाकर भारतीय उत्पादों से दीपावली मनाने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही, घरों और बाजारों में पूजित मूर्तियों को सडक़ों और नदियों में फेंकने के बजाय सम्मानपूर्वक विसर्जित करने की पहल भी की जाएगी।
इसके लिए मंगलमान अभियान के तहत मूर्ति एकत्रीकरण केंद्र बनाए जा रहे हैं।
अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल ने विधायक निवास स्थित दारू सभा में पत्रकार वार्ता में बताया कि संगठन की वर्चुअल बैठक में इस बार स्वदेशी मंगलमान दीपावली मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत दैनिक उपयोग से लेकर दीपावली की सजावट और पूजन तक भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ग्रामीण महिलाओं के उद्यमों को संवारेंगे आईआईएम के विशेषज्ञ

यूपीएसआरएलएम और आईआईएम के बीच करार

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उनके छोटे कारोबार को मजबूत उद्यमों में बदलने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन यूपीएसआरएलएम और भारतीय प्रबंध संस्थान आईआईएम लखनऊ ने हाथ मिलाया है। शुक्रवार को आईआईएम लखनऊ के एंटरप्राइज इनक्यूबेशन सेंटर और यूपीएसआरएलएम के बीच ग्रामीण उद्यम इनक्यूबेशन कार्यक्रम के लिए अनुबंध हुआ। आईआईएम लखनऊ के निदेशक यामिनी भूषण पाण्डेय और मिशन निदेशक अरुण कुमार ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समझौते का मसौदा तैयार होने से पूर्व संबंधित अधिकारियों और संस्थानों के साथ संयुक्त बैठक की थी। उन्होंने निर्देश दिए थे कि कार्यक्रम की रूपरेखा में ग्रामीण महिलाओं का हित सर्वोपरि रहे। चयन से लेकर वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण तक प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता बरती जाए तथा पूरी प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे लिए महिलाओं का आर्थिक विकास प्रथम है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं में उद्यम चलाने की क्षमता और मेहनत करने का जज्बा है। जरूरत उन्हें सही प्रशिक्षण, तकनीकी जानकारी, बाजार और पूंजी उपलब्ध कराने की है। सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण महिलाएं केवल आजीविका चलाने तक सीमित न रहें, बल्कि सफल उद्यमी बनकर दूसरों को भी रोजगार दें।श्री मौर्य ने पूर्ववर्ती सरकारों की कार्यप्रणाली पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले 100 में 80 हमारा का नियम अपनाया जाता था।

मतदाता सूची में हर पात्र नागरिक होगा शामिल :रिणवा

प्रधानों, पार्षदों, समाजसेवियों, प्रतिष्ठित नागरिकों की लेंगे मदद

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत सम्मिलित कराने की मुहिम को अधिक से अधिक जनसहभागी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न शासकीय विभागों के साथ सामाजिक, व्यावसायिक एवं गैर सरकारी संगठनों का भी सहयोग लिये जाने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जनपदों में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों निजी क्षेत्र के औद्योगिक संस्थान, रेजिडेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन, जिला एवं तहसील बार एसोसिएशन, अधिवक्ता संगठन, नागरिक सुरक्षा संगठन, श्रमिक संगठन, व्यापारिक संगठन, चिकित्सा संघ एवं मेडिकल एसोसिएशन के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराये जायें।सार्वजनिक उपक्रमों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत पात्र कार्मिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए कार्यस्थलों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। आवासीय सोसाइटी, बहुमंजिला अपार्टमेंट एवं कॉलोनियों में आरडब्ल्यूए के सहयोग से नए निवासियों, प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज न करा पाने वाले पात्र नागरिकों का पंजीकरण कराया जाएगा। नागरिक सुरक्षा संगठनों के स्वयंसेवकों के सहयोग से नगरीय क्षेत्रों, घनी आबादी वाले मोहल्लों एवं मलिन बस्तियों में छूटे हुए पात्र नागरिकों को चिह्नित किया जाएगा। श्रमिक संगठनों के माध्यम से कारखानों, औद्योगिक क्षेत्रों एवं निर्माण स्थलों पर संगठित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का पंजीकरण कराया जाएगा। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में आवासित नागरिकों के संबंध में अच्छी जानकारी होती है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित संगठनों एवं संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए विशेष अभियान दिवसों एवं अन्य उपयुक्त अवसरों पर पंजीकरण शिविरों का आयोजन कराया जाए।

डीसीपी दक्षिणी ने बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा परखी

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। राजधानी के सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में धनतेरस, दीपावली, भाई दूज और छठ पूजा के मद्देनजर शुक्रवार को डीसीपी दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक ने पैदल गश्त की। उन्होंने गौरी और हाइडिल बाजार समेत भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। डीसीपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को त्योहारों के दौरान सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख बाजारों, दुकानों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। उन्होंने प्रमुख चौराहों और जहां जाम लगने की आशंका है, वहां यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो। बाजारों और संवेदनशील जगहों पर लगातार पैदल गश्त करने और संदिग्ध लोगों व वाहनों की जांच करने को भी कहा। डीसीपी ने ज्वेलरी शॉप, बैंक और अन्य जरूरी प्रतिष्ठानों के आसपास सतर्कता रखने के निर्देश दिए। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित करने को भी कहा। गश्त के दौरान उन्होंने व्यापारियों और आम लोगों से बात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने सुरक्षा का भरोसा दिलाया और पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति समेत कई उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

12 करोड़ की लागत से बनेगी आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी

महापौर ने किया भूमि पूजन और शिलान्यास

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। लखनऊ नगर निगम द्वारा शहर में शैक्षिक एवं सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना शुरू की जा रही है। अवस्थापना निधि के अंतर्गत जानकीपुरम प्रथम वार्ड में सेक्टर-एफ, इंजीनियरिंग कॉलेज के निकट 12 करोड़ की लागत से तीन मंजिला पब्लिक डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास कर परियोजना की शुरुआत की। शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद निशा तिवारी, मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष दिव्यांशी शुक्ला, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, मुख्य अभियंता महेश वर्मा, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, मंच संचालक सौरभ तिवारी सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। करीब एक एकड़ क्षेत्रफल में बनने वाली इस तीन मंजिला लाइब्रेरी को आधुनिक शैक्षिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें डिजिटल माध्यम से अध्ययन की सुविधा के साथ विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग स्थान तैयार किए जाएंगे। परियोजना के अंतर्गत बच्चों के लिए विशेष रीडिंग जोन और शैक्षिक एवं बौद्धिक गतिविधियों के लिए सेमिनार हॉल बनाया जाएगा। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग हॉल की व्यवस्था होगी। लाइब्रेरी में कैफेटेरिया तथा लगभग 50 वाहनों की पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।इस आधुनिक लाइब्रेरी के निर्माण से जानकीपुरम सहित आसपास के क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं और युवाओं को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। डिजिटल संसाधनों के माध्यम से उन्हें ज्ञान एवं सूचना के विभिन्न माध्यमों तक पहुंच मिलेगी। वहीं, सेमिनार हॉल और अन्य सुविधाओं के माध्यम से शैक्षिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस, इंजीनियरिंग कॉलेज और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के आसपास रहने वाले विद्यार्थियों को इस डिजिटल लाइब्रेरी से विशेष लाभ मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण, डिजिटल संसाधन और शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

व्यापारी से हुई 1.50 करोड़ रुपए की लूट के पांच आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। राजधानी के आशियाना इलाके में एक व्यापारी से हुई 1.50 करोड़ रुपए की लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने ऑपरेशन क्लीन के तहत इस वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आशियाना पुलिस भी मौजूद रही। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई रकम में से 1 करोड़ 23 लाख रुपए नकद बरामद कर लिए हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल बाइक, लूट के पैसों से खरीदी गई एसयूवी कार और अन्य सामान भी जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में दो लखनऊ और तीन गुजरात से दबोचे गए हैं। यह घटना 24 अक्टूबर 2026 को हुई थी। गुजरात के मेहसाणा के रहने वाले व्यापारी अमृत कुमार अपनी कारोबारी जरूरत के लिए भारी मात्रा में नकदी लेकर लखनऊ आए थे। 24 अक्टूबर को आशियाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद अंडरपास के पास बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया और 1 करोड़ 50 लाख रुपये लूट लिए। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर 25 अक्टूबर को आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी वारदात से पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी (मध्य) के निर्देश पर आशियाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें लगाई गईं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी सर्विलांस व साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों तक पहुंची। जांच में सामने आया कि इस वारदात को बेहद शातिर तरीके से सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दिया गया था, जिसमें अलग-अलग जगहों के अपराधी शामिल थे। पुलिस ने छापेमारी कर कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें लखनऊ से सुमित यादव उर्फ कल्लू निवासी फिरोजाबाद और सत्यम निवासी मैनपुरी, गुजरात से जय कुमार पटेल, यश कुमार और प्रज्ञेश कुमार को पकड़ा गया है।

नाबालिग को ब्लैकमेल कर धर्म-परिवर्तन का दबाव बनाने वाला गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। राजधानी के गुडम्बा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को परेशान करने, ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक बाल अपचारी को पहले ही हिरासत में लिया जा चुका है। आरोपी युवक नाबालिग पर आते-जाते समय फब्तियां कसता था। परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। 25 जून 2026 को गुडम्बा थाने में एक महिला ने तहरीर दी थी कि कुछ लोग उनकी नाबालिग बेटी को स्कूल आने-जाने के दौरान परेशान करते हैं, उस पर फब्तियां कसते हैं और डराते-धमकाते हैं। पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पीड़िता ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि आरोपी उसे फोटो और वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर रहा था। उस पर हिंदू धर्म छोडक़र मुस्लिम धर्म अपनाने और शादी करने का दबाव बनाया जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में एंटी-कनवर्जन लॉ की धाराएं भी बढ़ा दीं। गुडम्बा पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इस घटना में शामिल मुख्य आरोपी इलाके में मौजूद है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजौली पुलिया के पास से आरोपी मो सईद उर्फ चिड्डा पुत्र अब्दुल रऊफ, निवासी राजौली, थाना गुडम्बा को दोपहर करीब 1 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है और उसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

अहले अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र बोला

'ददू'-'जिया' के लाल तुम जियो हजारों साल

■हनुमान सेना के नेतृत्व में विभिन्न गाँवों ■भट्ठों पर काटा गया केक ■समाजसेवी को लोगों ने जी-भर कर दिये आशीष ■देर शाम तक चले कार्यक्रम

फर्रुखाबाद। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव, अमृतपुर विधानसभा से बीते विधानसभा में प्रत्याशी रहे डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव का 53वां जन्मदिन जिले में धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने जी-भरकर दुआएं दीं तथा अहले अमृतपुर क्षेत्र ने अपने महबूब नेता करी लम्बी उम्र की दुआएं कीं।

लोगों के दिलों में राज करने वाले जिले के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के जन्मदिन को अमृतपुर की आवाम ने खासम-खास बना दिया।

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर और उनकी टीम ने हनुमान सेना के संरक्षक का एक नहीं, दो नहीं बल्कि दर्जनों गाँवों में जन्मदिन मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने जी-भरकर वरिष्ठ सपा नेता को आशीर्वाद दिये।

अमृतपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत राजेपुर, कुतलूपुर, अमृतपुर, कक्यूली, नवाबगंज सहित तमाम स्थानों पर केक काटकर लोगों ने डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव की लम्बी उम्र की कामना की।

अमृतपुर विधानसभा विकासखंड के ग्राम राजेपुर में समरजीत सिंह चैहान के आवास पर हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में केक काटा गया। यहां भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विनीत परमार, जिला सचिव सपा, रुकमंगल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेम सिंह गहरवार, सतीश सिंह चैहान आदि मौजूद रहे। इसके बाद अमृतपुर विधानसभा की ग्रामसभा कुतलूपुर में हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में जन्मदिन मनाया गया। यहां भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विनीत परमार, जिला सचिव सपा, रुकमंगल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेम सिंह गहरवार, सतीश सिंह चैहान, कुंवर सिंह, राजेश सिंह, प्रमोद यादव, सिराजुद्दीन खान, इस्लाम खान, उजैर खान, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

अमृतपुर विधानसभा के ग्राम कुबेरपुर में केक काटा गया। यहां भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विनीत परमार, जिला सचिव सपा, रुकमंगल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेम सिंह गहरवार, सतीश सिंह चैहान, शैलेश, शिवम, दिवाकर, सोनू पाठक, मिंटू गहरवार, अमन सिंह, आशुतोष अवस्थी आदि मौजूद रहे। इसके बाद हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के आवास पर हनुमान सेना के संरक्षक डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाया गया। नवाबगंज विकास खण्ड में ग्राम वीरपुर (गौर नगर) में श्री बालाजी प्रवेश पैलेस में है हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाया गया। प्रदीप कुमार टीटू, सुमित शाक्य, विजय बहादुर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, गोरेलाल राठौर, मोहित सेंगर, संजीव कुमार सेंगर, उदय प्रताप सिंह सेंगर, राम बदन सिंह गौर, राजेश कुमार सिंह गौर, गोपाल सिंह गौर, मेघनाथ सिंह यादव, देव सिंह शाक्य, बृज किशोर सेंगर आदि मौजूद रहे।

विधानसभा अमृतपुर ग्राम सभा कक्यूली में हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में केक काटा गया। यहां भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विनीत परमार, जिला सचिव सपा, सुमित शाक्य, देव सिंह शाक्य, विजय बहादुर सिंह, रामबिहारी, उदयराज, मोहित, सतीश सिंह चैहान, राजवीर सिंह, प्रदीप, संजय लाल, चुन्नीलाल, विनोद आदि मौजूद रहे। विधानसभा क्षेत्र अमृतपुर ग्राम सभा कक्यूली के मजरा बदकिनी में हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में जन्मदिन मनाया गया। यहां भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, सुमित शाक्य, देव सिंह शाक्य, विजय बहादुर सिंह, रामबिहारी, उदयराज, मोहित, सतीश सिंह चैहान, राजवीर, संजीव, बृजपाल आदि मौजूद रहे।

विधानसभा क्षेत्र अमृतपुर के नवाबगंज में प्रदीप कुमार टीटू के आवास पर हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में समाजसेवी डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाया गया। यहां प्रदीप कुमार 'टीटू', सुमित शाक्य, इलियास मंसूरी, संजीव कुमार प्रधान, अरविंद यादव जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा, पत्रकार धनंजय यादव, रामवीर बाथम, उत्कर्ष यादव आदि मौजूद रहे। विधानसभा क्षेत्र अमृतपुर के ग्राम चांदपुर स्थित ईंट भट्ठा सहयोगियों और श्रमिकों के साथ काटकर डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाया गया। यहां सुरेंद्र सिंह गौर, पूर्व जिला सपा महासचिव इलियास मंसूरी, प्रदीप कुमार टीटू, लकी यादव, एवं ईंट भट्ठा मालिक सौरभ यादव, दिनेश यादव प्रधान आदि लोग मौजूद रहे। शमशाबाद में डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव के प्रबल समर्थक डॉ. संजय राजपूत के क्लीनिक पर केक काटा गया। शमशाबाद में ही अरविंद यादव विधानसभा अध्यक्ष कायमगंज के आवास पर केक काटा गया। दोनों कार्यक्रमों में सुरेन्द्र सिंह गौर, इलियास मंसूरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर ने कहा कि जीवन चक्र सभी का एक समान ही होता है। कहा गया है... हानि, लाभ, जीवन, मरण, यश, अपयश सब विधि हाथ... लेकिन श्रेष्ठ पुरुष अपने कर्मों से इस मायावी संसार में स्वयं का जीवन तो आसान बनाता ही है, साथ ही दूसरों की राह के काँटें निकालकर उनकी राह भी आसान बनाता है। आज 6 नवम्बर को हम ऐसे ही श्रेष्ठ पुरुष डॉ.जितेन्द्र यादव जी का जन्मदिन मना रहे हैं, जिसने स्वयं के बारे में न सोच कर परोपकार का रास्ता चुना और जरूरतमंदों की सहायता कर उन्हें कृतार्थ किया। 'ददू' 'जिया' के लाल ने अपने पैतृक गाँव हरदुआ और जनपद फर्रुखाबाद की यश पताका विश्व के कई देशों में फहरा दी। यह हम सब के लिए बेहद फख्र की बात है। फर्रुखाबाद के लाल का विदेशों में सम्मान होना हम सब के लिए गौरव की बात है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ उनका भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का हिस्सा बनना भी फर्रुखाबाद जनपद का कद बढ़ाता है। हम सबको विश्वास है भविष्य में भी वे इसी तरह हम सबका मान बढ़ाते रहेंगे। श्री गौर ने कहा कि कोरोना काल में जिस तरह डॉ.जितेन्द्र यादव ने अपनी जान जोखिम में डालकर जरूरतमंदों की मदद की, यह बात किसी से छिपी नहीं है। कँपकँपाती हाड़कँपाऊ ठण्ड में आधी रात को घर से निकलकर सड़कों के किनारे ठिठुरते लोगों को रजाई ओढ़ाकर डॉ.जितेन्द्र यादव ने मानवता की सेवा की है। डॉ.जितेन्द्र सोशल फ्रण्ट के बैनर तले किये गये समाजसेवी कार्य अतुलनीय हैं। फर्रुखाबाद की सरजमीं ऐसे समाजसेवी को पाकर धन्य हो गयी है।



आपके स्नेह का ऋणी रहूँगा : डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव



मेरे 53वें जन्मदिन को खासम-खास बनाने वाले, मुझ पर अपार स्नेह लुटाने वाले तमाम स्नेहीजनों का मैं सदैव ऋणी रहूँगा। आप सब हैं, तो मैं हूँ, मेरी ताकत आप सब लोग ही हैं, आप सबके सहयोग, आशीर्वाद के बिना मैं कुछ भी नहीं। मेरा सदैव प्रयास रहता है, मैं जरूरतमंदों की मदद कर सकूँ, अमृतपुर का विकास मेरा सपना है, जिसे आप सबकी मदद से मुझे साकार करना है। मेरी कामना है आप सभी स्वस्थ रहें, समृद्ध रहें और यूँ ही मेरा सहयोग करते रहें।



193 अमृतपुर विधानसभा विकासखंड के ग्राम राजेपुर में समरजीत सिंह चैहान के आवास पर हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में केक काटते हुए भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विनीत परमार, जिला सचिव सपा, रुकमंगल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेम सिंह गहरवार, सतीश सिंह चैहान आदि।



अमृतपुर विधानसभा की ग्रामसभा कुतलूपुर में हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में केक काटते हुए भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विनीत परमार, जिला सचिव सपा, रुकमंगल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेम सिंह गहरवार, सतीश सिंह चैहान, कुंवर सिंह, राजेश सिंह, प्रमोद यादव, सिराजुद्दीन खान, इस्लाम खान, उजैर खान, विनोद कुमार आदि।



अमृतपुर विधानसभा के ग्राम कुबेरपुर में हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में केक काटते हुए भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विनीत परमार, जिला सचिव सपा, रुकमंगल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेम सिंह गहरवार, सतीश सिंह चैहान, वीर बहादुर सिंह, रणवीर सिंह, अब्दुल हमीद, ब्रह्मपाल आदि।



अमृतपुर विधानसभा की ग्रामसभा भाऊपुर में हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में केक काटते हुए भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विनीत परमार, जिला सचिव सपा, रुकमंगल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेम सिंह गहरवार, सतीश सिंह चैहान, प्रमोद कुमार, अली मोहम्मद अल्लाह, सूर, बृजपाल आदि।



अमृतपुर विधानसभा की ग्रामसभा अमृतपुर में हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में केक काटते हुए भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, विनीत परमार, जिला सचिव सपा, रुकमंगल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेम सिंह गहरवार, सतीश सिंह चैहान, शैलेश, शिवम, दिवाकर, सोनू पाठक, मिंटू गहरवार, अमन सिंह, आशुतोष अवस्थी आदि।



शमशाबाद में कायमगंज विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अरविंद यादव के आवास पर केक काटते हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, अरविंद यादव, पूर्व सपा जिला महासचिव इलियास मंसूरी व अन्य लोग।



नवाबगंज विकास खण्ड में ग्राम वीरपुर (गौर नगर) में श्री बालाजी प्रवेश पैलेस में है हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाते प्रदीप कुमार टीटू, सुमित शाक्य, विजय बहादुर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, गोरेलाल राठौर, मोहित सेंगर, संजीव कुमार सेंगर, उदय प्रताप सिंह सेंगर, राम बदन सिंह गौर, राजेश कुमार सिंह गौर, गोपाल सिंह गौर, मेघनाथ सिंह यादव, देव सिंह शाक्य, बृज किशोर सेंगर आदि।



विधानसभा अमृतपुर ग्राम सभा कक्यूली में हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में केक काटते हुए भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, सुमित शाक्य, देव सिंह शाक्य, विजय बहादुर सिंह, रामबिहारी, उदयराज, मोहित, सतीश सिंह चैहान, राजवीर सिंह, प्रदीप, संजय लाल, चुन्नीलाल, विनोद आदि।



विधानसभा क्षेत्र अमृतपुर ग्राम सभा कक्यूली के मजरा बदकिनी में हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में केक काटते हुए भोला यादव विधान सभा अध्यक्ष, सपा के पूर्व जिला महासचिव इलियास मंसूरी, सुमित शाक्य, देव सिंह शाक्य, विजय बहादुर सिंह, रामबिहारी, उदयराज, मोहित, मेघनाथ सतीश सिंह चैहान, राजवीर, संजीव, बृजपाल आदि।



विधानसभा क्षेत्र अमृतपुर के नवाबगंज में प्रदीप कुमार टीटू के आवास पर हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में समाजसेवी डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाते प्रदीप कुमार 'टीटू', सुमित शाक्य, इलियास मंसूरी, संजीव कुमार प्रधान, अरविंद यादव जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा, पत्रकार धनंजय यादव, रामवीर बाथम, उत्कर्ष यादव आदि।



विधानसभा क्षेत्र अमृतपुर के ग्राम चांदपुर स्थित ईंट भट्ठा सहयोगियों और श्रमिकों के साथ काटकर डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाया गया। हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में पूर्व जिला सपा महासचिव इलियास मंसूरी, प्रदीप कुमार टीटू, लकी यादव, एवं ईंट भट्ठा मालिक सौरभ यादव, दिनेश यादव प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।



शमशाबाद में डॉक्टर संजय राजपूत की क्लीनिक पर डॉ० जितेन्द्र सिंह यादव के जन्मदिन के अवसर पर केक काटते डॉ० संजय राजपूत, सुरेन्द्र सिंह गौर, पूर्व जिला सपा महासचिव इलियास मंसूरी व अन्य लोग।

धनतेरस पर फाइनेंस कंपनियों ने बाइक व मोबाइल बिक्री में लगाए पंख, बंपर बिक्री

दिवाली पर सजावट, बर्तन व सोने चांदी के आभूषण की बिक्री न के बराबर, दुकानदार परेशान

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।



दिवाली के त्यौहार पर बाढ़ और बारिश से नष्ट हुई खरीफ फसलों का असर साफ दिखाई दे रहा है। बाजार में बिजली और आर्टिफीशियल फूलों की सजावट और उपहार की दुकानें सजी हुईं हैं,किंतु ग्राहक नहीं है। किंतु फाइनेंस कंपनियों की मेहरबानी से बाइक एजेंसियों और मोबाइल की दुकानों पर ग्राहकों का मेला लगा हुआ है। दैवीय आपदा में नष्ट हुई खरीफ फसलों से क्षेत्र के अधिकांश किसानों के हाथ खाली हैं। सरकार की घोषणा के बाद भी बाढ़ और बारिश में नष्ट हुई फसलों का मुआबजा बमुश्किल से एक प्रतिशत किसानों को ही मिल सका है। ऊपर से भीषण महंगाई में किसानों के सामने रबी फसलों की बुवाई के लिए जुताई,खाद,बीज आदि की समस्या मुंहबाए खड़ी है। ऐसे में दिवाली के त्यौहार पर आमजन का दिवाला निकल गया है। जब किसानों का हाथ खाली है तो दुकानदारों की बिक्री कैसे होगी ? दुकानदारों ने त्यौहार पर बड़ी उम्मीदों से बिक्री के लिए माल लगाया। दुकानें आकर्षक ढंग से सजाई गईं हैं। किंतु दुकानों पर इक्का दुक्का ग्राहक ही आ रहे हैं। जो ग्राहक आते हैं,वे भी माल देखकर मोलभाव करके बहुत महंगा है,कहकर आगे बढ़ जाते हैं। जिससे दुकानदारों में मायूसी छाई हुई है। धनतेरस पर सोना चांदी और बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। बर्तन और सराफा व्यापारी सुधीर गुप्ता कहते हैं कि सोने चांदी के आभूषण की बिक्री धनतेरस के दिन भी न के बराबर है। बर्तनों में स्टील के चम्मच और गिलास खरीदकर ग्राहक रस्म अदायगी कर रहे हैं। मिठाई की दुकानें भी सजी हुईं हैं। मिठाई विक्रेता अंकुश गुप्ता कहते हैं कि धनतेरस के दिन बिक्री नहीं हो रही है। दिवाली और भैयादूज पर बिक्री होने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्र की बाइक एजेंसी और मोबाइल दुकानों पर फाइनेंस कंपनियों की मेहरबानी से ग्राहकों का मेला लगा हुआ है। कुशवाहा हीरो एजेंसी के स्वामी वीरेन्द्रपाल सिंह कुशवाहा और अपडेट मोबाइल सेंटर के स्वामी पिंटू गुप्ता विक्रेता कहते हैं,उनके व्यवसाय को फाइनेंस कंपनियों ने पंख लगा दिए हैं। युवापीढ़ी बाइक और मोबाइल की दीवानी है। युवा फाइनेंस कम्पनियों की मेहरबानी से पांच हजार रुपए जमा करके कोई भी मोबाइल और बाइक ले जा रहे हैं।

नकाशा बाजार में 15 से शुरू होगी रामलीला, 29 को होगा रावण दहन

सिंधौली, शाहजहांपुर। कस्बे के नकाशा बाजार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामलीला मेले का आयोजन किया जाएगा। 15 नवंबर दिन रविवार से रामलीला का मंचन शुरू होगा, जो 29 नवंबर तक चलेगा। मेले को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। रामलीला मैदान में मंच सजाने के साथ ही मेले में आने वाले दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामाधार सिंह यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सुबह गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम सात बजे से रामलीला का मंचन शुरू होगा। रामलीला में कलाकार भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी विभिन्न लीलाओं का मनमोहक मंचन करेंगे। 29 नवंबर को रावण दहन के साथ रामलीला महोत्सव का समापन होगा। मेले में आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, सर्कस और अन्य आकर्षण की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसके साथ ही मेले में खानपान और अन्य सामान की दुकानें भी सजेंगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। रामलीला के सफल आयोजन में वासुदेव मिश्रा, वीरपाल सिंह यादव, सुरेंद्रपाल जिला पंचायत सदस्य छोटेलाल पांडेय, मोहन मिश्र टेनी सहित रामलीला कमेटी के सदस्यों का विशेष सहयोग रहेगा।

नायरा पेट्रोल पंप के पास कार-बाइक की भिड़ंत, दो लोग गंभीर घायल



समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।

थाना क्षेत्र में नायरा पेट्रोल पंप के समीप बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे कार और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क किनारे बाइक से गिरकर बेहोश हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी रविंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उनकी जेब से ऐसा कोई दस्तावेज या वस्तु नहीं मिली, जिससे उनकी पहचान हो सके। बताया जा रहा है कि कार पुवायां की ओर जा रही थी। वहीं बाइक सवार दोनों लोग कहां जा रहे थे, इसकी जानकारी नहीं हो सकी। हादसे के बाद दोनों घायल सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़े थे। कोतवाल रविंद्र सिंह ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस घायलों की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

- सीओ ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त

सिंधौली-शाहजहांपुर। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को थाना सिधौली परिसर में क्षेत्राधिकारी पुवायां ने पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में हुई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं पीस कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। क्षेत्राधिकारी ने सभी से त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सूचनाएं प्रसारित करने से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।



महमदपुर में नवनिर्मित एम-पैक्स गोदाम का हुआ उद्घाटन

- जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने फीता काटकर किया शुभारंभ
- किसानों को दी गई बैंकिंग व कृषि संबंधी जानकारी

समृद्धि न्यूज, सेहरामऊ दक्षिण शाहजहांपुर।



सेहरामऊ दक्षिणी के गांव महमदपुर में नवनिर्मित बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति (एम-पैक्स) के गोदाम का शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। गोदाम शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को खाद सहित अन्य कृषि संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर एम-पैक्स खाद बिक्री केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में बैंक सचिव सौरभ द्विवेदी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने किसानों को बैंक के माध्यम से कृषि, खाद तथा अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारियां दीं। साथ ही सहकारी बैंक से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के गणमान्य लोगों भरत सिंह, ध्रुव सिंह और अभिराम त्रिवेदी ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, बैंक सचिव सौरभ द्विवेदी, एम-पैक्स के सभापति हरिकेश परमार तथा एडीओ भावलखेड़ा अनिल कुमार सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभी को गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के किसान, समिति के सदस्य और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बिना बारिश के ही नालों का गंदा पानी सड़कों पर, राहगीर परेशान

- धनतेरस के दिन आदर्श नगर कॉलोनी के बल्लियां मोड़ पर जलभराव से दुकानदारों की बढ़ी मुश्किलें

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



नगर निगम के वार्ड नंबर 18 स्थित आदर्श नगर कॉलोनी के बल्लियां मोड़ पर जलनिकासी सफाई व्यवस्था की बदहाली के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिना बारिश के ही नाले गंदे पानी से लबालब भरे हुए हैं। धनतेरस के दिन नालों का गंदा पानी सड़कों पर भर जाने से राहगीरों और दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। त्योहार के चलते बाजार में खरीदारी करने के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ी हुई थी। ऐसे में सड़क पर भरे गंदे पानी के कारण राहगीरों को निकलने में परेशानी हुई। वहीं दुकानों के सामने गंदा पानी जमा होने से दुकानदारों को भी ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने की चिंता सताती रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों की नियमित सफाई नहीं होने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या बनी हुई है। बिना बारिश के ही सड़कों पर गंदा पानी भरना नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से नालों की तत्काल सफाई कराने और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

हातिम अली शाह मियां के उर्स शरीफ में सजी कुल शरीफ की महफिल

- मुल्क में अमन-चैन की मांगी गई दुआ

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।



नगर के सूफी संत हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां के सालाना उर्स शरीफ के अवसर पर कुल शरीफ की रूहानी महफिल अकीदत और एहतराम के साथ सजाई गई। महफिल में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर फातिहा पढ़ी और हजरत की बारगाह में अपनी अकीदत का नजराना पेश किया। कुल शरीफ की महफिल के दौरान जब दुआ के लिए हाथ उठे तो पूरा माहौल रूहानियत से सराबोर हो गया। मौलाना इरशाद हुसैन ने अपनी तकरीर में अल्लाह के नेक और वलियों की जिंदगी से सबक लेने, इंसानियत की खिदमत करने, आपसी भाईचारा कायम रखने और मोहब्बत का पैगाम आम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सूफिया-ए-किराम ने हमेशा मोहब्बत, अमन, इंसानियत और आपसी सद्भाव का रास्ता दिखाया है। महफिल में नात-ए-पाक का नजराना पेश करते हुए मोहम्मद रजा बरकाती और शाद मन ने अपने कलाम से समां बांध दिया। उनकी पुरअसर आवाज और खूबसूरत अंदाज में पेश की गई नात शरीफ से महफिल गुलजार हो उठी। अकीदतमंदों ने नात के अशआर पर भरपूर दाद दी। मौलाना वकार उलहात्मी ने शिजरा पढ़ा और दुआ की अंत में मुल्क की तरक्की, खुशहाली, आपसी भाईचारे, अमन-चैन और कौम की बेहतरी के साथ-साथ तमाम लोगों की सलामती के लिए खास दुआ की गई। कुल शरीफ की महफिल में शामिल अकीदतमंदों ने एक-दूसरे को उर्स की मुबारकबाद पेश की। इस मौके पर कलियर शरीफ से तशरीफ लाए फैसल मियां साबरी, काजी शहर मोहम्मद अकरम सलीम, मोहम्मद हुसैन उर्फ अच्छन मियां, सैयद इफ्तिखार अली, शहरी इमाम मोहम्मद स्वालेह, राहत उल्ला खान, बिलाल खान, शाहिद , चांद साबरी, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

रोजा थाने में व्यापारियों के साथ थानाध्यक्ष ने की बैठक

- त्यौहार माहौल बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील

समृद्धि न्यूज, रोजा-शाहजहांपुर।



त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को शाहजहांपुर के रोजा परिसर में क्षेत्र के व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने व्यापारियों से संवाद कर त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की। बैठक में थानाध्यक्ष ने व्यापारियों से बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, दुकानों के आसपास साफ-सफाई रखने तथा आवागमन व्यवस्था सुचारु बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए, इसके लिए सभी लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने व्यापारियों को संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी तरह की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। बैठक में आपसी समन्वय और सहयोग के माध्यम से त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने तथा क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

सीडीओ-एडीएम वित्त ने जनगणना कार्मिकों से किया संवाद

शाहजहांपुर। तहसील पुवायां के स्वामी विवेकानंद डिग्री कॉलेज में जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी तथा एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने जाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे, कार्मिकों को जनगणना के बारें में जानकारी दी।अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना कार्य के महत्व, उसकी उपयोगिता एवं जिम्मेदारियों के प्रति मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों एवं प्रेरणादायी उद्बोधन से सभी प्रशिक्षणार्थियों को नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त हुई। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए उनका मार्गदर्शन निश्चित रूप से हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान नगर पालिका परिषद ईओ कल्पना शर्मा, शिक्षिका पल्लवी वर्मा आदि मौजूद रहे।

पुवायां की सेवा बस्ती में सेवा भारती ने बांटे खुशियों के दीप

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।



दीपावली पर सेवा भारती शाहजहांपुर ग्रामीण के कार्यकर्ताओं ने पुवायां की सेवा बस्ती में वंचित परिवारों के साथ दीपोत्सव मनाया।

आरएसएस के स्वयंसेवकों ने झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों को पूजन सामग्री व उपहार भेंट किए। किट में मिट्टी के दीपक, तेल, बाती, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, मिष्ठान, खील-बताशे, वंदनवार, बच्चों के लिए फुलझड़ी-पटाखे और पुताई के लिए चूना-गेरू शामिल था। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। जिला प्रचारक चंद्रशेखर ने कहा कि समाज एक परिवार है और अंतिम व्यक्ति की दहलीज पर खुशियों का दीप जलना ही सच्ची दीपावली है। जिला मंत्री मुनेश शुक्ला ने कहा कि त्योहार का असली आनंद वंचितों को सहभागी बनाने में है। इस दौरान प्रमोद गुप्ता, अधिवक्ता राजेश वैश्य, सोमदेव, राकेश, विष्णु, अजय, विजय, राहुल, रोहित सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जीआईसी में एआरपी परीक्षा आयोजित



शाहजहांपुर। जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षकों में एआरपी पद पर चयन के लिए जीआईसी में परीक्षा का आयोजन कराया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी जय शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में एआरपी के लिए परीक्षा कराई गई है। जिले में 80 पदों के सापेक्ष 57 एआरपी कार्यरत हैं, जिसमें 23 पद रिक्त चल रहे थे। परीक्षा के लिए 92आवेदन आए थे, 80 लोगो ने एआरपी के लिए परीक्षा दी है। एक दो दिन में रिजल्ट आ जाएगा। परीक्षा केंद्र का सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, डीआईओएस हरिवंश कुमार, बीएसए, जिला समन्वयक प्रशिक्षण आदि मौजूद रहे।

मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसो. ने 501 दीप प्रज्ज्वलित कर मनाई दीपावली, शहीदों को किया नमन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के छात्र-छात्राओं ने ए.बी. रिच (मिशन स्कूल) इंटर कॉलेज के प्रांगण में दीप प्रज्ज्वलित कर दीपावली का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर के साथ-साथ ताइक्वांडो ग्राउंड को भी आकर्षक ढंग से दीपों से सजाया गया। पूरे परिसर में 501 दीप प्रज्ज्वलित कर प्रकाशोत्सव मनाया गया। दीपों की जगमगाहट से विद्यालय परिसर का वातावरण अत्यंत मनमोहक एवं उत्साहपूर्ण हो गया। इस अवसर पर परिसर में स्थापित महान क्रांतिकारी अमर शहीद अशफाक उल्ला खाँ एवं रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमाओं के समक्ष भी दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा देश की आजादी के लिए उनके अमूल्य योगदान और सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव एवं अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो मास्टर डॉ. पुनीत मनीषी ने भगवान श्री गणेश एवं माता लक्ष्मी का विधिवत पूजन-अर्चन कर किया। उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके उपरांत सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। बच्चों ने आतिशबाजी एवं पटाखे चलाकर दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। हमें इस पर्व को आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और सेवा भावना के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमर शहीद अशफाक उल्ला खाँ एवं रामप्रसाद बिस्मिल का जीवन हमें राष्ट्रप्रेम, एकता, आपसी सद्भाव और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। इन महान क्रांतिकारियों की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करना उनके प्रति हमारी श्रद्धा एवं कृतज्ञता का प्रतीक है। हमें अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति, संस्कारों और देश के महान वीरों के इतिहास से निरंतर परिचित कराते रहना चाहिए। कार्यक्रम में एसोसिएशन की कोच निशा, अलकमा, खुशबू, किरण, शिवानी एवं अविका श्रीवास्तव मनीषी सहित सभी छात्र-छात्राओं के माता-पिता उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के साथ मिलकर दीपावली की खुशियां मनाईं और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास, उत्साह, आपसी सौहार्द एवं राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ हुआ।

जनगणना: द्वितीय चरण प्रशिक्षण का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण जनसंख्या की गणना के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जनपद के विभिन्न स्थानों पर निरंतर गतिमान है।इसी क्रम में सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी व एडीएम वित्त अरविन्द कुमार ने तहसील पुवायां, नगर पालिका परिषद पुवायां के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एडीएम वित्त ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जाए। प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना की प्रक्रिया, निर्धारित दायित्वों एवं कार्यप्रणाली की समुचित जानकारी दी जाए, ताकि जनगणना का कार्य निर्धारित समयावधि में शुद्धता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को उनके दायित्वों के प्रति भली-भांति प्रशिक्षित करने के निर्देश भी दिए। प्रदेश में जनगणना के द्वितीय चरण का कार्य 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 के मध्य संपन्न होना है। इससे पूर्व स्वगणना का कार्य 16 नवम्बर 2026 से 30 नवम्बर 2026 तक किया जाएगा। स्वगणना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी एवं अपने परिवार के समस्त सदस्यों की स्वगणना स्वयं आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से कर सकता है। जनगणना के कार्य को सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए जनपद में कुल 21 चार्ज बनाए गए हैं। प्रत्येक तहसील एवं सांविधिक नगर को स्वतंत्र रूप से एक चार्ज के रूप में चिह्नित किया गया है।प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण चार बैच में प्रस्तावित है। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 27 से 29 दिसंबर तक, द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक, तृतीय बैच का प्रशिक्षण 5 से 7 नवम्बर तक तथा चतुर्थ बैच का प्रशिक्षण 12 से 14 नवम्बर तक संपादित किया जाएगा।

जनपद में जनगणना कार्य के लिए 7182 प्रगणना ब्लॉक निर्धारित किए गए हैं, जिनके लिए 5761 प्रगणक एवं 941 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। जनगणना कार्य को समयबद्ध, व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से संबंधित कार्मिकों को आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं।इस अवसर पर एसडीएम सदानंद सरोज,तहसीलदार पुवायां अंग राज सिंह, अधिशाषी अधिकारी कल्पना, खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार एवं स्टेट मास्टर ट्रेनर जनगणना अनूप कुमार वर्णवाल, महाविद्यालय प्राचार्य मोहित निगम जी उपस्थित थे।

महापौर ने किया नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश



शाहजहांपुर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर महापौर अर्चना वर्मा ने शुक्रवार सुबह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी वार्डों में नियमित सफाई, कूड़ा उठान व निस्तारण प्रभावी रखा जाए। प्रमुख मार्गों, बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने को कहा ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। महापौर ने सफाई में लापरवाही न बरतने और नियमित निगरानी के निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त व नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

वाणिज्य विभाग में नवीन पाठ्यक्रम पर हुई कार्यशाला

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में बी.बी.ए. और बी.कॉम. के नवीन पाठ्यक्रमों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन कुलपति प्रो0 पी0बी0 सिंह ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम परिणाम आधारित होने चाहिए और छात्रों को विषय के सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त होना चाहिए। वाणिज्य एवं व्यावसायिक प्रशासन संकाय के अध्यक्ष प्रो0 देवेन्द्र सिंह ने प्रतिभागियों को बताया कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए बी.बी.ए. का नवीन पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जिसमें सैद्धान्तिक प्रश्नपत्रों के साथ-साथ कौशल विकास संबंधी विषयों को भी सम्मिलित किया गया है। डॉ. सिंह ने बी.कॉम. के पाठ्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि अंकात्मक प्रश्नपत्रों को प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर में रखा गया है ताकि छात्रों को उनका विस्तृत एवं व्यावहारिक ज्ञान हो सके। अतः वित्तीय लेखांकन का प्रश्नपत्र जोकि पूर्व में द्वितीय सेमेस्टर में पढ़ाया जाता था अब प्रथम सेमेस्टर में पढ़ाया जायेगा। इसके स्थान पर व्यावसायिक संगठन का प्रश्नपत्र जोकि पहले प्रथम सेमेस्टर में पढ़ाया जाता था अब द्वितीय सेमेस्टर में पढ़ाया जायेगा। उन्होंने बताया कि बी.बी.ए. तथा बी.कॉम. के समस्त अंकात्मक प्रश्नपत्रों की परीक्षा में सामान्य कैलकुलेटर के प्रयोग की अनुमति प्रदान की गयी है। कार्यशाला के संयोजक प्रो0 अनुराग अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि सभी प्रश्नपत्र 100 अंकों के होंगे जिनमें से महाविद्यालयों द्वारा 20 अंकों की आन्तरिक परीक्षा और 10 अंकों की व्यवहारिक परीक्षा ली जायेगी। विश्वविद्यालय द्वारा 70 अंकों की परीक्षा ली जायेगी। डॉ. अग्रवाल ने बी.कॉम. ऑनर्स और बी.कॉम. कम्प्यूटर के नवीन पाठ्यक्रम को स्पष्ट करते हुए बताया कि पूर्व में यह पाठ्यक्रम वार्षिक आधार पर चलते थे किन्तु अब यह सेमेस्टर प्रणाली पर संचालित होंगे। उन्होंने बताया कि वाणिज्य स्नातक के सभी पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सम्मिलित करने का प्रयास किया गया है ताकि विद्यार्थियों को अद्यतन ज्ञान प्राप्त हो सके। कार्यशाला में विश्वविद्यालय परिसर से अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. कमलेश गौतम, व्यवसाय प्रशासन विभाग से अंकित अवस्थी, जी.एफ. कॉलेज से डॉ. पुनीत मनीषी, डॉ. शहाब हुसैन तथा डॉ. अनमोल सक्सेना, आर्य महिला कॉलेज से डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. आशीष गोयल और डॉ. मृदुल शुक्ला, सन इन्स्टीट्यूट से हरप्रीत सिंह, लक्ष्य इन्स्टीट्यूट से शोभित कुमार और सिफा नाज़, स्वामी विवेकानन्द कॉलेज, पुवायाँ से डॉ. मोहित निगम और डॉ. एस. के. वर्मा, विटोली देवी कॉलेज खुटार से नफीज अहमद, सत्यपाल सिंह महाविद्यालय से अशोक कुमार, सुभद्रा देवी मूलाराम महाविद्यालय निगोही से विदेशपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में कुलपति प्रो0 पी0बी0 सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये। सभी सहभागियों ने विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित नवीन पाठ्यक्रमों को वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप उचित बताया तथा इसी सत्र से लागू किये जाने का स्वागत किया। कार्यशाला के आयोजन में डॉ. संतोष प्रताप सिंह, डॉ. सचिन खन्ना, डॉ. अपर्णा त्रिपाठी, निश्चय शुक्ला, अमित कुमार, नीरज कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

पटाखा दुकानदारों को गाइडलाइन का करना होगा कड़ाई से पालनः रजनीकांत

- सिटी मजिस्ट्रेट ने जारी किए 120 अस्थायी लाइसेंस

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



दीपावली पर्व को लेकर जनपद में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखा बाजार सज चुके हैं।इसको लेकर जिला प्रशासन ने पटाखा दुकानदारों को गाइडलाइन का पालन करनज को सख्त दिशा निर्देश दिए है। जिले में पटाखों की अस्थायी दुकानें लगाने की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। इसके तहत सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत की ओर से सदर तहसील क्षेत्र में पटाखों की दुकानों के लिए 120 अस्थायी लाइसेंस जारी किए गए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ने लाइसेंसधारक दुकानदारों को निर्धारित गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि पटाखों की दुकानों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए। प्रत्येक दुकान पर आग बुझाने के लिए पानी, बालू और अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखी जाए। दुकानों के बीच निर्धारित दूरी बनाए रखने के साथ ही ज्वलनशील पदार्थों को आसपास नहीं रखा जाए। बिजली की खुली तारों और किसी भी तरह के आग के खतरे से बचाव के इंतजाम भी सुनिश्चित किए जाएं। दुकान परिसर में धूम्रपान और आग जलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। सिटी मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर दुकानों का निरीक्षण करने और सुरक्षा मानकों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। वहीं तहसील स्तर पर पटाखों की दुकानों के अस्थायी लाइसेंस संबंधित एसडीएम की ओर से जारी किए गए हैं। वहां भी लाइसेंसधारकों को सभी निर्धारित सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

भाकियू चढ़ूनी ने दिया अल्टीमेटम अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।

- आज पुतला दहन व चक्का जाम की चेतावनी

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है। जिला अध्यक्ष भारत सिंह यादव की ओर से 6 नवंबर को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी पुवायां के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि संगठन की समस्याओं को लेकर करीब 30 दिन से डाक बंगला परिसर में शांतिपूर्ण धरना चल रहा है। 4 नवंबर को उपजिलाधिकारी व सीओ से वार्ता में ग्राम बद्रीपुर हदीरा के कार्यकर्ता नरवेश कुमार के मंदिर से अवैध कब्जा हटाने पर सहमति बनी थी। यह भी तय हुआ था कि बनाई जाने वाली टीम में कानूनगो चंद्रिका प्रसाद को शामिल नहीं किया जाएगा, क्योंकि उन पर पक्षपात का आरोप है। इससे पहले मंदिर की जमीन की नाप में कार्यकर्ता के खेत की जगह नहीं फंसी थी और चिह्नीकरण कर ईंटें रखवा दी गई थीं। आरोप है कि 5 नवंबर को जब नायब तहसीलदार अमित कुमार जेसीबी से विपक्षी का अतिक्रमण हटाने पहुंचे, तो विवादित कानूनगो चंद्रिका प्रसाद भी पहुंच गए और पक्षपात कर पूर्व में चिह्नित जगह में हेरफेर करा दिया। कार्यकर्ता के खेत की बोरिंग को मिट्टी से पटवा दिया और इंजन को उठाकर दूर फेंक दिया। इस घटना से जिले भर के कार्यकर्ताओं में रोष है। यूनियन ने मांग की है कि गलत तरीके से पटवाई गई बोरिंग को खुलवाकर इंजन उसी जगह रखवाया जाए और नायब तहसीलदार, कानूनगो व लेखपाल देशदीपक वर्मा और प्रदीप कुमार वर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए। चेतावनी दी गई है कि मांग पूरी न होने पर 7 नवंबर को राजीव चौक पर नायब तहसीलदार व कानूनगो का पुतला दहन कर धरना-प्रदर्शन व चक्का जाम किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस-प्रशासन की होगी। जिला अध्यक्ष भारत सिंह यादव, नरवेश कुमार, सोनवीर मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के साथ बैठक आयोजित

- मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विधान सभा तिलहर के ब्लॉक ऑफिस में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए सर्वप्रथम प्रत्येक परिवार का परिवारवार शजरा तैयार किया जाए, जिसमें परिवार के सदस्यों की आयु, वैवाहिक स्थिति, शिफ्टेड एवं अन्य संबंधित विवरण अंकित किए जाएं। इसके उपरांत पात्र नए मतदाताओं के नाम फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में शामिल किए जाएं तथा अपात्र एवं मृतक मतदाताओं के नाम नियमानुसार फॉर्म-7 के माध्यम से हटाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ नियमित बैठक कर कार्यों की समीक्षा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम सभा की मतदाता सूची का विधानसभा की मतदाता सूची से मिलान किया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का पंजीकरण कम है, वहां विशेष रूप से बीएलओ की सूची का सत्यापन किया जाए। एसआईआर के दौरान जिन बूथों पर महिलाओं के नाम अधिक संख्या में काटे गए हैं, उनका पुनः गहनता से परीक्षण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई व्यक्ति दो अलग-अलग फॉर्म भरकर दो स्थानों पर अपना नाम दर्ज कराने का प्रयास करता है, तो ऐसे प्रकरण में नियमानुसार तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जाए। यदि कोई महिला किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज है, तो उसका नाम स्थानांतरित कराने के लिए फॉर्म-8 भरवाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सुपरवाइजर विशेष रूप से यह सुनिश्चित करें कि एक ही परिवार के कुछ सदस्यों के नाम एक बूथ पर तथा अन्य सदस्यों के नाम दूसरे बूथ पर दर्ज न रहें। ऐसे मामलों में फॉर्म-8 के माध्यम से आवश्यक संशोधन कराते हुए परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही बूथ पर रखने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि दिनांक 12 नवंबर तक ड्राफ्ट मतदाता सूची का गहनता से परीक्षण कर लें। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम गलत तरीके से दर्ज अथवा छूटने न पाए। सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर तत्काल संबंधित सुपरवाइजर को अवगत कराते हुए उसका निस्तारण कराया जाए।

घरेलू कलह के बाद युवक ने उठाया आत्मघाती कदम, इलाज के लिए ले जाते समय मौत

समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।

कस्बे के पटवा वार्ड में गुरुवार सुबह घरेलू विवाद के चलते एक युवक की जान चली गई। बताया जा रहा है कि विकास गुप्ता (पुत्र अशोक गुप्ता) का किसी बात को लेकर अपने भाई से विवाद हो गया था। इसके कुछ समय बाद उसने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की हालत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन में परिवार के लोग उसे नजदीकी निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन उसे लेकर शाहजहांपुर के लिए निकले, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। युवक की मौत की सूचना घर पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से मोहल्ले के लोग भी स्तब्ध हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी लोकेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

- भाई से विवाद के बाद विषाक्त पदार्थ का सेवन करने की बात आई सामने, परिवार में मचा कोहराम

अम्बेडकर पार्क व नपा की सरकारी भूमि पर धड़ल्ले से हो रहे पक्के निर्माण, आखिर भू-माफियाओं पर कब चलेगा प्रशासन का बुलडोजर

पलियाकलां (लखीमपुर खीरी)।

- गरीबों की झोपड़ी पर तत्काल कार्रवाई करने वाला प्रशासन बड़े कब्जाधारियों के सामने क्यों मौन ?
- लेखपाल से लेकर उच्च अधिकारियों तक जानकारी होने के बावजूद सरकारी जमीनों पर कब्जे के आरोप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराने और अवैध निर्माण पर बुलडोजर कार्रवाई के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन पलिया नगर में इन दावों की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर के अम्बेडकर पार्क और नगरपालिका दर्ज तालाब, तलैया की भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जे कर पक्के निर्माण किए जाने का मामला लगातार चर्चा में है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर किन लोगों की सरपरस्ती में सरकारी जमीनों पर कब्जे और पक्के निर्माण हो रहे हैं? स्थानीय स्तर पर लेखपाल से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों तक को इन जमीनों की स्थिति की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? आरोप तो यहां तक हैं कि कुछ कर्मचारी सरकारी भूमि के वास्तविक रिकॉर्ड और नक्शे को ही प्रभावित करने में जुटे हैं, जिससे भू-माफियाओं को फायदा मिल सके। हैरानी की बात यह है कि यदि कोई गरीब व्यक्ति सरकारी या विवादित भूमि पर छोटी-सी झोपड़ी बना लेता है तो प्रशासनिक अमला पुलिस फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर पहुंच जाता है, लेकिन जब बड़े स्तर पर सरकारी जमीनों पर कब्जे और पक्के निर्माण की शिकायतें सामने आती हैं तो जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी क्यों साध लेते हैं? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुलडोजर नीति का असर आखिर पलिया के कथित भू-माफियाओं पर क्यों दिखाई नहीं दे रहा है? क्या इन कब्जाधारियों को किसी प्रभावशाली व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है या फिर विभागीय मिलीभगत के चलते कार्रवाई से परहेज किया जा रहा है? अब जरूरत है कि जिला प्रशासन पूरे मामले का निष्पक्ष संज्ञान लेते हुए अम्बेडकर पार्क और नगरपालिका दर्ज तालाब-तलैया की भूमि की राजस्व अभिलेखों के आधार पर पैमाइश कराए। अवैध कब्जों की पुष्टि होने पर बिना किसी भेदभाव के निर्माण हटाए जाएं और यदि विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई हो। सवाल साफ है–सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के लिए अलग कानून क्यों? गरीबों पर बुलडोजर और बड़े भू-माफियाओं पर खामोशी आखिर कब तक?

नेपाल सीमा से सटे पलिया तराई क्षेत्र में चिप्पड़ के नशे का बढ़ता कारोबार

लखीमपुर(खीरी)।

- किशोरों और युवाओं का भविष्य खतरे में
- चंद रुपयों में मिलने वाली नशे की पुड़िया युवाओं को बना रही नशे का आदी

नेपाल सीमा से सटे तराई क्षेत्र में चिप्पड़ के नाम से बिकने वाले नशीले पदार्थ का कारोबार चिंता का विषय बना हुआ है। आसानी से उपलब्ध होने वाला यह नशा किशोरों और युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। शुरुआत में शौक और दोस्तों की संगत में इसके कश लगाने वाले युवा धीरे-धीरे इसके आदी होते जा रहे हैं। नशे के कम उम्र के किशोर भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। गलत संगत और नशे के कारोबारियों का जाल युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर धकेल रहा है। ऐसे में पुलिस और संबंधित विभागों के सामने इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की बड़ी चुनौती है। जरूरत है कि नशे के छोटे विक्रेताओं के साथ-साथ इसके पीछे सक्रिय बड़े कारोबारियों और सप्लाई नेटवर्क की भी जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सके।

नेपाल सीमा से सटे पलिया कलां के इलाकों में इसकी उपलब्धता और कथित अवैध बिक्री को लेकर समय-समय पर शिकायतें भी उठती रही हैं।सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कारोबारी पहले मुफ्त में नशा कराकर युवाओं को इसकी लत लगाते हैं और बाद में उन्हें नियमित ग्राहक बना लेते हैं। बताया जाता है कि गांजे को रासायनिक पदार्थों के साथ मिलाकर अधिक नशीला रूप देने के बाद इसकी छोटी-छोटी पुड़िया तैयार की जाती हैं,।

दीपावली उत्सव पर भजन की स्वर लहरियों व रंगोली की छटा से सजा विद्यालय परिसर

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज (यूपी बोर्ड) में दीपावली अवकाश से पूर्व आज प्रातः दीपावली उत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वंदना मंच से दीपावली के पावन अवसर पर प्रस्तुत भक्तिमय भजनों के साथ हुआ। भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगोली का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।

आकर्षक रंगोलियों से विद्यालय परिसर दीपोत्सव के रंग में सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य श्री आशीष मोहन जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दीपावली पर्व की भारतीय परंपराओं तथा सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने का आह्वान किया। इसी क्रम में विद्यालय के आचार्य श्री अजय जी ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए दीपावली पर्व के महत्व, भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन तथा इस पर्व से मिलने वाले आदर्शों एवं जीवन मूल्यों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को आपसी प्रेम, सौहार्द एवं सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान तथा निराशा से आशा की ओर अग्रसर होने का पर्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से सुरक्षित एवं प्रदूषणमुक्त दीपावली मनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के साथ ही आज से विद्यालय में दीपावली का अवकाश प्रारम्भ हो गया।

कार्यालय नगर पंचायत काँट, जनपद - शाहजहाँपुर

पत्रांकः-928 /न0पं0 काँट / नि0का0/2026-27 दिनांक 05.11.2026

निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत काँट, जनपद - शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में आकांक्षी नगर योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु दिनांक 27.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 26.11.2026 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा करके क्रय किये जा सकते है । प्राप्त निविदा दिनांक 28.11.2026 को अपरान्ह 04 बजे अपर जिलाधिकारी कार्यालय में खोली जायेगी। शेष निविदा दिनांक 28.11.2026 को कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश होने की दशा में अलगे कार्य दिवस को निविदायें खोली जायेगीं । आगणन व अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय में किसी कार्य दिवस में देखे जा सकते हैं।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित/आगणन राशि	धरोहर धनराशि 10%	निविदा मूल्य जिसमें जी.एस.टी. मूल्य 18 प्रतिशत सम्मिलित है।	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	वार्ड नं0-03 प्रहलादपुर-प्रथम में सबीब एवं ताहिर के मकान से अमरपाल के मकान तक नाली का निर्माण कार्य।	4,15,231.12	41,550.00	415+75=490	एक माह
2	वार्ड नं0-04 नवीपुर-प्रथम में ओमवती के मकान से शिव मन्दिर तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	8,32,777.73	83,300.00	833+150=983	एक माह
3	वार्ड नं0-04 नवीपुर-प्रथम में अजीत के मकान से प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाले रास्ते पर तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	8,34,142.86	83,500.00	834+150=984	एक माह
4	वार्ड नं0-04 नवीपुर-प्रथम में मुकेश के मकान से उच्च प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाले रास्ते पर तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	8,32,550.55	83,300.00	833+150=983	एक माह
5	वार्ड नं0-07 गढ़ीपूर्वी-द्वितीय में परमेश्वर की दुकान के सामने से सोहरा बाब देव स्थान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	8,10,144.24	81,050.00	810+146=956	एक माह

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत काँट, शाहजहाँपुर

प्रशासक
नगर पंचायत काँट, शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी में पारदर्शिता


किसी भी व्यक्ति को हिरासत में लेने और उसकी गिरफ्तारी को दर्शाने के समय को लेकर पुलिसिया कार्रवाई के बारे में अक्सर सवाल उठते रहे हैं। दरअसल, यह व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार होने के बावजूद, इसकी अनदेखी की जाती रही है। यही वजह है कि अब इस मामले मे देश की शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। शीर्ष अदालत का फैसला कहता है कि किसी भी हिरासत में लिए गए व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की समय-सीमा, गिरफ्तारी के औपचारिक रिकॉर्ड से नहीं, बल्कि हिरासत में लिए जाने वाले पल से ही शुरू हो जाती है। सही मायने में, यह निर्णय आम भारतीय की संवैधानिक स्वतंत्रता की समयोचित पुष्टि ही है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह फैसला एक स्पष्ट संदेश देता है कि पुलिस मौलिक अधिकारों से बचने के लिये प्रक्रियाओं में हेरफेर नहीं कर सकती है। संविधान के अनुच्छेद 22(2) के उद्देश्य से हिरासत और गिरफ्तारी के बीच किए गए बनावटी अंतर को खारिज करते हुए, सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने एक गंभीर खामी को दूर किया है। इस खामी का लाभ उठाकर ही जांच व प्रवर्तन एजेंसियां लोगों को बिना किसी त्वरित न्यायिक निगरानी के हिरासत में रख सकती थीं। दरअसल, नशीले पदार्थों से जुड़े एक मामले में हिरासत में लिए गए चार लोगों से जुड़े इस प्रकरण ने, हिरासत में लेने और औपचारिक गिरफ्तारी के बीच 18 घंटे के अंतराल की विसंगति को उजागर किया है। जिसका कोई स्पष्ट कारण भी नहीं बताया गया था। वास्तव में गिरफ्तारी दिखाने में की गई यह देरी पुलिस को मनमाने ढंग से ताकत के इस्तेमाल और हिरासत में दुर्व्यवहार का मौका देती है। इसमें दो राय नहीं कि अक्सर आरोप लगते हैं कि गिरफ्तार व्यक्ति से मारपीट की गई और लंबी पूछताछ की गई। निस्संदेह, यह स्थिति भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली की छवि पर एक सवालिया निशान लगाती है। हमारा संविधान किसी भी व्यक्ति को न्यायिक जांच के बगैर हिरासत में रखे जाने के खिलाफ सुरक्षा की गारंटी तो देता है, लेकिन यह सुरक्षा जांच अधिकारियों के रहमो-करम के भरोसे नहीं रह सकती है। यही वजह है कि देश की शीर्ष अदालत को दो टूक शब्दों में कहना पड़ा कि किसी को हिरासत में लिये जाने की 24 घंटे की समय सीमा में केवल मजिस्ट्रेट की अदालत तक पहुंचने में लगने वाले उचित समय को ही घटाया जा सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि मजिस्ट्रेटों को भी स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे हिरासत में लिए जाने के वास्तविक समय को ही दर्ज करें। साथ ही यह भी कि वे स्वतंत्र रूप से इस बात की जांच करें कि क्या किसी व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने की प्रक्रिया में संवैधानिक सुरक्षा उपायों का पालन वास्तविक रूप से किया गया है। इसके साथ ही जरूरी है कि बंदी प्रत्यक्षीकरण भी स्वतंत्रता के गैर-कानूनी हनन के खिलाफ एक कानूनी प्रभावी उपाय बना ही रहना चाहिए। सही मायने में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में भी न्याय व्यवस्था के लिये एक मार्गदर्शक का कार्य करेगा। जहां अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद के लगभग चार वर्षों में प्रिवेंटिव डिटेंशन को चुनौती देने वाली दो हजार से अधिक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं दायर की गई थीं। इस बात में दो राय नहीं हो सकती हैं कि जब कानूनी प्रावधान के क्रियान्वयन में देरी होती है, अथवा जवाबदेही पर्याप्त नहीं होती है, तो संवैधानिक स्वतंत्रता प्रभावहीन होकर रह जाती है। निस्संदेह, किसी भी तरह के अपराध के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ी जानी चाहिए, ताकि समाज में कानून का राज्य स्थापित हो सके। लेकिन इसका अर्थ मौलिक अधिकारों को कमजोर करना कदापि नहीं होना चाहिए। बहरहाल, अदालत के निर्देश का सार यह भी है कि पुलिस को कानून के दायरे में रहकर ही कोई भी जांच करनी चाहिए। साथ ही इस मामले में अदालतों को भी सतर्क रहना चाहिए। यह सर्वमान्य सत्य है कि स्वतंत्रता महज प्रक्रियात्मक औपचारिकता भर नहीं है। सही मायने में यह किसी भी लोकतंत्र की बुनियाद है।

नरक चतुर्दशी: नरक से मुक्ति और अकाल मृत्यु से रक्षा का पर्व

कार्तिक कृष्ण पक्ष में मनाए जाने वाले पांच दिवसीय दीपोत्सव का दूसरा पर्व नरक चतुर्दशी है, जिसे छोटी दीपावली, रूप चतुर्दशी और काली चौदस के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के अगले दिन मनाया जाने वाला यह पर्व धार्मिक आस्था, पौराणिक मान्यताओं और आध्यात्मिक संदेशों का अनूठा संगम है। 'नरक चतुर्दशी' नाम से ही स्पष्ट होता है कि इसका संबंध मृत्यु के देवता यमराज और नरक से मुक्ति की मान्यता से जुड़ा है। धार्मिक विश्वास है कि इस दिन यमराज की पूजा, व्रत और दीपदान करने से अकाल मृत्यु का भय दूर होता है तथा मनुष्य को नरक की यातनाओं से मुक्ति मिलती है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई, अत्याचार पर न्याय और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। इस पर्व पर अभ्यंग स्नान का विशेष महत्व है।मान्यता है कि सूर्योदय से पूर्व शरीर पर तिल का तेल लगाकर उबटन करने और स्नान करने से रूप, सौंदर्य तथा आरोग्य की प्राप्ति होती है। इसी कारण इसे रूप चतुर्दशी भी कहा जाता है। इस दिन घरों की साफ-सफाई, दीप प्रज्वलन, हनुमान जी की पूजा और यमराज के निमित्त दीपदान करने की परंपरा भी प्रचलित है। विशेष रूप से घर के बाहर दक्षिण दिशा में दीपक जलाकर यमराज से परिवार की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की जाती है। इस वर्ष चतुर्दशी तिथि दो दिन रहने के कारण पर्व की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति है। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी 7 नवंबर को सुबह 10 बजकर 47 मिनट से प्रारंभ होकर 8 नवंबर को सुबह 11 बजकर 27 मिनट तक रहेगी। प्रदोष काल में चतुर्दशी तिथि होने के कारण यम दीपदान, हनुमान पूजा और काली चौदस की पूजा 7 नवंबर को की जाएगी जबकि उदयातिथि के अनुसार 8 नवंबर की सुबह अभ्यंग स्नान होगा।

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव के नतीजे ट्रंप की तानाशाही के खिलाफ स्पष्ट जनादेश

नित्य चक्रवर्ती



अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के नतीजे न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मौजूदा प्रशासन पर, बल्कि लैटिन अमेरिका, यूरोप और भारत जैसे देशों की राजनीतिक स्थिति पर भी बड़ा असर डालेंगे। वैश्विक स्तर पर, ट्रंप की यह बड़ी हार दुनिया के उन विभिन्न समूहों का हौसला बढ़ाएगी जो अलग-अलग तरह की तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे हैं। वामपंथी राष्ट्रपति लूला की ऐतिहासिक जीत के महज दस दिन बाद अमेरिकी मतदाताओं का यह फैसला संकेत देता है कि इस महाद्वीप में एक नया राजनीतिक माहौल बन रहा है, जो अति दक्षिणपंथी उभार की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है। ताजा नतीजों के अनुसार, सीनेट में डेमोक्रेट्स को लगभग 55 सीटें मिली हैं, जबकि रिपब्लिकन को 45 सीटें मिली हैंय यानी डेमोक्रेट्स के पास स्पष्ट बहुमत है। हाउस ऑफरिप्रेजेंटेटिव्स (प्रतिनिधि सभा) की 435 सीटों में से डेमोक्रेट्स को 240 से अधिक सीटें मिलने की उम्मीद है, जो बहुमत के लिए जरूरी 218 सीटों से कहीं ज्यादा है। इस तरह, कांग्रेस के दोनों सदनों पर नियंत्रण मिलने से डेमोक्रेट्स को ट्रंप पर अपनी नीतियां बदलने के लिए दबाव डालने का एक बड़ा मौका मिल गया है। अमेरिकी संविधान के अनुसार, ट्रंप के पास वीटो शक्तियां हैं। वे कांग्रेस की राय को नजरअंदाज करते हुए अपने कुछ कार्यक्रमों को लागू करने के लिए इन शक्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन इसकी भी एक सीमा है। 3 नवंबर के चुनावों के बाद उनकी राजनीतिक हैसियत कमजोर हुई है। ऐसे में शायद वे कांग्रेस पर उस तरह से अपनी मर्जी नहीं थोप पाएंगे, जैसा कि उन्होंने 21 जनवरी, 2025 को पदभार संभालने के बाद पिछले दो वर्षों में किया है। अपने खिलाफ आए इस स्पष्ट फैसले के बाद ट्रंप के तेवर कुछ नरम पड़ गए हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे अपने कार्यकाल के बचे हुए दो वर्षों में कांग्रेस में डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करेंगे। उनके चुनाव प्रचार के दौरान का वह दावा अब गायब था कि डेमोक्रेट्स मतदान के आंकड़ों में हेरफेर कर सकते हैं। उन्होंने इस जनादेश को स्वीकार कर लिया है। ट्रंप अब एक जटिल राजनीतिक स्थिति का सामना कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान, उन्होंने मतदाताओं से कहा कि वे याद रखें कि हर मतपत्र पर वही उम्मीदवार हैं। उन्हें इसे अपने ऊपर एक जनमत संग्रह कहलाना पसंद था। रिपब्लिकन ने भी यही रुख अपनाया। वहीं, डेमोक्रेट्स ने इसे ट्रम्प के श्जन-विरोधीश् कार्यक्रमों पर एक जनमत संग्रह के रूप में पेश किया। अब इस करारी हार के बाद, वे अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते, हालांकि उन्होंने चालाकी दिखाते हुए यह कहा कि अगर वे खुद उम्मीदवार होते, तो उन्हें भारी जीत मिलती। लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के नेता काफी नाराज और निराश हैं। उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को अपने ही गढ़ों में भारी हार का सामना करना पड़ा, खासकर उन निर्वाचन क्षेत्रों में जहां ट्रम्प ने सबसे ज्यादा प्रचार किया था। पिछले 94 वर्षों में पहली बार, कंसास में एक डेमोक्रेट ने सीनेट की सीट जीती, जहां एडम हैमिल्टन ने रोजर मार्शल को हराया। ट्रम्प के लिए एक और बड़ी व्यक्तिगत हार मिशिगन में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल-सैयद की जीत रही। ट्रम्प ने हमेशा की तरह सैयद के खिलाफइस्लाम-विरोधी बयानबाजी की, लेकिन मतदाताओं ने उन्हें स्पष्ट बहुमत से चुन लिया। रिपब्लिकन इस बात से हैरान हैं कि ट्रम्प द्वारा चुने गए ज्यादातर उम्मीदवार हार गए हैं। टेक्सास और साउथ कैरोलिना में, ट्रम्प ने अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के लिए जमकर प्रचार किया था। ये सभी पारंपरिक रूप से रिपब्लिकन के गढ़ रहे हैं, और राष्ट्रपति के प्रचार और समर्थन के बाद, यह माना जा रहा था कि वे आसानी से जीत जाएंगे। लेकिन 3 नवंबर के चुनावों में, वहां के रूढ़िवादी मतदाताओं ने डेमोक्रेट्स का साथ दिया, जिससे रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा झटका लगाकृजो राष्ट्रपति चुनावों में सीटों के लिए हमेशा टेक्सास पर निर्भर रहती है। रिपब्लिकन-बहुल राज्यों के ये रुझान 2028 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए एक चिंताजनक संकेत देते हैं। ट्रम्प समर्थित उम्मीदवारों की विफलता के विपरीत, बर्नी सैंडर्स और उनके वामपंथी डेमोक्रेट्स ने 3 नवंबर के चुनावों में बड़ी सफलता हासिल की है।

हालांकि अंतिम आंकड़े अभी आने बाकी हैं, लेकिन डीएसए सूत्रों का दावा है कि सैंडर्स द्वारा समर्थित 70 उम्मीदवारों में से 40 से अधिक जीत गए हैं। ये सभी सैंडर्स के उन कार्यक्रमों के समर्थक हैं, जो मजदूरों और गरीबों के लिए अधिक सुविधाओं, रक्षा खर्च में कटौती और ईरान के साथ युद्ध खत्म करने की वकालत करते हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी में डीएसए की बढ़ती संख्या को देखते हुए, पार्टी नेतृत्व पर अब भारी दबाव होगा कि वे कांग्रेस में अपने एजंडे को और अधिक श्जन-हितैषीश् दिशा में ले जाएं। लैटिन अमेरिका और यूरोप, दोनों ही जगहों पर वामपंथियों और उदारवादियों के बीच काफी उत्साह है, क्योंकि घोर दक्षिणपंथी विचारधारा के दो बड़े स्तंभ- डोनाल्ड ट्रंप और ब्राजील के जायर बोल्सोनारो- हार गए हैं। लैटिन अमेरिका में श्सत्ता परिवर्तनश् के ट्रंप के एजंडे को, ब्राजील में लूला के राष्ट्रपति चुने जाने से पहले ही एक बड़ा झटका लग चुका है। इसके अलावा, लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में अन्य घोर दक्षिणपंथी पार्टियों को मिलने वाला समर्थन भी फिलहाल कम हो सकता है। ट्रंप अब नवंबर 2028 तक अपनी सत्ता बचाए रखने की जद्दोजहद में ही इतने व्यस्त रहेंगे कि उनके लिए कुछ और कर पाना मुश्किल होगा, खासकर तब जब अमेरिकी कांग्रेस में डेमोक्रेट्स फिर से मजबूत होकर लौट आए हैं। भारत की बात करें तो, ट्रंप की हार के नतीजों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जरूर चिंतित होंगे। ट्रंप का श्मगाश् (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) एजेंडा, काफी हद तक नरेंद्र मोदी के अपने एजेंडे से मिलता-जुलता है। अमेरिका में मौजूद भाजपा से जुड़े संगठन, जिनमें वीएचपी और अन्य हिंदू संगठन शामिल हैं, डोनाल्ड ट्रंप के साथ हार गए। वे भी ट्रंप की तरह ही इस्लाम से नफरत रखते हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के कई लोग नरेंद्र मोदी को ट्रंप जैसा ही मानते हैं। असल में, बर्नी सैंडर्स ने मोदी को उन दक्षिणपंथी नेताओं में से एक बताया है, जिनका नेतृत्व ट्रंप करते हैं। अब अमेरिकी संसद अर्थात कांग्रेस में सैंडर्स और भी ताकतवर हो जाएंगे, क्योंकि उनके गुट के कई सदस्य चुनकर आए हैं। अमेरिका के साथ भारत के हितों की रक्षा के लिए, वाशिंगटन में भारतीय दूतावास को डेमोक्रेट्स के साथ और ज्यादा बातचीत करनी होगी। भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन के मुद्दे पर, आने वाले साल में मोदी सरकार को अमेरिकी कांग्रेस और उसकी कमेटियों की और ज्यादा आलोचना का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। इस साल भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की ट्रंप से दो बार मुलाकात होगी। पहली मुलाकात इसी महीने के मध्य में मनीला में आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान होगी। इसके बाद, दिसंबर के मध्य में, भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मियामी, फ्लोरिडा में जी-20 बैठक के दौरान मुलाकात होगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या मोदी, ट्रंप की राजनीतिक रूप से कमजोर स्थिति का फायदा उठाकर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को आगे बढ़ा पाते हैं या नहीं। साथ ही, उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय कृषि-खाद्य बाजार में अमेरिकी हितों के बीच भारत के अपने हित सुरक्षित रहें।

अब्दुल अल सैयद से बंधी उम्मीद



अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की हार और डोनाल्ड ट्रंप के खत्म होते दबदबे के अलावा सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है मिशिगन से सीनेट के लिए जीतने वाले अब्दुल अल-सैयद की। पेशे से डॉक्टर अब्दुल अल-सैयद अमेरिका के पहले मुस्लिम सीनेटर बन गए हैं। उनकी जड़ें मिस्र से हैं, जबकि उनकी पत्नी डॉ. सारा जुकाकू का संबंध कर्नाटक के तटीय क्षेत्र भटकल से है। इसलिए अब्दुल भी खुद को भारतीयों के नजदीक समझते हैं। अब्दुल अल सैयद ने जिन मुद्दों और मूल्यों पर जीत हासिल की है और उन्हें हराने के लिए जिस तरह की कोशिशें की गई, उन का खास विश्लेषण करने की जरूरत है। क्योंकि आज भारत समेत तमाम दुनिया की राजनीति में जिस तरह कट्टरपंथ, पूर्वाग्रहों और स्वार्थों को महिमामंडित कर सत्ता का रास्ता तैयार किया जाता है, उसमें अब्दुल की जीत उम्मीद बंधाती है कि जनता अब भी अच्छाई को अधिक तवज्जो देती है। गौरतलब है कि अमेरिकन इजरायल पब्लिक अफेयर्स कमिटी (एआईपीएसी) ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में उन्हें हराने के लिए तीन करोड़ डॉलर से ज्यादा खर्च किए थे। इसके अलावा, आम चुनाव में उनके मुकाबले में खड़े रिपब्लिकन माइक रोजर्स के समर्थन में भी करीब 90 लाख डॉलर खर्च किए जाने की खबरें थीं। चुनाव प्रचार के डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें श्जिहादीश् कहा था और साथ ही यह भी कहा था कि अगर वो सीनेट में दाखिल होंगे तो मेटल डिटेक्टर की जांच से गुजरना होगा। लेकिन अब्दुल अल सैयद ने इसका सटीक जवाब हंसते-हंसते दे दिया। उन्होंने ट्रंप के लिए कहा कि अब आपको मेरा नाम लेने में तकलीफ नहीं होगी, आप मुझे सीनेटर कह सकते हैं। वहीं मेटल डिटेक्टर वाली बात पर उन्होंने कहा कि मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते आप भी लाइ डिटेक्टर यानी झूठ पकड़ने वाली मशीन को खुद पर आजमाने दें। क्योंकि एपस्टीन और 2020 का चुनाव जीतने जैसे कई सवालों पर आपसे जवाब चाहिए। अब्दुल अल सैयद के ऐसे जवाबों को जनता ने खूब पसंद किया। उन्होंने यह भी कहा कि जो मां-बाप इस बात से परेशान थे कि वे अपने बच्चों को कैसे समझाएं कि उनके राष्ट्रपति ने एक उम्मीदवार के लिए गलत बातें क्यों कहीं, तो अब वे उन्हें कह सकते हैं कि बुराई की हार हुई है। ऐसे कई और उदाहरण अब सामने आ रहे हैं जिसमें अब्दुल अल सैयद अपने ऊपर हुए निजी हमलों के जवाब में संतुलित और सधे जवाब अविचलित दे रहे हैं, जिनमें समाज के लिए व्यापक संदेश छिपे हैं। जैसे एक पत्रकार ने उनसे मुस्लिम ब्रदरहुड पर सवाल किया कि क्या वे उसे खारिज करेंगे। जानकारी के लिए बता दें कि 1928 में मिस्र में मुस्लिम ब्रदहहुड नाम का संगठन खड़ा किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में शरिया (इस्लामी कानून), कुरान और हदीस के सिद्धांतों को लागू करना और पश्चिमीध्धर्मनिरपेक्ष प्रभावों का मुकाबला करना था। लेकिन जल्द ही यह राजनैतिक तौर पर प्रभावशाली बन गया, बहुत सी हिंसक घटनाओं में इसकी संलिप्तता देखी गई, जिसके बाद कई देशों ने इसे श्आतंकवादी संगठनश् घोषित किया। अब्दुल अल सैयद के खिलाफ ट्रंप और रिपब्लिकन उम्मीदवार माइक रोजर्स समेत कई विरोधियों ने मुस्लिम ब्रदरहुड से संबंध होने के आरोप प्रचार के दौरान लगाए थे, हालांकि इसके कोई सबूत वे पेश नहीं कर पाए। ऐसे में जब पत्रकार ने उनसे इस बारे में सवाल किया तो पलट कर उन्होंने कहा कि आप ऐसे सवाल और किस-किस से कर चुके हैं, क्या आप मुस्लिम ब्रदरहुड को खारिज नहीं करते या आप मुझसे ये सवाल क्यों करते हैं। मैं अमेरिका के संविधान में यकीन रखता हूं और मुस्लिम ब्रदरहुड को खारिज करता हूं। लेकिन आपने खासतौर पर मुझसे ये सवाल किया यह इस बात का संकेत है कि मुस्लिम होने के कारण उनकी दोहरी निष्ठा का मुद्दा खड़ा किया जा रहा है। अब्दुल अल सैयद ने जॉन एफ कैनेडी के 1960 के ऐतिहासिक भाषण का हवाला देते हुए कहा कि उनकी मुख्य निष्ठा किसी धार्मिक समूह से नहीं, बल्कि अमेरिकी संविधान और धार्मिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों से है। वे अमेरिकी राष्ट्रपति बने और संयोग है कि वे कैथोलिक हैं। इसी तरह मैं सीनेटर बना और संयोग है कि मैं मुस्लिम हूं। अब्दुल अल सैयद ने जिस पूर्वाग्रह ग्रसित सवाल का सामना किया, भारत के मुसलमानों को भी बारम्बार ऐसे ही पूर्वाग्रहों से जूझना पड़ता है। उनसे देशभक्ति के सबूत मांगे जाते हैं। पाकिस्तानपरस्ती के आरोप लगातार लगते हैं। चक दे इंडिया जैसी पूरी पिक्चर ही इस पर बन गई। वैसे अब्दुल अल सैयद का जवाब राहुल गांधी के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में दिए गए जवाब से काफी मेल खाता है। तब एक छात्रा ने उनसे पूछा था कि क्या कोई मुस्लिम देश का प्रधानमंत्री बन सकता है, तो राहुल का जवाब था कि नेतृत्व और प्रधानमंत्री का पद किसी धर्म से तय नहीं होता, बल्कि काम करने की क्षमता से तय होता है। उन्होंने डा. मनमोहन सिंह का उदाहरण दिया था, जो उनके धर्म की वजह से नहीं बल्कि उनकी योग्यता के कारण उस पद पर पहुंचे हैं। बहरहाल, अब्दुल अल सैयद के ऐसे कई जवाब इस समय सोशल मीडिया पर धूम मचा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी उनके लिए प्रचार किया था, लेकिन कुछ मुद्दों पर उनके मतभेद भी हैं। इसे लेकर भी जब अब्दुल से सवाल हुआ तो उन्होंने कहा कि आप अपने पिता से प्यार करते हैं, लेकिन यह जरूरी नहीं कि आप उनकी हर बात से सहमत हों। विचारों में मतभेद हो सकता है, इससे उनके लिए आदर या प्रेम में कमी नहीं हो सकती। जिस तरह न्यूयार्क के मेयर जोहरान ममदानी के उदार और समावेशी रवैये को अमेरिकी जनता ने पसंद किया, वही लोकप्रियता अब अब्दुल अल सैयद को मिल रही है। जब 2007 में मिशिगन विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक किया तो दीक्षांत समारोह के भाषण में उन्होंने असमानता और नस्लीय भेदभाव के खिलाफ बातें की थी, बिल क्लिंटन की मौजूदगी में उन्होंने भाषण दिया था। जिससे प्रभावित होकर क्लिंटन ने कहा था कि दुनिया का हर वह व्यक्ति, जो यह मानता है कि सभ्यताओं के बीच टकराव होना तय है और धार्मिक विभाजनों को पार नहीं किया जा सकता, आज आपकी बातें सुनें यह मेरी इच्छा है। क्लिंटन की दो दशक पुरानी कही बात आज चरितार्थ हो रही है। वैसे मिशिगन के बाद रोड्स स्कॉलर के रूप में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से सार्वजनिक स्वास्थ्य में डॉक्टरेट और फिर कोलंबिया विश्वविद्यालय से मेडिकल की डिग्री अब्दुल अल सैयद ने हासिल की। अब उनकी शैक्षणिक और राजनैतिक दोनों योग्यताओं का लाभ अमेरिकी जनता को मिलेगा। अब्दुल अल सैयद के मुस्लिम होने पर जीतने को भारत में असदुद्दीन ओवैसी भी मुद्दा बना रहे हैं। लेकिन तथ्य यह है कि मिशिगन में महज 2-3 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं, लोगों ने उन्हें सामाजिक और लोककल्याणकारी विचारों के कारण जिताया है।

विपक्ष की एकजुट चुनौती और जवाबदेही के सवाल

राजेश पांडेय

चुनाव प्रक्रिया की स्वच्छता बहाल करने के लिए देश में पहली बार बड़े पैमाने पर विरोध के स्वर लगातार उठे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लंबे समय से चुनावों में धांधली का मुद्दा उछाल रही है। अदालतों में भी मुकदमे दायर हुए हैं। 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष की एकजुट रैली ने चुनावी गड़बड़ी के खिलाफ असरदार संदेश दिया है। इस बीच चुनाव आयोग की कुछ और अनियमितताएं सामने आ रही हैं। लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुप्पी साध रखी है। उनके बचाव की जिम्मेदारी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने संभाल रखी है। हालांकि, मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की प्रक्रिया में खामियों के बारे में वह कुछ नहीं बोलती है।

यहां हम दो अहम मुद्दों पर गौर करते हैं- पहला विपक्षी दलों की एकता और दूसरा लोकतंत्र के सामने मौजूद खतरे। एसआईआर में गड़बड़ी के खिलाफ विपक्ष का संयुक्त प्रदर्शन और उसमें छात्रों, एक्टिविस्ट, कुछ अन्य संगठनों की सक्रियता बताती है कि जनता का एक वर्ग इस मुद्दे की गंभीरता से चिंतित है। वह चुनाव आयोग सहित अन्य संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना चाहता है। धांधली के साये में होने वाले चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद के लिए खतरा हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इससे पहले कभी समूची चुनाव प्रणाली की पवित्रता पर इतना अधिक संदेह नहीं जताया गया था। इसलिए भी विपक्ष की एकजुटता मायने रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्षों के शासनकाल में लंबे समय तक विपक्षी दल अलग-अलग स्वर में बोलते रहे हैं। संसद में जरूर कुछ मुद्दों पर उनके बीच तालमेल नजर आता था। इसका सबसे बड़ा उदाहरण इस साल अप्रैल में संसद के बजट सत्र में 131 वें संविधान संशोधन विधेयक के पारित न होने का है। विधेयक में महिलाओं के लिए संसद और राज्य विधानसभाओं की 33प्रतिशत सीटों के आरक्षण और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने के प्रावधान थे। बहरहाल, राज्यों में अपने-अपने हितों की वजह से विपक्षी दल सड़क पर एकजुट नजर नहीं आते थे। लेकिन, सत्ताधारी दल की मिलीभगत से चुनाव आयोग की मनमानी ने बिखरे विपक्ष को एक-दूसरे के साथ खड़ा कर दिया है। रामलीला मैदान के प्रदर्शन में अधिकतर विपक्षी पार्टियों की मौजूदगी दिखाती है कि उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है। कई बार अपने अटपटे कथनों के लिए चर्चित रहे राहुल ने मोदी सरकार को कई सामयिक मुद्दों पर कटघरे में खड़ा किया है। गांधी परिवार की विरासत को राहुल के खिलाफ बड़ा मुद्दा बनाया जाता है। वैसे, इस मामले में राहुल कुछ कर भी नहीं सकते हैं। भाजपा के सभी नेता और गोदी मीडिया की उपमा से विभूषित मीडिया का एक वर्ग हमेशा उनकी विशिष्ट विरासत को उछालता रहा है। उन्हें आम आदमी के सरोकारों से बेखबर एक राजपरिवार के वंशज के बतौर पेश किया जाता था। लेकिन राहुल ने लगातार सक्रियता से अपनी इमेज बदली है। राहुल हमेशा जनता से जुड़े मुद्दे उठाते हैं। वे समाज के वंचित वर्ग के हितों की पैरवी करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन में ऐसे वर्गों के लोगों को आगे बढ़ाने की कोशिश की है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और लोकतंत्र की हिफाजत पर जोर दिया है। वे संसद और सड़क दोनों जगह विपक्ष के नेता की असली भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने विपक्ष को एकजुट रखने के लिए आगे आकर प्रयास किए हैं। पहले कई प्रमुख विपक्षी नेता राहुल का नेतृत्व स्वीकार करने में हिचकिचाते थे। वह हिचक अब बहुत हद तक दूर हो गई है। राज्यों में एक-दूसरे का विरोध करने वालों की एकता व्यावहारिक राजनीति का हिस्सा है। राहुल के राजनीतिक सफर में भारत जोड़ो यात्रा के बाद विपक्ष को एक मंच पर लाने का घटनाक्रम महत्वपूर्ण माना जाएगा। सवाल है, क्या विपक्ष की एकता आगे भी बनी रहेगी। कुछ राज्यों में चुनावी राजनीति के कारण उनके रास्ते जुदा हो जाते हैं। यों भी, भारत में बहुत कम मौकों पर विपक्षी दल एकजुट रहे हैं। सोशलिस्ट नेता राममनोहर लोहिया ने विपक्ष को जोड़ने का नारा उछाला था। 1960 के दशक में कांग्रेस विरोध की राजनीति ने विपक्ष को एक धरातल पर खड़ा किया। राज्यों में कई दलों की संविद सरकारें बनीं। लेकिन ये बेहद अल्पकालिक और अस्थिर साबित हुई थीं। लोहिया का सपना टूट गया। 1977 में इंदिरा गांधी सरकार की इमरजेंसी ने विपक्ष को मिलाया। चार प्रमुख पार्टियों के मेल से जनता पार्टी अस्तित्व में आई। केंद्र में उसकी सरकार भी बनी लेकिन नेताओं की महत्वाकांक्षा और अंतरविरोधों के कारण मोरारजी देसाई की जनता सरकार 28 माह में डूब गई थी। 1989 में विश्वनाथ प्रतापसिंह की जनता दल सरकार भी ज्यादा नहीं टिक पाई थी। 1970-80 और 1990 के दशक की और वर्तमान स्थितियां पूरी तरह अलग हैं। पहले सत्ता से जुड़े सवाल थे तो अब हेरफेर से चुनाव जीतने और चुनाव आयोग के गलत फैसलों की जवाबदेही तय करने के प्रश्न हैं। संवैधानिक संस्थाओं की साख फिर से कायम करने के मामले में तो विपक्षी दल एकजुट हो सकते हैं। चुनाव आयोग ने मनमाने तरीके से एसआईआर के जरिये थोक में वोटरों के नाम काटे हैं। अब तक 13 करोड़ से अधिक वोटरों के नाम कट चुके हैं। प्रक्रिया की खामियों का भंडाफोड़ होने के बाद आयोग ने अपने कई फैसले वापस लिए हैं। इनमें फार्म-6 में किए गए विवादास्पद बदलाव, ईसीआईनेट के काम की समीक्षा के लिए विशेषज्ञों की कमेटी गठित करने सहित कई फैसले शामिल हैं। दो चुनाव आयुक्तों विवेक जोशी और सुखबीर सिंह संधू ने जिन मुद्दों को उठाया था। उनमें से कुछ में आयोग ने सुधार किए हैं। फिर भी, आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा है कि आयोग के प्रमुख फैसले आम राय से लिए गए हैं। जबकि संधू और जोशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से लिखित आपत्ति जताई है कि आयोग के नाम पर उनकी जानकारी के बिना फैसले लिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के फैसलों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बीच विभिन्न स्तरों पर आयोग के कामकाज में गड़बड़ियों के मामले सामने आ रहे हैं। यहां दो राज्यों उत्तरप्रदेश और कर्नाटक का जिक्र करते हैं। देश की सत्ता की राह तय करने वाले उत्तरप्रदेश में फरवरी, मार्च में विधानसभा चुनाव होंगे। वहां मतदाताओं की संख्या पर विरोधाभास है। राज्य में 1 मार्च 2026 को वयस्कों की अनुमानित संख्या 16.2 करोड़ थी। 2025 में एसआईआर से पहले वोटरों की संख्या 15.4 करोड़ थी। 2026 में एसआईआर के बाद 13.4 वोटर बचे। वहीं स्थानीय संस्थाओं के चुनाव में वोटरों की संख्या 16.9 करोड़ बताई गई। वोटरों की संख्या में इतना अधिक अंतर समझ में नहीं आता है। पीलीभीत और आजमगढ़ में वोटर लिस्ट में अनियमिताओं की खबरों के बीच उप्र के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिनवा ने पूरे राज्य में फार्म- 6, फार्म- 7 और फार्म- 8 में 10 अप्रैल के बाद कंप्यूटर असिस्टेंट द्वारा की गई प्रविष्टियों का ऑडिट करने के आदेश दिए हैं। पीलीभीत में बड़ी संख्या में वोटरों के नाम काटने की खबरें आई हैं। आयोग ने पीलीभीत विधानसभा की मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं के लिए दो चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारियों (ईआरओ) को निलंबित कर दिया है। कर्नाटक में एसआईआर के बाद 99.32 लाख वोटरों के नाम काट दिए गए हैं। अंग्रेजी अखबार हिन्दू में प्रकाशित एक अन्य खबर के अनुसार राज्य में मतदाता सूचियों से नाम काटने के लिए 61 हजार फार्म- 7 चुनाव अधिकारियों ने दाखिल किए हैं। किसी भी आवेदन में नाम हटाने के लिए एक भी कारण नहीं बताया गया है। मतदाता पंजीयन नियम 1960 के तहत नाम हटाने का कारण बताना अनिवार्य है। 23 सितंबर 2026 को दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा खत्म होने के बाद फार्म-7 आवेदनों की संख्या तेजी से बढ़ी। सबसे अधिक फार्म बेंगलुरू महानगर पालिका साउथ डिस्ट्रिक्ट में दाखिल किए गए हैं। यह पता नहीं लग सका है कि नाम हटाने के आवेदनों के बाद कितने नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। पहली नजर में यह अनियमितता है। लेकिन अब तक इसके लिए किसी को दंडित करने की खबरें सामने नहीं आई हैं। कर्नाटक,उत्तरप्रदेश के अलावा पश्चिम बंगाल सहित कई अन्य राज्यों से भी अनियमतताओं की खबरें आ रही हैं। लेकिन इनके लिए संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के मामले में कुछ नहीं हुआ है। कई मामलों से समूची एसआईआर प्रक्रिया में अनियमितता साबित हो चुकी है। फिर भी, इसके लिए किसी की जवाबदेही तय नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने अपनी कई गलतियों और प्रक्रियाओं में सुधार किया है। उसने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। फिर भी, उसके लिए कौन दोषी है। उसके खिलाफ कौन कार्रवाई करेगा। लोकतंत्र में जवाबदेही का सिद्धांत उसके स्वस्थ रहने की प्रमुख शर्त है। यहां तो कोई जवाबदेही लेने के लिए तैयार नहीं है। सत्तारूढ़ भाजपा तो एसआईआर और थोक में वोटरों के नाम काटने को सही ठहरा रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि तीन करोड़ घुसपैठिये वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। अगर देश में इतने घुसपैठिए मौजूद हैं तो सरकार उन्हें बाहर क्यों नहीं करती है। केंद्र,असम और उत्तर पूर्व के कई राज्यों में भाजपा की सरकार है। भाजपा ने घुसपैठ को अपने हर चुनाव का मुद्दा बनाया है। इसलिए तो उसे और तेजी से घुसपैठियों को बाहर करने की कार्रवाई करनी चाहिए। क्या घुसपैठ का मुद्दा केवल चुनाव में जीवित रखने के लिए है। चुनाव आयोग के मौजूदा रुख को देखते हुए चुनाव प्रणाली के साफ-सुथरे होने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। इसलिए विपक्षी दलों को ही जनता के बीच यह मुद्दा लेकर जाना चाहिए। कुछ माह के अभियान और राज्यों की राजधानियों, बड़े शहरों में रैलियों, प्रदर्शनों के प्रभावी होने की कोई सीमा है। वोटरों के बड़े वर्ग तक यह मुद्दा पार्टियों के कार्यकर्ता पहुंचा सकते हैं और संगठन के मामले में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस तो बहुत कमजोर है। बाकी अन्य दलों की स्थिति बहुत मजबूत नहीं है। कम्युनिस्ट पार्टियों के पास जरूर कैडर है। लिहाजा, निचले स्तर तक विपक्षी दलों को अपने तंत्र को सक्रिय बनाना पड़ेगा। संवैधानिक संस्थाएं जनता के दबाव में सही तरीके से काम करती हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

त्योहारों पर अलर्ट रहेंगी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाएं

हमीरपुर। दीपावली और छठ पूजा सहित आगामी त्योहारों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सीएमओ डॉ. अलका शुक्ला ने सभी चिकित्सा इकाइयों के अधीक्षकों और प्रभारी चिकित्साधिकारियों को अस्पतालों में आकस्मिक सेवाएं 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगेगी। अस्पतालों में पर्याप्त दवाएं, ऑक्सीजन, बेड और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था रहेगी। 108 और एएलएस एंबुलेंस को भी क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए हैं। पटाखों से झुलसने वाले मरीजों के उपचार के लिए विशेष इंतजाम करने को कहा गया है।

कच्चे घर में साड़ी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

मौदहा (हमीरपुर)। बिवांर थाना क्षेत्र के पाटनपुर गांव में बृहस्पतिवार रात एक युवक ने कच्चे घर में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह परिजनों ने उसका शव फंदे से लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया। पाटनपुर निवासी सुरेश (35) पुत्र रामौतार वर्मा बृहस्पतिवार रात घर में सोया था। शुक्रवार सुबह काफी देर तक उसके न जागने पर परिजन अंदर पहुंचे तो उसका शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। मृतक के दादा चंद्रभान ने बताया कि सुरेश की पत्नी पूजा अपनी तीन बेटियों और एक बेटे के साथ दिल्ली में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती है। सुरेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मारपीट के मामले में अभियुक्त को पांच साल का कठोर कारावास

हमीरपुर। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के चलते गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में अभियुक्त को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय ने अभियुक्त राम औतार पुत्र गुलजारी राजपूत निवासी बरगवां, थाना जरिया को दोषसिद्ध करते हुए पांच साल की सजा और दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। मामले में 7 जुलाई 2018 को थाना जरिया में अभियुक्त के खिलाफ धारा 308, 323 और 325 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त ने वादी के साथ मारपीट की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियोजन विभाग से समन्वय स्थापित कर मामले में गवाहों की समयबद्ध गवाही कराई और न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। इसके परिणामस्वरूप 6 नवंबर 2026 को न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 308 और 323 आईपीसी में दोषसिद्ध करते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले के विवेचक निरीक्षक रामजीत गौड़, अभियोजक डीजीसी राजेश कुमार शुक्ल और पैरोकार हेड कांस्टेबल विद्यासागर रहे।

सरीला में आज लगेगा संपूर्ण समाधान दिवस

हमीरपुर। जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सुबह 10 बजे से संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। जिलाधिकारी अशोक कुमार और पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक सरीला तहसील में लोगों की शिकायतें सुनेंगे। अन्य तहसीलों में भी संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। समाधान दिवस के बाद डीएम विकासखंड गोहांड की ग्राम पंचायत जमखुरी में चौपाल लगाएंगे। इस दौरान राजस्व एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति परखेंगे। अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

नदी में कूदी 60 वर्षीय महिला, ग्रामीणों ने बचाई जान

मौदहा (हमीरपुर)। नारायच-चंद्रावल पुल से शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे एक 60 वर्षीय महिला ने नदी में छलांग लगा दी। महिला को नदी में कूदता देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नदी में उतरकर उसे बेहोशी की हालत में पानी से बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस को सूचना दी गई।सूचना पर नारायच पहुंची एंबुलेंस से महिला को गंभीर हालत में मौदहा के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। महिला की पहचान सुरजा वर्मा (60) पत्नी सहदेव निवासी रमना, मौदहा के रूप में हुई है। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

रोडवेज बस स्टैंड के पास अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



महोबा। रोडवेज बस स्टैंड के पास सड़क पर अतिक्रमण कर लगाई गई गुमटियों और ठेलों पर गुरुवार शाम प्रशासन का बुलडोजर चला। एसडीएम सदर और सीओ के नेतृत्व में शाम करीब 7:30 बजे नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटवाया। यह कार्रवाई रोडवेज के एआरएम कमल किशोर आर्य की शिकायत पर की गई। महोबा डिपो की दीवार से सटकर चाट, चाय, बिरयानी और समोसे-भजिया की गुमटियां व ठेले लगे थे। इनके कारण सड़क पर अक्सर जाम की स्थिति बनती थी। डिपो से निकलने वाली रोडवेज बसों और अन्य वाहनों को आवागमन में परेशानी होती थी। स्थानीय स्तर पर दुकानों के आसपास शराबियों और अराजक तत्वों के जमावड़े की भी शिकायतें मिल रही थीं। यहां गाली-गलौज और विवाद होने से राहगीरों, ट्रैफिक पुलिस और रोडवेज कर्मचारियों को परेशानी उठानी पड़ती थी। समस्या को लेकर एआरएम कमल किशोर आर्य ने जिला प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इसके बाद एसडीएम सदर शिवध्यान पांडेय, सीओ रविकांत गौड़ और कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने नगर पालिका के बुलडोजर से डिपो की दीवार के पास लगी गुमटियां और ठेले हटवाए। कुछ दुकानदारों ने खुद गुमटी हटाने की बात कही तो उन्हें तत्काल जगह खाली करने के निर्देश दिए गए।प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि सड़क पर दोबारा अतिक्रमण कर यातायात बाधित किया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

तेज रफ्तार बाइक खंभे से टकराई, एक की मौत, दो गंभीर

समृद्धि न्यूज, महोबा।



जिले के चरखारी कोतवाली क्षेत्र के गौरहारी में राठ रोड पर गौशाला के पास गुरुवार रात करीब 9 बजे बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार कमतू की मौत हो गई, जबकि रोहित और रवि गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाइक पर तीनों चरखारी से कैथी गांव जा रहे थे। बाइक रोहित चला रहा था। बाइक तेज रफ्तार के कारण का नंबर UP95AB3014 था। तेज रफ्तार के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क किनारे खंभे से टकरा गई घटना की सूचना पर गौरहारी पुलिस चौकी और 112 पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी सुनील मिश्रा और उनकी टीम ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी पहुंचाया। वहां से उन्हें महोबा जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान कमतू (50) की मौत हो गई। रोहित (25) और रवि (30) गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने कमतू का शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

रामनगर रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल रेफर

गुरसरांय(झांसी)। रामनगर रोड स्थित आवास के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने से भीषण भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में एक बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दोनों वाहनों पर सवार अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और राहगीर मौके पर पहुंचे तथा घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में लोंडी निवासी 55 वर्षीय प्रमोद पटेल पुत्र जगदीश पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए गुरसरांय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया और शोक की लहर दौड़ गई।हादसे में दूसरी बाइक पर सवार पंडोखर निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं,जिनकी पहचान मधुर वंशकार पुत्र मानसिंह,प्रदीप वंशकार पुत्र अशोक निवासी पंडोखर गुरसरांय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के दौरान दोनों की हालत नाजुक बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें तुरंत बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया,जहां उनका इलाज जारी है।घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

रंगोली व धार्मिक झांकियों से सजे शिक्षण संस्थान



सुमेरपुर। दीपावली के अवसर पर शुक्रवार को एमजीएम कॉलेज, जेएस पब्लिक स्कूल और श्री गायत्री बालिका इंटर कॉलेज में महोत्सव मनाया गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियां बनाईं और भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, गणेश व माता लक्ष्मी की झांकियां प्रस्तुत कीं। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं का संदेश दिया। संस्थानों के प्रबंधक डॉ. पुनीत पालीवाल, प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा, दीपिका द्विवेदी और अनुराग तिवारी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। इस मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।

दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास, 22 हजार रुपये जुर्माना

हमीरपुर। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के चलते दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। विशेष पॉक्सो न्यायालय ने शुक्रवार को अभियुक्त विपिन यादव पुत्र गजराज उर्फ पप्पू निवासी इस्लामपुर, थाना चिकासी को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास और 22 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। मामले में 22 अक्टूबर 2021 को थाना चिकासी में अभियुक्त के खिलाफ धारा 376, 456 आईपीसी, पॉक्सो एक्ट की धारा 4 तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)5 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त ने वादी की करीब 17 वर्षीय पुत्री के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मामले में अभियोजन विभाग से समन्वय कर गवाहों की समयबद्ध गवाही कराई और प्रभावी पैरवी की। इसके परिणामस्वरूप 6 नवंबर 2026 को विशेष पॉक्सो न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 456 आईपीसी, धारा 4 पॉक्सो एक्ट और धारा 3(2)5 एससी-एसटी एक्ट में दोषसिद्ध कर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले के विवेचक क्षेत्राधिकारी अखिलेश राजन, अभियोजक एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह और पैरोकार कांस्टेबल रामप्रकाश रहे।

अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

समृद्धि न्यूज, मौदहा (हमीरपुर)।



नगर के प्रतिष्ठित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अर्द्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके साथ ही विज्ञान एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में अखिल भारतीय स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहिनों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवीप्रसाद गुप्ता,भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह एवं विद्यालय के प्रबंधक ब्रजमोहन सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों, आचार्य-आचार्याओं एवं कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर देवीप्रसाद गुप्ता ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह से विद्यार्थियों में आगे बढ़ने की प्रेरणा और उत्साह पैदा होता है। विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। वहीं शिवशंकर सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय परिवार को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रबंधक ब्रजमोहन सिंह ने भी सभी को बधाई दी। प्रधानाचार्य भारत सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, आचार्य-आचार्याएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पंचायत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए करें आवेदन

झाँसी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पंचायत निर्वाचक नामावली-2026 में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और विलोपन के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। मतदाता अपना और परिवार के पात्र सदस्यों का नाम सूची में अवश्य जांच लें। नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-2, संशोधन के लिए प्रपत्र-3 तथा आपत्ति एवं विलोपन के लिए प्रपत्र-4 भरना होगा। आवेदन आवश्यक अभिलेखों के साथ संबंधित बीएलओ अथवा उपजिलाधिकारी कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनाया प्रकाश पर्व, विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज, गुरसराय, झांसी।



नगर के एमजे मॉडर्न पब्लिक स्कूल में प्रकाश के पर्व दीपावली के पावन अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को दीपों की चमक, भव्य रंगोलियों और आकर्षक सजावट से दुल्हन की तरह सजाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंध समिति के सदस्यों प्रबंधक हिमांशु मिश्रा एवं प्रधानाचार्य श्रीमती सोनम मिश्रा द्वारा माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पूजन के साथ किया गया। इसके बाद हिमांशु मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को दीपावली के महत्व के बारे में बताते हुए दीपावली मनाने के कारण के विषय में बतलाया। नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य, गीत और लघु नाटिकाओं ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगोली और दीया सजावट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने और उनके साथ शिक्षकों श्रद्धा, यीशु, खुशी सोनी, जयंती, अमन, रामराज, खुशी झा, प्रीति ने अपनी छिपी हुई कला और रचनात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य श्रीमती सोनम मिश्रा ने बच्चों को पर्यावरण के अनुकूल (इको-फ्रेंडली) और सुरक्षित तरीके से दीपावली मनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों और शिक्षकों को विद्यालय प्रबंधक द्वारा मिठाइयाँ और उपहार वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस आयोजन ने पूरे विद्यालय परिवार में दीपावली के उल्लास को और अधिक बढ़ा दिया।

दीपावली मिलन समारोह में पत्रकारों से मिले विधायक जवाहर लाल राजपूत, बूथ अध्यक्षों को बांटी कार्यालय सामग्री किट

समृद्धि न्यूज, गुरसराय, झांसी।



शुभ दीपावली के अवसर पर खुशबू पैलेस, मऊरानीपुर रोड गुरसराय में दीपावली मिलन समारोह एवं बूथ अध्यक्ष कार्यालय सामग्री किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जवाहर लाल राजपूत ने पत्रकार बंधुओं से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बूथ अध्यक्षों को संगठनात्मक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से कार्यालय सामग्री किट वितरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने भी एक-दूसरे को दीपावली की बधाई दी।विधायक जवाहर लाल राजपूत ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हैं। ऐसे अवसर पर सभी का एक साथ मिलना सामाजिक और संगठनात्मक संबंधों को मजबूत बनाता है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को संगठन की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री शिवेन्द्र सिंह शैली, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, ब्लॉक प्रमुख बामौर चंद्रभान अहिरवार, गरौठा चेयरमैन अरुण मिश्रा, जिनेन्द्र जैन, जिला उपाध्यक्ष नेहिल सिंघई, अमित चौरसिया, शत्रुघ्न परिहार, मंडल अध्यक्ष गुरसराय आशीष खरे, मंडल अध्यक्ष गरौठा गुड्डू पाठक तथा मंडल अध्यक्ष बामौर पुष्पेन्द्र दुबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कस्बे के महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में बच्चों ने मनाया दीपोत्सव

- दीपोत्सव पर बच्चों ने राम दरबार की झांकी बनाकर अपना उत्साह दिखाया

समृद्धि न्यूज, जालौन(जालौन)।



कस्बे के महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में दीपावली के पावन पर्व पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया साथ ही दीपों की रोशनी से पूरा विद्यालय जगमगा उठा। छात्र-छात्राओं ने रंगोली, सजावट व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया, जिससे पूरे विद्यालय में उत्सव, उमंग और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। शुक्रवार को स्थानीय महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में दीपोत्सव पर स्कूली छात्र छात्राओं ने इस मौके पर रंगोली बनायी साथ ही दीपक जलाकर कर असत्य पर सत्य रावण पर राम की जीत के बाद अयोध्या आगमन पर दीपक जलाकर स्वागत है। बच्चों राम दरबार की झांकी बनाकर अपना उत्साह दिखाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं संगीता, निधि, अनुपमा, प्रिया, अंशिका एवं समस्त शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मंगल सिंह चौहान एवं प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह राजावत की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन रहा। साथ ही वरिष्ठ अध्यापक भगवती, कमल, रंजीत, जहीर, अमित सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने दीपावली पर आपसी प्रेम, सौहार्द, एकता एवं खुशहाली का संदेश दिया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने दीपावली से पहले बोनस मिलने पर जताई खुशी

समृद्धि न्यूज, महोबा।



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश शाखा-महोबा की बैठक संरक्षक सुनील शर्मा ,जिलामंत्री केलकरन सिंह(के.के. सिंह),मंडल अध्यक्ष अजय निगम की उपस्थिथ व जिला अध्यक्ष अजय तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें कर्मचारियों की कई समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा की गयी। साथ ही साथ पदाधिकारिऔ और सभी विभागो के कर्मचारियो द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा दीपावली का बोनस दीपावली के पहले देने की सराहना की गयी और मुख्यमंत्री से आशा की गयी की वर्तमान मे केन्द्र सरकार द्वारा 60% से 63% बढ़ाया 3% महंगाई भत्ता उत्तर प्रदेश राज्य मे भी जल्द लागू किया जाये। जिलामंत्री केल करन (के.के.सिंह) ने सभी संगठनो से अपने अपने विभागो की समस्याओं को जल्द लिखकर देने की अपील की जिससे जिलाधिकारी महोदय से वार्ता का समय लेकर उनका समाधान किया जा सके । इस बैठक मे निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थिति रहे डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा महोबा के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार चौरसिया डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा महोबा के जिला मंत्री मनीष गुप्ता लघु सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष लल्लू लाल कुशवाहा रोडवेज पदाधिकारी रिजवान खान अहमद मात् शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ जिला मंत्री गायत्री राजपूत लेब टेक्नीशियन असोसिएशन शाखा महो बा के जिलामंत्री सँजय पाल कृषि विभाग के जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश नामदेव। बसिक हेल्थ वर्कर असोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा-महोबा के जिला मंत्री आशुतोष चोवे। विभागों के पदाधिकारिऔ के साथ -साथ विभागो के कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

वृद्धजनों के बीच पहुंचीं डीएम की पत्नी व आकांक्षा समिति की अध्यक्ष ऋचा वर्मा

समृद्धि न्यूज, उरई(जालौन)।

धनतेरस के पावन अवसर पर डीएम समीर की पत्नी व आकांक्षा समिति की अध्यक्ष ऋचा वर्मा ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे वृद्धजनों के साथ खुशियों के पल साझा किए। उन्होंने सभी वृद्धजनों को अपने हाथों से मिष्ठान खिलाया व शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान ऋचा वर्मा ने वृद्धजनों के बीच बैठकर उनसे आत्मीय बातचीत की और उनके साथ भजन सुने। वृद्धजनों के साथ

- स्नेह से वृद्धजनों को मिष्ठान खिलाकर व शॉल भेंट कर लिया आशीर्वाद

बिताए इन आत्मीय पलों ने वातावरण को भावुक और आनंदमय बना दिया। उन्होंने बुजुर्गों के प्रति स्नेह, सम्मान और अपनत्व व्यक्त करते हुए उनके सुखद व स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, आशीर्वाद और संस्कार हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। त्योहारों की वास्तविक खुशी अपनों के साथ खुशियां बांटने और जरुरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने में है। धनतेरस के अवसर पर वृद्धजनों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियां बांटने की इस पहल ने त्योहार के उल्लास को और भी आत्मीय बना दिया।

जेवरात व बर्तनों की खरीददारी कर लोगों ने मनाया धनतेरस

- मोबाइल के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की खूब हुई बिक्री
- सर्राफा दुकानों व बाजार में दिखाई दिया महिला-पुरुषों का रेला

समृद्धि न्यूज, बांदा।





धनतेरस की बाजार में हर साल की तरह इस बार भी चांदी का सिक्का का जोर देखने को मिला। चांदी की कीमतों में आए उछाल के बाद भी लोगों ने पुराने चांदी के सिक्कों के साथ ही नए चांदी के सिक्के खरीदकर त्योहार की रस्म अदायगी की। इसके अलावा बर्तनों की बाजार में भी भारी भीड़ रही। धनतेरस की बाजार में सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ी और दोपहर से लेकर देर रात तक मुख्य बाजार में जाम की स्थिति बनी रही। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात सिपाहियों ने खूब पसीना बहाया। हालांकि त्योहारी बाजार में सोने-चांदी की बेतहाशा बढ़ी कीमतों और ऑनलाइन खरीददारी के बढ़ते चलन का भी खासा असर दिखाई पड़ा, लेकिन लोगों ने त्योहार में खरीददारी करके परंपरा का निर्वहन जरूर किया। पांच दिवसीय प्रकाश पर्व दीपावली का आगाज शुक्रवार को धनतेरस के त्योहार के साथ हो गया। इस दिन कुछ नया खरीदने की परंपरा है, लेकिन बाजार में सारे उत्पादों पर महंगाई डायन की काली छाया दिख रही है। बीते दिनों में सोना-चांदी की कीमतों में भी खासा उछाल आया है। हालांकि त्योहार से ठीक एक दिन पहले चांदी और सोने के दामों में मामूली गिरावट देखने को मिली। बीते कुछ सालों से सोने-चांदी के दामों में आई भारी उछाल ने ग्राहकों को निराश किया, लेकिन लोगों ने परंपरा के नाम पर चांदी के सिक्के खरीद कर रस्म अदायगी जरूर निभाई। महंगाई और ऑनलाइन बाजार के बढ़ते चलन के बाद भी बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। ज्यादातर लोग बाजार में जायजा लेने की मंशा के साथ घरों से निकले और बाद में कुछ न कुछ खरीद कर परंपरा निभाने का दावा करते रहे। धनतेरस की बाजार में पुराने चांदी के सिक्कों में जार्ज किंग और रानी विक्टोरिया को लोग ढूंढते रहे। यह सिक्का इस बार 25 सौ रुपए में बिका। जबकि चांदी के लक्ष्मी-गणेश के सिक्के भी ग्राहकों की पहली पसंद रहे। चांदी की कीमतों में भारी उछाल के चलते बीते साल 1800 रुपए में मिलने वाले यह सिक्के भी दो हजार रुपए तक में बिके। उधर बर्तनों की बाजार में चमचमाते स्टील और पीतल के बर्तन दम से बिके। चमचमाते बर्तनों की चकाचौंध में ग्राहकों ने भी खूब उत्साह दिखाया। हालांकि स्टील के दाम पिछले वर्ष की तुलना में तकरीबन 20 फीसदी बढ़े हैं। पीतल और तांबे आदि धातुओं के बर्तनों को ज्यादातर ग्रामीणों ने पसंद किया। उधर दोपहिया व चार पहिया वाहनों के शोरूम भी ग्राहकों से खचाखच भरे रहे। धनतेरस पर तमाम लोगों ने इलेक्ट्रानिक आइटम के साथ ही बाइक व कार खरीदकर त्योहार को शुभ बनाया।

फंदे से लटकता मिला युवती का शव, हत्या का आरोप

पैलानी। जसपुरा थाना क्षेत्र के नांदादेव गांव निवासी पूजा (25) पत्नी महेश ने दरवाजे की चौखट पर साड़ी की लेस से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शुक्रवार को सुबह परिजनों ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने बताया कि रात को उसका मामूली बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था। इसी से नाराज होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर, तिंदवारी थाना क्षेत्र के कांग्रेस डेरा (जौहरपुर) निवासी मृतका के पिता कालका प्रसाद ने बताया की पूजा की शादी तीन साल पहले की थी। पति अक्सर रूपयों की मांग करता था। पति शराब पीने का लती है। शराब के लिए रूपए न देने पर पूजा को मारपीट कर मार डाला। पिता का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराएगा।

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

- अधिकारियों को सुरक्षा, साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सेवाओं की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी धनतेरस, दीपावली, भाई दूज एवं छठ पूजा को सकुशल, शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए धर्मगुरु एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षों से अब तक की गई तैयारियों तथा पीस कमेटी की बैठकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं। त्योहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्त एवं सतर्क निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही अफवाहों पर विशेष नजर रखी जाए और किसी भी भ्रामक सूचना अथवा अप्रिय स्थिति पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए।

स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था रखने तथा एंबुलेंस को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित कर प्रमुख एवं संवेदनशील स्थलों पर तैनात करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। विद्युत विभाग के अधिकारियों को त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही विद्युत तारों एवं पोल का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से नीचे लटक रहे विद्युत तारों को निर्धारित ऊंचाई तक व्यवस्थित एवं टाइट कराने तथा किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की आशंका को समय रहते दूर करने को कहा गया। मूर्ति विसर्जन के संबंध में सभी आयोजकों से पूर्व में ही समन्वय स्थापित करने तथा विसर्जन के दौरान निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। मूर्तियों की ऊंचाई निर्धारित सीमा के अनुरूप रखने, विसर्जन मार्गों का पूर्व निरीक्षण करने तथा जुलूस एवं विसर्जन के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। स्वच्छता एवं छठ पूजा की तैयारियों के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी तथा नगरीय क्षेत्रों में संबंधित अधिशासी अधिकारियों को विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। छठ पूजा के घाटों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने, घाटों तक जाने वाले मार्गों की मरम्मत कराने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा घाटों पर बैरिकेडिंग कराने को कहा गया। इसके अतिरिक्त गोताखोरों की तैनाती, आवश्यकतानुसार नावों की उपलब्धता, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती एवं श्रद्धालुओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पटाखों की बिक्री एवं भंडारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पटाखों की दुकानें आबादी वाले क्षेत्रों से दूर निर्धारित एवं सुरक्षित स्थलों पर ही लगवाई जाएं। दुकानों पर अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं तथा पटाखों के अवैध भंडारण एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जाए। किसी भी दशा में बिना वैध लाइसेंस के पटाखों की बिक्री न होने दी जाए। अग्निशमन विभाग को भी आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों के साथ अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों द्वारा त्योहारों के बेहतर आयोजन, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में दिए गए सुझावों को गंभीरता से सुना गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सुझावों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान आमजन की सुविधा, सुरक्षा एवं आपसी सौहार्द प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, जिससे किसी भी स्तर पर लापरवाही की स्थिति उत्पन्न न हो। अंत में जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि जिस प्रकार पूर्व में सभी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए हैं, उसी परंपरा को कायम रखते हुए आगामी त्योहारों को भी आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने सभी से अफवाहों पर ध्यान न देने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

नाबालिक बालिका के अपहरण के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज़

महाराजगंज,थाना पुरंदरपुर क्षेत्र से नाबालिग बालिका के अपहरण के करीब दो साल पुराने मामले में वांछित अभियुक्त को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कुरैशी नगर निवासी राहुल अग्रहरि (26) पुत्र विनोद अग्रहरि के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, 29 जनवरी 2024 को थाना पुरंदरपुर क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका के लापता होने के मामले में मु0अ0सं0 25/2024 के तहत धारा 363 भादवि में मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में मामले की विवेचना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने को सौंप दी गई।एएचटी पुलिस टीम ने पांच नवंबर 2026 को अपहृता को सकुशल बरामद किया। बालिका के बयान के आधार पर राहुल अग्रहरि का नाम प्रकाश में आया, जिसके बाद मुकदमे में धारा 366 भादवि की बढ़ोतरी की गई। इसके बाद पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पंकज कुमार पाल, उपनिरीक्षक ओमजीत पटेल, कांस्टेबल आशुतोष पुरी, महिला कांस्टेबल ज्योत्सना त्रिपाठी और कांस्टेबल श्याम बहादुर शामिल रहे।

रबी सीजन 2026-27 में किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा प्रमाणित एवं आधारीय बीज

समृद्धि न्यूज ब्यूरो

रायबरेली। जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय ने जनपद के कृषक बन्धुओं को सूचित किया है कि रबी सीजन 2026-27 के अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में स्थापित राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर सभी रबी फसलों के प्रमाणित एवं आधारीय बीजों की बुकिंग प्रक्रिया 10 जुलाई 2026 से प्रारम्भ की गई थी।

बुकिंग प्रक्रिया के उपरान्त चयनित किसानों को उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से सूचना भेजी गई है। उन्होंने बताया कि जिन कृषकों को चयन सम्बन्धी एसएमएस प्राप्त हुआ है, वे ही अपने सम्बन्धित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर पहुंचकर बुकिंग में चयनित बीज क्रय करना सुनिश्चित करें। बीज 50 प्रतिशत अग्रिम अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। बीज का वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से अनुदान की धनराशि घटाकर किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि रबी बीजों की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति के अनुसार गेहूँ की 9478.50 कुंतल उपलब्धता के सापेक्ष 5907.86 कुंतल, जौ की 144.60 कुंतल उपलब्धता के सापेक्ष 32 कुंतल, चना की 149.04 कुंतल उपलब्धता के सापेक्ष 100.48 कुंतल, मटर की 33 कुंतल उपलब्धता के सापेक्ष 33 कुंतल, मसूर की 21.76 कुंतल उपलब्धता के सापेक्ष 11.24 कुंतल, राईध्सरसों की 162.48 कुंतल उपलब्धता के सापेक्ष 101.15 कुंतल तथा तोरिया की 23.50 कुंतल उपलब्धता के सापेक्ष 23.50 कुंतल बीज है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी विकास खण्डों में गेहूँ बीज की उपलब्धता एवं वितरण की व्यवस्था की गई है। गेहूँ बीज की उपलब्धता एवं वितरण की विकास खण्डवार स्थिति इस प्रकार है। अमावां में 674 कुंतल उपलब्धता के सापेक्ष 351 कुंतल, बछरावां में 220 के सापेक्ष 147.70 कुंतल, छतोह में 376.80 के सापेक्ष 300.52 कुंतल, डलमऊ में 394.40 के सापेक्ष 223 कुंतल, डीह में 616.70 के सापेक्ष 541.10 कुंतल, दीनशाह गौरा में 216.80 के सापेक्ष 203.80 कुंतल, हरचन्दपुर में 724.80 के सापेक्ष 401.80 कुंतल, जगतपुर में 294.20 के सापेक्ष 197.20 कुंतल, खीरों में 200 के सापेक्ष 152.40 कुंतल, लालगंज में 545 के सापेक्ष 474.60 कुंतल, महराजगंज में 809.40 के सापेक्ष 659.89 कुंतल, राही में 538.40 के सापेक्ष 401.20 कुंतल, रोहनियां में 135.20 के सापेक्ष 103 कुंतल, सलोन में 693.80 के सापेक्ष 443 कुंतल, सरेनी में 390 के सापेक्ष 294.40 कुंतल, सतांव में 570 के सापेक्ष 416.80 कुंतल, शिवगढ़ में 310 के सापेक्ष 310 कुंतल तथा ऊंचाहार में 481 कुंतल उपलब्धता के सापेक्ष 286.65 कुंतल गेहूँ बीज है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि गेहूँ की अधिकतम उत्पादन देने वाली उन्नतशील प्रजातियों डीबीडब्ल्यू-187, डीबीडब्ल्यू-222, डीबीडब्ल्यू-303, डीबीडब्ल्यू-327 एवं पीबीडब्ल्यू-343 का आवंटित स्रोतों से उठान कर राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिन किसानों को बीज वितरण किया जा रहा है, उनका चयन बुकिंगध्ई-लॉटरी के माध्यम से पूर्व में ही किया जा चुका है।

महिला की बेरहमी से हत्या, पति हिरासत में

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मंदरिया गांव में 28 वर्षीय महिला की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार महिला की पहचान बिजमा देवी के रूप में हुई है। महिला का शव घर के अंदर मिला, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात करीब 2:30 बजे डायल-112 पर सूचना मिली कि मंदरिया गांव में एक महिला की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस ने महिला के पति सुमन कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस की शुरुआती जांच में पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद की बात सामने आई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी। घटना से करीब तीन दिन पहले भी महिला मायके से ससुराल वापस आई थी। महिला की करीब 10 वर्ष पहले सुमन कुमार से शादी हुई थी। दंपती के तीन छोटे बच्चे हैं। घटना की जानकारी सुबह मायके पक्ष को दी गई, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फोरेंसिक साक्ष्यों समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है, ताकि घटना की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। डीसीपी सिटी सागर जैन के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला पति-पत्नी के बीच विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। हिरासत में लिए गए पति से पूछताछ जारी है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों में जुटा प्रशासन, 30 विभागों के अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों के 30 नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ निर्वहन सुनिश्चित करें। साथ ही अपने विभाग के सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें भी उनके कार्यों एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराएं।

डीएम ने कहा कि निर्वाचन की तैयारियों को अंतिम समय के लिए न छोड़ें, बल्कि सभी संबंधित अधिकारी अभी से सक्रिय होकर अपने कार्यों में जुट जाएं। अपने-अपने कार्यक्षेत्र का भ्रमण कर निर्वाचन से जुड़ी व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी प्राप्त करें। इस दौरान आने वाली समस्याओं और कठिनाइयों से उच्चाधिकारियों को समय रहते अवगत कराएं, ताकि उनका समयबद्ध निस्तारण कराया जा सके।उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना जरूरी है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रशांत कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार चौधरी, वरिष्ठ कोषाधिकारी राज कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अर्पणा चौहान ने वृद्धाश्रम एवं विशेष दत्तक ग्रहण इकाई का किया निरीक्षण

- वृद्धजनों को फल एवं मिष्ठान वितरित कर दी दीपावली की शुभकामनाएं, स्वास्थ्य शिविर में की गई स्वास्थ्य जांच

समृद्धि न्यूज़



कुशीनगर। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अर्पणा चौहान ने शुक्रवार को अपराह्न 12:30 बजे जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा संचालित विशेष दत्तक ग्रहण इकाई, कुशीनगर तथा जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया।

वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां निवासरत वृद्धजनों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, आवास सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर उन्होंने वृद्धजनों को फल एवं मिष्ठान वितरित कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की।

वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ब्लड जांच, शुगर एवं ब्लड प्रेशर सहित अन्य आवश्यक जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने शुगर एवं ब्लड प्रेशर से पीड़ित वृद्धजनों के खान-पान, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों एवं वृद्धाश्रम संचालक को दिए। इसके उपरांत विशेष दत्तक ग्रहण इकाई के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां आवासित बच्चों एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही इकाई परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, लेखाकार पुनीत यादव, वृद्धाश्रम प्रबंधक रागिनी सिंह, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासिका रीता यादव तथा विशेष दत्तक ग्रहण इकाई की मैनेजर लक्ष्मी उपाध्याय सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनएसपीएस त्रिपुला में दीपोत्सव पर्व का हुआ भव्य आयोजन

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में दीपावली अवकाश से पूर्व धनतेरस के शुभ अवसर पर पांच दिवसीय दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। पारंपरिक आस्था, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उत्सव को यादगार बना दिया। साथ ही सुबह की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के सहयोगी कर्मचारियों को दिए, खील, बतासे और फुलझड़ियाँ उपहार स्वरूप प्रदान की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि शर्मा ने प्रधानाचार्य शर्मिला दास गुप्ता, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ भगवान गणेश, माता लक्ष्मी, मां सरस्वती और भगवान कुबेर के विधिवत पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य एवं गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भगवान गणेश, माता लक्ष्मी और मां सरस्वती के स्वरूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह में विद्यार्थियों की माताओं के बीच आयोजित दीया बैलेंसिंग रेस विशेष आकर्षण रही। वहीं पूजा थाली सजावट एवं बंदनवार प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। सह-प्रबंधिका डॉ. रश्मि शर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अज्ञानता पर ज्ञान, अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देने वाला उत्सव है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हरित एवं सुरक्षित दीपावली मनाने तथा अपने जीवन में प्रेम, सद्भाव और अनुशासन के प्रकाश को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आराध्या एवं अदिति ने किया। अंत में प्रधानाचार्य शर्मिला दास गुप्ता ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया और फुलझड़ियों की रोशनी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, शुभांजलि, मिंजा, अजय सिंह, राममिलन, गिरीश श्रीवास्तव, शिक्षक-शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में 17 वर्षीय बाल अपचारी पुलिस संरक्षण में

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, परसामलिक थाना क्षेत्र में दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में वांछित 17 वर्षीय बाल अपचारी को पुलिस ने संरक्षण में लिया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नौतनवा के पर्यवेक्षण में थाना परसामलिक पुलिस टीम ने शुक्रवार, 6 नवंबर को थाना स्थानीय पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 88/2026 के संबंध में शिशमहल निवासी 17 वर्षीय बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया।मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)एम, 137(2), 351(3), 352 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5एल/6 के तहत अभियोग पंजीकृत है।

41वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन का आयोजन 19 नवम्बर को प्रयागराज में

- पुरुष एवं महिला वर्ग के धावक ले सकेंगे प्रतिभाग, विजेताओं को मिलेगा दो लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। उप क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय, प्रयागराज एवं जिला प्रशासन, प्रयागराज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 41वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन का आयोजन दिनांक 19 नवम्बर, 2026 को किया जाएगा। मैराथन का शुभारंभ ऐतिहासिक स्थल आनंद भवन, प्रयागराज से प्रातः 06:30 बजे होगा। इसमें देश एवं प्रदेश के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के धावक एवं धाविकाएं प्रतिभाग करेंगे।

उन्होंने बताया कि मैराथन दौड़ शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में संपन्न होगी। पुरस्कार वितरण समारोह उसी दिन अपराह्न 02:30 बजे मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। मैराथन के पुरुष एवं महिला वर्ग में विजेताओं को निम्नानुसार नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। फुल मैराथन (42.195 किलोमीटर) एवं हाफ मैराथन (21.097 किलोमीटर) के पुरस्कार (प्रत्येक वर्ग के लिए) स्थान। फुल मैराथन। हाफ मैराथन

प्रथम पुरस्कार। 2,00,000। 51,000

द्वितीय पुरस्कार। 1,00,000। 21,000

तृतीय पुरस्कार। 75,000। 11,000

सांत्वना पुरस्कार। 11 पुरस्कार, 10,000 प्रत्येक। 03 पुरस्कार, 5,100 प्रत्येक

उन्होंने इच्छुक धावक एवं धाविकाओं से अपील की है कि वे अपनी प्रविष्टि दिनांक 17 नवम्बर, 2026 तक क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी कार्यालय, मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, कम्पनीबाग, प्रयागराज के पते पर भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट indiramarathon.co.in पर भी निर्धारित तिथि तक पंजीकरण करा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि पंजीकरण एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए ई-मेल indiramarathonprayagraj@gmail.com अथवा मोबाइल नंबर 9335163067 पर संपर्क किया जा सकता है।

113 वर्ष पुराने श्रीराम-लक्ष्मण मंदिर के जीर्णोद्धार और भव्य सुंदरीकरण का भूमि पूजन संपन्न

- सदर विधायक जय मंगल कनौजिया ने ईंट रखकर किया शिलान्यास

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज, टेढ़वा कुटी स्थित 113 वर्ष प्राचीन श्रीराम-लक्ष्मण मंदिर के जीर्णोद्धार एवं भव्य सुंदरीकरण कार्य का भूमि पूजन आज विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सदर विधायक जय मंगल कनौजिया ने मंदिर परिसर में ईंट रखकर निर्माण एवं सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया। भूमि पूजन के साथ ही प्राचीन मंदिर को नया और भव्य स्वरूप देने की दिशा में कार्य का शुभारंभ हो गया।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण की पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



कार्यक्रम के दौरान श्री श्री 108 हरिदास जी महाराज के शिष्य एवं महंत के बालक संत कुमार महंत ने उपस्थित सभी अतिथियों और नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ठाकुर जी के मंदिर का सुंदरीकरण कार्य सभी लोगों के सहयोग और समर्थन से प्रारंभ हो सका है। इसके लिए उन्होंने सभी सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि लोगों की सहभागिता और आस्था से मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान करने का कार्य आगे बढ़ रहा है।गौरतलब है कि 113 वर्ष पुराने इस मंदिर का धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण कार्य पूरा होने के बाद मंदिर परिसर का स्वरूप और आकर्षक होने के साथ ही श्रद्धालुओं को बेहतर धार्मिक वातावरण उपलब्ध होगा। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्य को क्षेत्र की आस्था और परंपरा से जुड़ी धरोहर को संरक्षित करने का सराहनीय प्रयास बताया।इस मौके पर मंदिर के पुजारी ऋषि दास, राजकुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल जायसवाल, उपेंद्र जायसवाल, राहुल जायसवाल, विनोद गुप्ता, अजय अग्रहरि, कपिल देव प्रजापति, विजय प्रताप सिंह, संजय पांडेय, राम कृपाल चौरसिया, राममिलन चौरसिया, अविनाश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

बच्चों ने दीप जलाकर किया दीपावली का स्वागत



छिबरामऊ, कन्नौज। बाबा पंचम सिंह जनता इंटर कॉलेज नगला लक्ष्मण, हृदय रामपुर, लोकपुर शंकरपुर में धनतेरस पर दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छुट्टी से पूर्व बच्चों ने दीप जलाकर व रंगोली बनाकर दीपावली का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य के. यादव ने बच्चों को पटाखे बड़ों की देखरेख में जलाने, उचित दूरी बनाए रखने, दीये को कपड़े व कागज से दूर रखने और पास में पानी रखने के निर्देश दिए। प्रबंधक संतोष कुमार यादव ने विदेशी पटाखों का बहिष्कार कर स्वदेशी पटाखे व मिट्टी के दीये अपनाने की अपील की। व्यवस्थापक दलगंजन सिंह यादव व समस्त स्टाफ ने सभी को धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

कुमार मेडिकल स्टोर की नई ब्रांच का धूमधाम से शुभारंभ



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में कोतवाली के पास कुमार मेडिकल स्टोर की नई ब्रांच का हवन-पूजन के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। आचार्य पंडित विजय द्विवेदी ने विधि-विधान से हवन पूजन कराया। इस अवसर पर अजीत गुप्ता, अमित गुप्ता, आरएन गुप्ता, अभिनव गुप्ता, अर्पित गुप्ता, श्रीमती कमला गुप्ता, प्रमिता गुप्ता, सौरभ, अक्षय, दीपक व अजय सहित परिवार के सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवीन (रिटेल) कुमार मेडिकल स्टोर के स्वामी अजीत गुप्ता ने बताया कि इसकी नींव 1980 में स्वर्गीय अशोक कुमार गुप्ता ने रखी थी। उचित मूल्य पर एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक सभी ब्रांडों की दवाएं उपलब्ध कराने से स्टोर को व्यापक लोकप्रियता मिली। बड़े भाई अमित गुप्ता ने पुरानी गल्ला मंडी में अमित फार्मा के नाम से नया प्रतिष्ठान खोला है, जबकि आज इस नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ है। अजीत गुप्ता ने कहा कि हम सदैव मरीजों को सही दवा, सही सलाह और उचित दाम पर उपलब्ध कराने का प्रयास करते रहेंगे। नई ब्रांच से नगरवासियों को और बेहतर सुविधा मिलेगी।

पीएनजी कनेक्शन के लक्ष्य पूरे करने में सुस्ती, अब डीएम ने तेज करने के दिए निर्देश



कन्नौज। जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन विस्तार की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नाराजगी जताते हुए अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को एनआईसी सभागार में पीएनजी ड्राइव 3.0 की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा करने को कहा। बैठक में बताया गया कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने 20 हजार पंजीकरण, 7500 डीपीएनजी और 10 हजार बिलयुक्त कनेक्शन का लक्ष्य रखा है। पांच नवंबर तक 4329 पंजीकरण, 3301 डीपीएनजी और 1250 बिलयुक्त कनेक्शन हुए हैं। डीएम ने कन्नौज, गुरसहायगंज और छिबरामऊ में पाइपलाइन विस्तार तेज करने तथा लोगों को कनेक्शन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। पुराने मोहल्लों के साथ गुरसहायगंज और छिबरामऊ की आवासीय कॉलोनियों को भी अभियान में शामिल किया जाएगा। बैठक में 228 एलपीजी कनेक्शन ब्लॉक होने की जानकारी दी गई। इनमें इंडियन ऑयल के 200, भारत पेट्रोलियम के 24 और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के चार कनेक्शन शामिल हैं। डीएम ने उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

हीरो उत्सव की धूम उर्वशीऑटो सेल्स में ग्राहक शोएब ने बाइक खरीद पर जीता 100 प्रतिशत कैशबैक



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। त्योहारों और खुशियों के इस मौसम में टू.व्हीलर ऑटोमोबाइल सेक्टर की दिग्गज कंपनी हीरो मोटो कार्प के अधिकृत डीलर श्उर्वशी ऑटो सेल्सश में चल रहे विशेष हीरो उत्सव में ग्राहकों पर इनामों की जमकर बौछार हो रही है। इस उत्सव के दौरान हैदरगढ़ के एक भाग्यशाली ग्राहक ने अपनी पसंदीदा बाइक खरीदने पर पूरा पैसा वापस ;100 प्रतिशत कैशबैकद्ध जीतकर एक नया कीर्तिमान रचा है। शोरूम से मिली जानकारी के अनुसार ग्राहक शोएब ने यहाँ से अपनी पसंदीदा हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक खरीदी थी। गाड़ी की डिलीवरी के दौरान जब उन्होंने उत्सव के तहत मिले कूपन को स्क्रैच किया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने अपनी इस खरीद पर 100 प्रतिशत कैशबैक का बंपर इनाम जीत लिया। यानी एक तरफ जहाँ उनका नई गाड़ी का सपना पूरा हुआए वहीं दूसरी तरफ यह गाड़ी उन्हें पूरी तरह मुफ्त मिल गई। इस बड़ी जीत पर उर्वशी ऑटो सेल्स परिवार ने शोएब को बुके देकर सम्मानित किया और उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दीं। शोरूम प्रबंधक कृष्ण कुमार शुक्ला ने बताया कि यह खास श्हीरो उत्सवश 1 नवंबर से शुरू होकर 4 नवंबर 2026 तक जारी रहेगा। इस बेहद सीमित अवधि के उत्सव में हर नई हीरो बाइक या स्कूटर की खरीद पर ग्राहकों को एक निश्चित शानदार स्क्रैच कूपन दिया जा रहा है। इस कूपन के जरिए ग्राहकों के पास एक और नई गाड़ी मुफ्त जीतने का सुनहरा मौका है। आपका विश्वासए हमारी पहचान के संकल्प के साथ शोरूम ने ग्राहकों को आमंत्रित किया है कि वे इस उत्सव का हिस्सा बनें। हर खरीद पर कोई न कोई शानदार इनाम तय है। शोरूम प्रबंधन का कहना हैकि शोएब के रूप में हमें हमारा बड़ा विजेता मिल चुका हैए अब अगली बारी आपकी है।

युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम है खेल : राज्य मंत्री कैलाश राजपूत

- सेंट पॉल्स स्कूल में अंतर विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। सेंट पॉल्स स्कूल में दीप प्रज्वलन कर अंतर विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए अध्यक्षता कर रहे ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूत ने कहा खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 1वर्तमान समय में खेल और उससे जुड़ी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए वे सदैव तत्पर हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को ईमानदारी से खेलने के लिए प्रेरित किया। परेड के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अनुशासन का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विशप फादर थॉमस पडियाथ ने खिलाड़ियों को अनुशासन, ईमानदारी व खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। अंतर विद्यालयी खेल प्रतियोग्यताओं में 14 विद्यालयों के लगभग 500 से अधिक छात्र-छात्राओं प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट नृत्य की प्रस्तुति से खेलों का शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता में 100 मीटर , 200 मीटर व 400 मीटर की दौड़, गोला फेंक, ऊंची छलांग , लंबी छलांग जैसी विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ 1विजेता छात्रों को ट्रॉफी , मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. फादर संथोष सेलेस्टिन ने पधारे हुए अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण से किया और कार्यक्रम में पधारने के लिए सभी के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर प्रबंधक फादर फ्रांसिस सहित अन्य 14 विद्यालयों के सभी प्रधानाचार्य ने अतिथि पदों को सुशोभित किया।

रामनगर रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत एक की मौत

गुरसरांय(झांसी)। रामनगर रोड स्थित आवास के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने से भीषण भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में एक बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दोनों वाहनों पर सवार अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और राहगीर मौके पर पहुंचे तथा घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में लोंडी निवासी 55 वर्षीय प्रमोद पटेल पुत्र जगदीश पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

उन्हें इलाज के लिए गुरसरांय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया और शोक की लहर दौड़ गई।हादसे में दूसरी बाइक पर सवार पंडोखर निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पांच बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई शुरू



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। तहसील क्षेत्र में बैंक से ऋण लेकर लंबे समय से भुगतान नहीं करने वाले बड़े बकायेदारों के खिलाफ बैंक और राजस्व विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (पूर्ववर्ती आर्यावर्त बैंक) ने पांच बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई प्रारंभ की है। सभी ने कृषि भूमि बंधक रखकर ऋण लिया था। बैंक के अनुसार अरुआ निवासी राज बहादुर पर 5.93 लाख, हरकरनपुर के बीरबल पर 3.47 लाख, भोजपुर के मुनीम सिंह पर 2.97 लाख और नगला बरी निवासी अनिल कुमार पर 4.59 लाख रुपये बकाया हैं। वहीं बिराहिमपुर निवासी मृतक बाबूराम के वारिसों जय प्रकाश, सत्य प्रकाश, वेद प्रकाश, प्रेम प्रकाश और नीलेश कुमार पर 6.39 लाख रुपये बकाया हैं। सभी धनराशि ब्याज सहित है। बैंक अधिकारियों के मुताबिक कई बार नोटिस और संपर्क के बावजूद बकायेदारों ने भुगतान नहीं किया। इसके बाद राजस्व विभाग के सहयोग से कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार यादव, विधि अधिकारी प्रणय सिंह, अमीन पन्नालाल और धर्मेश तिवारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

दीप सजाओ प्रतियोगिता में भैया बहनों ने दिखाई प्रतिभा

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित दीप सजाओ प्रतियोगिता में भैया बहनों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी रचनात्मकता व कला का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के दौरान छात्र छात्राओं ने मिट्टी के दीयों को विभिन्न रंगों, मोतियों, गिट्टियों और कलाकृतियों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया। बच्चों द्वारा बनाए गए रंग-बिरंगे और टिमटिमाते दीयों ने हर किसी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक देवेंद्र सिंह राठौर और प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने बच्चों द्वारा सजाए गए दीयों का बारीकी से निरीक्षण किया और उनके हुनर की जमकर सराहना की। वरिष्ठ आचार्य अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि हमें यह त्यौहार समरसता, प्रसन्नता और एकता के भाव से मनाना चाहिए। इसके साथ ही, समाज में अभावग्रस्त और वंचित लोगों का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए, ताकि उनके घरों में भी खुशियों का प्रकाश फैल सके। व्यवस्थापक देवेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि दीपावली का पर्व हमारे जीवन में अंधकार को मिटाकर प्रकाश फैलाने का संदेश देता है। ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा निखरकर सामने आती है। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने में युवा पीढ़ी की अहम भूमिका है। बच्चों ने जिस लगन से दीयों को सजाया है, वह वाकई प्रशंसनीय है। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

शर्मा स्टील उद्योग में हर तरह के मॉडर्न फर्नीचर

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। अगर आप अपने घर को आधुनिक और आरामदायक बनाना चाहते हैं, तो सौरिख तिराहे के आगे मोहल्ला इंद्रानगर गली के पास रोड पर स्थित शर्मा स्टील उद्योग का शोरूम एकदम सही जगह है। यहां एक ही छत के नीचे हर तरह के टिकाऊ और स्टाइलिश फर्नीचर उपलब्ध हैं, जो आपके बजट में फिट बैठेंगे।

शोरूम संचालक जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि फर्नीचर की विस्तृत रेंज में आधुनिक बेड, मुलायम गद्दे, आरामदायक तकिए, लग्जरी सोफा सेट, एलिगेंट डाइनिंग टेबल, सेंटर टेबल, स्पेशियस अलमारी और अलमीरा शामिल हैं। इसके अलावा, व्हीलचेयर जैसी उपयोगी चीजें, नीलकमल की मजबूत प्लास्टिक कुर्सियां, बच्चों के मजेदार सेट और इलेक्ट्रिक आइटम्स में विभिन्न प्रकार के कूलर भी उचित दामों पर मिल रहे हैं। ये सभी प्रोडक्ट्स उच्च गुणवत्ता वाले हैं, जो लंबे समय तक साथ देंगे।

घर सजाने का शौक है? तो आज ही शर्मा स्टील उद्योग का दौरा करें और अपने सपनों का घर सजाएं।

हुनरमंद बेटियों ने कबाड़ से बनाए आकर्षक उपहार, अधिकारियों ने सराहा हुनर

- 'हम बनेंगे हुनरमंद' पहल के तहत छात्राओं ने डीएम एसपी और सीडीओ को भेंट किए हस्तनिर्मित दीपोत्सव उपहार

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। बेसिक शिक्षा विभाग की पहल 'हम बनेंगे हुनरमंद' के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय हैवतपुर कटरा की छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता से अधिकारियों का दिल जीत लिया। छात्राओं ने दीपावली पर स्वनिर्मित उपहार जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार और मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव को भेंट किए।

छात्राओं ने आकर्षक शुभकामना कार्ड, स्वीट बास्केट और सुगंधित मोमबत्तियां तैयार कीं। खास बात यह रही कि बेकार पड़े नारियल के खोल और अनुपयोगी सामग्री से खूबसूरत उपहार बनाकर 'कबाड़ से जुगाड़' की मिसाल पेश की। अधिकारियों ने छात्राओं के हुनर, मेहनत और नवाचार की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि पहल का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ कौशल आधारित शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान शिक्षक आशुतोष दुबे, आशीष मिश्रा, गुंजन भदौरिया, स्नेहलता द्विवेदी और रोशनी दुबे मौजूद रहीं।

खेलों से बच्चों की प्रतिभा में आता निखार - जीतू तिवारी

गुरसहायगंज। कन्नौज क्षेत्र के बमरौली ग्राम स्थित खेल के मैदान में आयोजित दो दिवसीय दौड़ प्रतियोगिता में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी का आयोजकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया, इस दौरान भाजपा नेता जीतू तिवारी ने कहा कि खेलों से बच्चों में छिपी प्रतिभाओं में निखार आता है । शुक्रवार को बमरौली स्थित खेल के मैदान में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम के अंतिम दिन विजेता प्रतिभागियों को भाजपा नेता जीतू तिवारी द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता तिवारी ने कहा कि बच्चों के लिए आवश्यक है क्योंकि खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार खेलों के प्रति जनता को जागरुक कर योजनाओं के माध्यम से सीधा लाभ पहुंचा रही है ।

अधिवक्ता दीपक की तरह पीड़ति को न्याय की उम्मीद जगाता है- हजेला

गुरसहायगंज, कन्नौज। अधिवक्ता अंकित हजेला ने बताया कि हम सभी जानते हैं कि एक दीपक स्वयं जल कर दूसरों को प्रकाश देता है। ठीक उसी प्रकार एक अधिवक्ता भी अपने ज्ञान, परिश्रम और तर्कों के माध्यम से किसी पीड़ित व्यक्ति के जीवन में न्याय की उम्मीद जगाता है। हमारा पेशा केवल मुकदमे लड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों की रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। आज दीपावली के अवसर पर मेरी एक छोटी-सी कामना है कि किसी निर्दोष की आँखों में न्याय की प्रतीक्षा के आँसू न हों, किसी गरीब को न्याय पाने के लिए दर-दर भटकना न पड़े और किसी कमजोर व्यक्ति को अपने अधिकारों के लिए अकेले संघर्ष न करना पड़े। क्योंकि जिस दिन समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय का प्रकाश पहुँच जाएगा, उसी दिन दीपावली का वास्तविक उद्देश्य सार्थक होगा।

दोहरे हत्याकांड में पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज। कन्नौज दोहरी हत्याकांड में पीड़ित परिवार से मिलकर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने शोक संवेदना व्यक्त कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन घटना के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा दिलवाए

बताते चलें कि नगर के मुख्य चौराहे स्थित सरकारी अस्पताल में बीते दिन संजीव कठेरिया एवं उसकी पत्नी शिखा की दर्दनाक हत्या कर दी गई थी एवं उसकी मृतक संजीव की पुत्री 2 वर्षी मान्य को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था जिससे नगर व क्षेत्र में घटना को लेकर हड़कंप मच गया था । कई थानों का पुलिस बल सहित डीआईजी कानपुर जिलाधिकारी कन्नौज एवं पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे थे घटना के खुलासा के लिए पांच टीमों का गठन किया गया था। उधर दोहरी हत्याकांड से परिजनों के बीच शोक की लहर दौड़ गई थी पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही मृतकों के शवों को नगर स्थित आवास पर लाया गया । पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को संवेदना व्यक्त करने के उपरांत जिला प्रशासन से घटना का खुलासा करने एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है ।

दीपों की रोशनी और रंगोलियों की छटा से जगमगाया विद्यालय



समृद्धि न्यूज

तिर्वा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धन्वंतरि जयंती मनाई। कार्यक्रम प्रमुख आचार्य चंद्रकांत ने भगवान धन्वंतरि के जीवन और महत्व पर प्रकाश डाला।

इसके बाद प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी और प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्वलित कर दीपावली उत्सव का शुभारंभ किया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक कलाकृतियां बनाईं। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती इको-फ्रेंडली रंगोलियां विशेष आकर्षण रहीं। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वरिष्ठ आचार्य ज्ञानेश ने दीपावली के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। प्रबंधक ने शिक्षकों और कर्मचारियों को मिठाई वितरित की। प्रधानाचार्य ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और पटाखों से सुरक्षा के साथ त्योहार मनाने की अपील की।





धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी डॉ. जितेंद्र यादव का जन्मदिन



डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाते सुरेन्द्र सिंह गौर आदि

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिले के वरिष्ठ समाजसेवी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी रहे डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव का 53वां जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। दर्जनों गांवों में केक काटे गए, भट्ठा मजदूरों ने भी केक काटकर वरिष्ठ सपा नेता की लम्बी उम्र की कामना की।हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, पूर्व जिला सपा महासचिव इलियास मंसूरी, प्रदीप यादव टीटू सहित तमाम लोगों की टोली ने अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों

जगह-जगह काटे गए केक

गांवों में सपा नेता जितेन्द्र यादव का जन्मदिन मनाया। ग्रामीणों ने केक काटकर डॉ. जितेन्द्र यादव की लम्बी उम्र की कामना की। अमृतपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत राजेपुर में समरजीत सिंह चैहान के आवास पर, कुतलूपुर में, ग्राम कुबेरपुर में, भाऊपुर में, ग्रामसभा अमृतपुर में, ग्राम कक्यूली में, कक्यूली के मजरा बदकनी में, नवाबगंज, शमशाबाद में डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के समर्थकों ने केक काटकर खुशियां मनाई। सभी कार्यक्रमों में सुरेन्द्र सिंह गौर, इलियास मंसूरी, भोला यादव, प्रदीप कुमार टीटू की सक्रिय भूमिका रही। ग्राम चांदपुर में ईंट भट्ठा श्रमिकों ने केक काटकर समाजसेवी का जन्मदिन मनाया। भट्ठा स्वामी सौरभ यादव, प्रधान दिनेश यादव ने डॉ0 जितेंद्र यादव की कर्मठता की दिल खोलकर प्रशंसा की। विनीत परमार, जिला सचिव सपा, रुकमंगल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेम सिंह गहरवार, सतीश सिंह चैहान, सतीश सिंह चैहान, कुंवर सिंह, राजेश सिंह, प्रमोद यादव, सिराजुद्दीन खान, इस्लाम खान, उजैर खान, विनोद कुमार, सतीश सिंह चैहान, वीर बहादुर सिंह, रणवीर सिंह, अब्दुल हमीद, ब्रह्मपाल, सोनू पाठक, मिंटू गहरवार, अमन सिंह, आशुतोष अवस्थी, अरविंद यादव जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा, धनंजय यादव, रामवीर बाथम, उत्कर्ष यादव, संजय राजपूत सहित तमाम ग्रामीणों ने डॉ. जितेन्द्र यादव की प्रशंसा कर शुभकामनाएं दीं। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि समर्थकों के स्नेह से वे अभिभूत हैं। उन्होंने सभी का आभार जताया।

डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का सपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया 53वां जन्मदिन



डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाते समर्थक व शुभचिंतक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के नि0 प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव का 53वां जन्मदिवस उनके समर्थकों ने बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने केक काटकर खुशियों का इजहार किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य तथा लंबी आयु की कामना की। जन्मदिन का कार्यक्रम थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा नवाबगंज के ग्राम सिरमौर बांगर में स्थित समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के नि0 जिलाध्यक्ष साजिद अली खान के आवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थकों में गजब का उत्साह देखने को मिला। सभी ने मिलकर डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस मौके पर साजिद अली खान, बली मोहम्मद, डॉ0 नवरंग सिंह यादव, जमील खान पत्रकार, जाहर सिंह यादव, आदिल खान एवं राशिद खान मौजूद रहे।

जिला कार्यालय पर प्रधान संपादक का मनाया गया जन्मदिवस

फर्रुखाबाद। समृद्धि न्यूज समाचार पत्र के प्रधान संपादक का जन्मदिन जिला कार्यालय में अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कार्यालय के सभी सहयोगियों, पत्रकारों ने बधाई दी और उनके सुदीर्घ जीवन तथा उत्तम स्वास्थ्य की ईश्वर से कामना की। इस दौरान उपस्थित जनों ने समाचार पत्र के क्षेत्र में उनके कुशल मार्गदर्शन और पत्रकारिता के प्रति समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में केक काटकर खुशियां मनाई गईं और सभी ने उन्हें आत्मीय शुभकामनाएं दीं। प्रधान संपादक ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए निष्पक्ष और जनहित की पत्रकारिता को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

कन्वेंशन के अंतिम दिन परमेश्वर के वचनों से दिया गया अच्छे जीवन का संदेश



कन्वेंशन में मौजूद पादरी व मसीह समाज के लोग

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के तत्वावधान में सीएनआई बढ़पुर चर्च ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय आत्मिक जागृति कन्वेंशन का समापन हुआ। अंतिम दिन मसीही समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में सामूहिक आराधना, प्रार्थना और बाइबिल के संदेशों के माध्यम से लोगों को विश्वास, प्रेम और अच्छे जीवन की राह पर चलने का संदेश दिया गया। कन्वेंशन में युवाओं, संडे स्कूल के बच्चों और महिला समिति ने भी सहभागिता की। सीएनआई बढ़पुर चर्च, सीएनआई रखा चर्च, सीएनआई सिटी चर्च, ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च और क्राइस्ट चर्च की टीमों ने मधुर आत्मिक गीतों की प्रस्तुति देकर सामूहिक आराधना की। मुंबई से आए मुख्य वक्ता डॉ0 हंसल फ्रेडीक ने बाइबिल के दूसरे पतरस अध्याय 3 के वचन 11 से 18 के माध्यम से आत्मिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक-दूसरे के साथ अच्छा जीवन व्यतीत करते हुए स्वयं को यीशु मसीह में तैयार करना चाहिए। परमेश्वर के वचनों को अपने जीवन में अपनाकर विश्वास और प्रेम के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि पादरी फजल मसीह, डीन ऑफ कानपुर उपस्थित रहे। इसके अलावा इटावा से आए पादरी मेल्विन चार्ल्स और मुजफ्फरनगर से आए पादरी आशीष मसीह ने भी सहभागिता की। पादरी स्टीफन मसीह और पादरी हेरोल्ड अबिताभ ने बाइबिल के वचनों के माध्यम से परमेश्वर के प्रेम और विश्वास का संदेश दिया तथा सामूहिक प्रार्थना कराई।

बरेली क्राइस्ट चर्च की टीम के सदस्य विनीत मैसी, नीति मैसी, आदित्य मैसी, अक्षय मैसी और मार्क अब्राहम ने मधुर आत्मिक गीतों के माध्यम से आराधना का संचालन किया। गीतों और प्रार्थना के दौरान चर्च परिसर का माहौल भक्तिमय बना रहा। इस दौरान राजीव के लाल, ऐलिस दयाल, मुकेश डेविड, राकेश सक्सेना, डीके लाल, रोजिशन विश्वासी, अनमोल, आदित्य, रोहित सहाय, राहुल अबरार, अजय लाल, ऐस्तर रोज दयाल, एलिस दयाल, विनीता सिंह, डार्कस अबरार, वीना साइमन, शशि सिंह, ईवू हेराल्ड और जॉर्डन राज सहित बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

युवक को ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास, स्कूटी समेत घसीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव बीसलपुर बांगर में पुरानी रंजिश और सरकारी नलकूप पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर दबंगों ने दुकान बंद कर इलेक्ट्रिक स्कूटी से घर लौट रहे एक युवक को ट्रैक्टर से टक्कर मारकर जान से मारने का प्रयास किया गया। आरोपियों ने स्कूटी समेत युवक को सड़क पर काफी दूर तक घसीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के गांव बीसलपुर बांगर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र कंचन सिंह गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे गांव करनपुर स्थित अपनी दुकान बंद करके इलेक्ट्रिक स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह अपने गांव के पास पहुंचे, तभी गांव के ही एक युवक व उसके साथियों ने पुरानी रंजिश के चलते उनकी स्कूटी में ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कुलदीप स्कूटी समेत सड़क पर गिर पड़े। ट्रैक्टर को पीछे किया और दोबारा टक्कर मारते हुए स्कूटी समेत कुलदीप सिंह को ट्रैक्टर से फंसाकर काफी दूर तक सड़क पर घसीटते चले गए। ग्रामीण मौके पर इकट्ठा होने लगे, तो हमलावर ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गए। घायल कुदीप सिंह ने बताया कि आरोपी गांव के सरकारी नलकूप पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं और किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी देने के एवज में अवैध रूप से रुपये वसूलते हैं।

किशोरी को भगा ले गया युवक

संकिसा। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी पिता ने सिद्धार्थ पुत्र सत्यपाल के विरुद्ध किशोरी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 5 अक्टूबर समय करीब 9:45 बजे मेरी 16 वर्षीय पुत्री खेत जाने की बात कह कर घर से निकली थी। मेरी पुत्री आरोपित सिद्धार्थ से इंस्टाग्राम पर बात किया करती थी वह मेरी पुत्री को भाग ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे को जांच पड़ताल शुरू कर दी।

चार हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा

बांदा। जमीनी विवाद के चलते लाठी डंडों और धारधार हथियार से मारपीट कर हत्या के मुकदमे में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट गगन कुमार भारती ने चार हत्यारोपियों को आजीवन कारावास और 13-13 हजार रुपए का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। बता दें कि 18 जून 2023 को गिरवां थाना क्षेत्र के बंडे गांव निवासी जुगुल किशोर और कुंजीलाल, रामकिशोर कुशवाहा, अमर सिंह और बिहारीलाल के साथ जमीनी मामले के चलते विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक पहुंच गई। विरोधी पक्ष ने जुगुल किशोर की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चोटें अधिक होने के कारण बाद में जुगुल किशोर की मौत हो गई। मामले को लेकर मृतक की पत्नी केशरिया ने पहले गिरवां थाने में धारा 307, 325, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया, लेकिन उपचार के दौरान जुगुल किशोर की मौत हो गई और मुकदमे में हत्या की धारा 302 और बढ़ाई गई। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक संदीप तिवारी ने विवेचना करते हुए 18 सितंबर 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया और मामले की सुनवाई शुरू हुई।

सैनिक के घर से तीस लाख के जेवर चोरी

पुलिस व फोरेंसिक टीम में पहुंचकर की जांच

समृद्धि न्यूज,संकिसा।

सेना के हेड क्वाटर पर तैनात सेना जवान के पैतृक घर से 30 लाख के जेवर चोर चोरी कर ले गए। सेना जवान के पैतृक गांव नगला बीरबल में उनके माता पुष्पा देवी-पिता वीरेंद्र सिंह व भाई अंकित रहते हैं। सुबह जब स्वजनों ने कमरे के ताले टूटे देखे तब घटना की जानकारी हुई। उसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।थाना क्षेत्र के गांव नगला बीरबल निवासी



चोरों द्वारा फैलाया गया सामान

सैनिक कौशलेंद्र सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के अनुसार 4 अक्टूबर की रात मेरे घर से चोर सभी जेवर चोरी कर ले गए। मेरे पास सभी जेवरों की लिस्ट ना होने के कारण जेवरों की गिनती नहीं पता है। जेवरों की लिस्ट मिलने पर अवगत कराया जाएगा। जब मुझे घटना की जानकारी मिली तब मैं फतेहगढ़ में था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

सेना जवान कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि मैं इस समय सेना हेड क्वाटर नई दिल्ली में तैनात हूं, अपने घर पर 37 दिन का अवकाश लेकर 15 अक्टूबर से अपने अस्थाई निवास स्थान फतेहगढ़ कैंट में रहता हू। मेरे माता, पिता, भाई अपने पैतृक गांव नगला बीरबल में रहते है। मेरे कब्जे वाले कमरे में ताले पडे थे उन्हीं में जेवर रखे थे। चोरों ने ताला तोड़कर मेरे सारे जेवर चुरा लिए है। थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना अचरा चौकी इंचार्ज शेखर सैनी के सुपुर्द की गई।

प्रेम प्रसंग में किशोरी ने जहर खा कर जान दी

बांदा। कालिंजर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने गुरूवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों ने उसे गंभीर हालत में सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया। यहां नाजुक हालत में उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। यहां शुक्रवार की सुबह उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के चचेरे भाई ने बताया कि उसकी बहन के देवर से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक घर आता जाता था। वह शादी करने के लिए भी तैयार था। दीवापली के बाद शादी के लिए बात करने जाना था। गुरूवार को फेान करके प्रेमी ने शादी करने से मना कर दिया। इसी बात से नाराज होकर जहर खाकर खुदकुशी कर ली।

वृद्धाश्रम में लड्डू का केक काटकर मनाया डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का जन्मदिन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जननायक एवं गरीबों के मसीहा डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव का जन्मदिन फर्रुखाबाद स्थित वृद्धाश्रम में बड़े ही सादगीपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लड्डू का केक काटकर जन्मदिन की खुशियां वृद्धजनों के साथ साझा की गई तथा बुजुर्गों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, अभय यादव, अमित कठेरिया, सभासद मुदस्सिर खान, गोपाल यादव, अब्बास अली जैदी, सुमित छोटू यादव, कुलदीप, प्रशांत यादव सहित तमाम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं अन्य साथी मौजूद रहे। सभी साथियों ने डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्वल भविष्य की कामना करते हुए जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। वहीं वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने भी उन्हें अपना आशीर्वाद देते हुए लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना की। आयोजकों ने कहा कि जन्मदिन की खुशियां जरूरतमंदों और बुजुर्गों के बीच मनाना समाज के प्रति संवेदनशीलता, सेवा और सम्मान का संदेश देता है।

उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा 6 सूत्रीय मांग पत्र

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की लंबित समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है। संघ ने 6 प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल समाधान की अपील की है।

चयन वेतनमान और एमडीएम व्यवस्था में सुधार की मांग

शासन के निर्देशानुसार शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया गतिमान है। जनपद में जारी वरिष्ठता सूची की विसंगतियों को दूर कर अविलंब शुद्ध एवं अंतिम वरिष्ठता सूची जारी की जाए। नगर क्षेत्र फर्रुखाबाद एवं कायमगंज के अर्ह शिक्षकों को भी पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल किया जाए। शिक्षकों के सापेक्ष पदोन्नति के लिए विभिन्न विषयों की सूची में से विसंगतियों और कमियों को हटाकर पुनः नई सूची जारी की जाए। जनपद में जिन शिक्षकों के चयन वेतनमान अभी तक स्वीकृत नहीं हो सके हैं, उन्हें दीपावली के स्थान पर अब अवशेष पात्र शिक्षकों के चयन वेतनमान शीघ्र स्वीकृत किए जाएँ। शिक्षकों के सत्यापन हेतु तीन-तीन प्रतियों में दस्तावेज ब्लॉक संसाधन केंद्र पर जमा कराए जा रहे हैं, जबकि मानव संपदा पोर्टल पर सभी प्रमाण पत्र उपलब्ध हैं।

इसलिए कागजों की जगह ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण की जाए। शिक्षकों के नगर भत्ता आहरण करने एवं आश्वासन मिलने के बाद भी अब तक मूल विद्यालय में वापसी नहीं हो सकी है। सभी शिक्षकों की मूल विद्यालय वापसी शीघ्र कराई जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक, जिला मंत्री प्रवेश सिंह राठौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह यादव, राजेश सिंह सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षकगण

बदलाव से ही जनपद का विकास संभव: डॉ. अरविन्द गुप्ता

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विप्लव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 अरविन्द गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से रुबरु होते हुए शहर की मुख्य समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर एक बार संकल्प ले, जिससे जनपद का रुका विकास का पहिया पुनः चल पड़े। आजादी के बाद फर्रुखाबाद अपने आप में गौरव था, लेकिन हम अब हर दिन कुछ न कुछ खोते हुए जा रहे है। पहले सदवाड़ा से छपाई उद्योग समाप्त हुआ। धीरे-धीरे तम्बाकू का काम भी कायमगंज में विलुप्त पर है। जनपद में कोई औद्योगिक विकास नहीं है। जिस कारण यहां के बच्चों का भविष्य खतरे में है। फर्रुखाबाद के नेता अगर कुछ भी इन्वेस्ट करते है तो उसे वसूली के रुप में वसूल कर



जानकारी देते डॉ. अरविन्द गुप्ता

लेते है। मेरा प्रयास है कि जल पियो और जल पिलाओ, इसलिए मैंने अपना सब कुछ दांव पर लगा रखा है। क्षेत्र का अगर विकास चाहतें हो तो बदलाव बहुत जरुरी है। सबसे ज्यादा बाइक से चलने वाला एमआर व पत्रकार होता है। उसे भी सरकार आज तक मेडिकल व इंश्योरेंस बीमा का सुविधा अपने स्तर से नहीं दे रखी है। साथ ही उन्होंने गंगा व रामगंगा के जर्जर व पुल की स्थिति के बारे में सवाल उठाया कि लोग मुझे मौका दे तो मैं निजी खर्च से पुल की मरम्मत कराने को तैयार हूं।

आबकारी टीम ने कई शराब दुकानों का औचक निरीक्षण

अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डा0 अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी द्वारा मय स्टाफविभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान अहियापुर, कायमगंज, रायपुर खास, कम्पिल, मानिकपुर, झिझौटा खुर्द, रुदायन, पुलगालिब तथा कम्पोजिट दुकान कायमगंज, रायपुर खास, कम्पिल, रूदायन, पुलगालिब की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, मशीन से बिक्री एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया तथा देशी दुकानों की कैंटीन की भी सघन जांच की गई। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें।

अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

धनतेरस पर जय विजय फर्नीचर हाउस पर उमड़ी भीड़

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

धनतेरस और दीपावली के पावन पर्व पर कस्बा नवाबगंज स्थित चौराहे पर बने जय विजय फर्नीचर हाउस प्रतिष्ठान पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली।

खरीदारी पर मिले आकर्षक उपहार

बाजार से किफायती दामों पर सामान मिलने और खरीदारी करने पर ग्राहकों को विशेष उपहार भेंट किए जाने से प्रतिष्ठान पर जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा। धनतेरस पर दुकान पर फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक से संबंधित समस्त प्रकार के उपकरण बेहद उचित और किफायती दरों पर उपलब्ध कराए गए। बाजार से कम कीमत पर बेहतरीन सामान मिलने के कारण ग्राहक लगातार खरीदारी करते नजर आए, जिससे दिनभर दुकान पर खरीदारों का तांता लगा रहा। खरीदारी करने पहुंचे ग्राहकों का स्वागत करते हुए प्रतिष्ठान के प्रबंधकों ने उन्हें उपहार भी भेंट किए, जिससे ग्राहकों में विशेष प्रसन्नता देखने को मिली। आयोजन के दौरान प्रतिष्ठान के संस्थापक व संरक्षक एवं भाजपा नेता योगेंद्र सिंह राठौड़, विजय प्रताप सिंह राठौड़, जय प्रताप सिंह राठौड़, विनय प्रताप सिंह राठौड़, अमित प्रताप सिंह राठौड़ सहित प्रतिष्ठान के समस्त कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक व ग्राहक उपस्थित रहे।



खरीददारी करते लोग

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

सात ब्लॉकों के 84 बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए वैज्ञानिक प्रोजेक्ट

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया।

प्रतियोगिता में जनपद के सात ब्लॉकों-बढ़पुर, कमालगंज, कायमगंज, नवाबगंज, शमशाबाद, राजेपुर एवं मोहम्मदाबाद के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता कुल 84 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने जूनियर एवं सीनियर वर्ग में अपने वैज्ञानिक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर को राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जनपदीय समन्वयक तथा प्रधानाचार्य वेदराम शर्मा को जिला अकादमिक समन्वयक नियुक्त किया गया है। संचालन शिक्षिका दर्शना शुक्ला ने किया।

प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर ने जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार एवं प्राचार्या डॉ. कल्पना सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। दर्शना शुक्ला ने डॉ. कल्पना सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया, जबकि वेदराम शर्मा ने निर्णायक मंडल के सदस्यों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया।



डीआईओएस का स्वागत करते कैप्टन गिरिजा शंकर

कैप्टन गिरिजा शंकर ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय टिकाऊपन के लिए विज्ञान और नवाचार निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा, जल संरक्षण, भोजन, कृषि एवं स्वास्थ्य तथा टिकाऊपन के लिए भारतीय ज्ञान प्रणालियों का अनुप्रयोग जैसे उपविषयों पर विद्यार्थियों ने अपने शोध आधारित प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में आयोजित की गई। 10 से 14 वर्ष तक के प्रतिभागियों को जूनियर तथा 14 से 17 वर्ष तक के प्रतिभागियों को सीनियर वर्ग में शामिल किया गया। प्रत्येक प्रोजेक्ट में अधिकतम पांच छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं, जिनमें एक को समूह प्रमुख ग्रुप लीडर बनाया जाता है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्राचार्या डॉ. कल्पना सिंह, प्रोफेसर डॉ. सौरभ पांडेय तथा डॉ. सुदेश शर्मा शामिल रहे। विद्यालय एवं ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताओं के उपरांत आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के परिणामों के आधार पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।

चयनित बाल वैज्ञानिक प्रदेश स्तर पर जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। डीआईओएस संजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह आपके अंदर छिपे वैज्ञानिक, अनुसंधानकर्ता और नवप्रवर्तक को पहचानने तथा विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इस अवसर पर शिक्षक विश्व प्रकाश, चंद्र प्रताप सिंह, प्रशांत राय, दर्शना शुक्ला, कल्पना वर्मा, प्रगति शुक्ला, मीना अवस्थी उपस्थित रहे।

संयुक्त राष्ट्र संघ के आदर्श प्रारूप का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



छात्रा को सम्मानित करते कमाण्डेण्ट ब्रिगेडियर

आर्मी पब्लिक स्कूल में आयोजित संयुक्त राष्ट्र संघ के आदर्श प्रारूप मॉडल यूनाइटेड नेशंन के अन्तर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अमेरिका, जापान, चीन, रूस, ईरान, लेबनान, तुर्की, भारत और स्वीटजरलैंड सहित 16 देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए मध्य पूर्व में तनाव कम करने, क्षेत्रीय संघर्षों के समाधान और स्थायी शान्ति के लिए कूटनीतिक सम्वाद व अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग पर अपने-अपने देशों पक्ष रखते हुए प्रभावी बहस और कूटनीतिक कौशल का परिचय दिया। मुख्य अतिथि चेयरमैन सिखलाई रेजीमेंट सेण्टर के कमाण्डेण्ट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पटेल सदन और द्वितीय स्थान अशोका सदन को दिया गया। सर्व श्रेष्ठ प्रतिनिधि के रूप में कक्षा 9 की मेधा मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ, रिसर्चर के रूप में कक्षा 11 की त्रिशा को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में वैश्विक समझ, कूटनीति, भाषण कला और विश्लेषणात्मक क्षमता कला विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों के उच्च स्तरीय शोध और आत्मविश्वास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेजर राकेश राघव, उप प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

यातायात पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड पर चलाया जागरूकता अभियान

चालकों और यात्रियों को दिए सुरक्षा के टिप्स

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस ने रोडवेज बस अड्डा फर्रुखाबाद पर यातायात माह नवम्बर के अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रोडवेज बस चालकों एवं यात्रियों को आगामी धनतेरस व दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा सुरक्षित वाहन संचालन एवं यातायात नियमों के कड़ाई से पालन हेतु प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बातों का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई। वाहन हमेशा तय सीमा और नियंत्रण में ही चलाएं। किसी भी स्थिति में नशे की हालत में वाहन न चलाएं, यह



रोडवेज पर लोगों को जागरुक करती यातायात पुलिस

जानलेवा हो सकता है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग बिल्कुल न करें, जिससे ध्यान न भटके। केवल चालकों ही नहीं, बल्कि बस यात्रियों को भी सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें सफर के दौरान यातायात नियमों के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी असावधानी से बचने की सलाह दी गई। पुलिस प्रशासन के इस सार्थक प्रयास का उद्देश्य त्योहारी सीजन के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना और आम जनता की यात्रा को सुरक्षित बनाना है।

बाल सुरक्षा, शिक्षा और कल्याणकारी योजनाओं पर दिया जोर

बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विकासखण्ड राजेपुर में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन प्रभारी खंड विकास अधिकारी अजीत पाठक की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में ब्लॉक स्तर पर बच्चों के संरक्षण और भागीदारी के अधिकार एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु एजेंडे में निर्धारित बिंदुओं यथा बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल ट्रैफिकिंग आदि की रोकथाम पर चर्चा की गई।

बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने महिला कल्याण विभाग के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सशक्तिकरण



बैठक को संबोधित करते सचिन सिंह

हेतु संचालित योजनाओ जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित करने हेतु कहा। जिससे उनको उक्त कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ा जा सके। उन्होंने बाल विवाह के संबंध में जानकारी प्रदान की और बताया कि बाल विवाह करने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 2 वर्ष की सजा और 1 लाख रुपए जुर्माने का प्राविधान है।

प्रभारी खंड विकास अधिकारी अजीत पाठक ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से अवश्य जोड़ें और बच्चों के उचित पालन पोषण पर ध्यान दे। खंड चिकित्साधिकारी डॉ0 मान सिंह ने बच्चों का नियमित टीकाकरण को कहां। खंड शिक्षाधिकारी राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में पंजीकरण अवश्य कराएं।

बाल कल्याण पुलिस अधिकारी ने कहा कि यदि ट्रेन, बस में कोई व्यक्ति अधिक बच्चों को ले जाता हुआ दिखाई दे और वे बच्चे भी घबराए हुए हों, तो ऐसे में तुरंत आर0पी0एफ0 एवं 1098, 112 को सूचना दें, जिससे कि बच्चों को किसी बड़ी मुसीबत में पड़ने से रोका जा सके। उन्होंने पॉक्सो एक्ट के विषय में भी जानकारी प्रदान की। बैठक में मुख्य सेविका लक्ष्मी राजपूत, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता अखलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

गंगा में गिर रहे रंगीन पानी पर आईजीआरएस शिकायत का असर

अधिकारियों ने कहा- सिंचाई विभाग को पानी देने का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मोक्षदायिनी गंगा नदी में कारखानों का रासायनिक व रंगीन पानी सीधे गिरने के गंभीर मामले में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद जल निगम प्रशासन हरकत में आ गया है।

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल ने आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराते हुए गंगा में गिर रहे प्रदूषित पानी पर गहरा आक्रोश जताया था। जितेन्द्र अग्रवाल ने अपनी शिकायत में मांग की थी कि नमामि गंगे, प्रदूषण नियंत्रण


जांच करते अधिकारी

बोर्ड और नगरपालिका के अधिकारी हनुमान गढ़ी व भैरव घाट के पास गंगा में गिर रहे इस पानी का स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि यदि विभाग के दावों के अनुसार यह पानी शुद्ध और पीने योग्य है, तो जिम्मेदार अधिकारी इसे स्वयं पीकर दिखाएं। अन्यथा इस पानी को पाइपलाइन के माध्यम से गंगा पार किसानों को सिंचाई हेतु उपलब्ध कराया जाए, ताकि गंगा नदी को दूषित होने से बचाया जा सके। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जल निगम के जूनियर इंजीनियर विपिन पाल और आनंद दीक्षित ने स्थिति स्पष्ट की। अधिकारियों ने बताया कि गंगा में गिर रहे पानी का सही उपयोग करने और इसे किसानों की सिंचाई से जोड़ने के लिए 3-4 माह पूर्व ही जिलाधिकारी को एक औपचारिक प्रस्ताव भेजा जा चुका है, ताकि इस पानी को सिंचाई विभाग को हस्तांतरित किया जा सके। शिकायतकर्ता जितेन्द्र अग्रवाल ने जल निगम अधिकारियों से उस भेजे गए प्रस्ताव की फोटोकॉपी उपलब्ध कराने की मांग की है। इस पर जेई ने आश्वस्त किया है कि वह कानपुर क्षेत्रीय कार्यालय की फाइल से प्रस्ताव की प्रति निकालकर जल्द ही व्हाट्सएप के माध्यम से उन्हें उपलब्ध करा देंगे।

एमएलसी चुनाव सेटिंग-गेटिंग का, आम चुनाव में बीजेपी ही जीतेगीः सांसद

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सांसद मुकेश राजपूत ने अपने निवास पर शुक्रवार को जिलाध्यक्ष फतेह चंद राजपूत के साथ प्रेस वार्ता कर एमएलसी चुनाव, मूर्ति चोरी और दिवाली के त्योहार को लेकर कई बड़े बयान दिए। उन्होंने कहा कि सपा एमएलसी चुनाव को लेकर जरूरत से ज्यादा उत्साह में है, जबकि हकीकत कुछ और है।

सांसद ने कहा कि एमएलसी चुनाव छोटे चुनाव होते हैं। यह आम जनता का चुनाव नहीं होता। यह सेटिंग-गेटिंग का चुनाव होता है। इसमें जनमत की बजाय समीकरण और जुगाड़ चलते हैं। इसलिए इसके नतीजों को आम


वार्ता करते सांसद मौजूद जिलाध्यक्ष

चुनाव से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। आम चुनाव में जनता सीधे मतदान करती है और उसमें बीजेपी ही जीत होगी। सांसद मुकेश राजपूत ने पिछली सरकारों पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों के समय में मूर्तियां चोरी होती थीं। मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों से कीमती मूर्तियां गायब हो जाती थीं। उन्होंने कहा कि आज जो लोग चंदा चोरी की बात कहते हैं, वे खुद मूर्ति चोरी में संलिप्त रहे हैं। ऐसे लोगों को दूसरों पर आरोप लगाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार देश की धरोहर को वापस लाने का काम कर रही है। विदेशों में गई हुई प्राचीन मूर्तियों को भारत लाया जा रहा है। यह हमारी संस्कृति और आस्था के सम्मान की बात है। दिवाली के त्योहार को लेकर सांसद ने लोगों से अपील की कि आतिशबाजी सावधानी से चलाएं। बच्चों का विशेष ध्यान रखें। थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सांसद ने पुलिस प्रशासन को भी हिदायत दी कि चेकिंग के नाम पर आम लोगों को परेशान न किया जाए।

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता संपन्न



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नवम तथा एकादश से विभिन्न सदनों से चार-चार विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक कौशल का सुंदर प्रदर्शन करते हुए विभिन्न रंगों का प्रयोग कर आकर्षक एवं मनमोहक रंगोली बनाई। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई सुंदर रंगोलियों को निदेशक राजीव मोहन पांडे ने भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में रचनात्मक एकलात्मक, अभिरुचि एवं सामूहिक सहयोग की भावना का विकास होता है। प्रतियोगिता में ब्लू सदन से यशी राठौर, एकता गुप्ता, अनुष्का चौहान तथा अंशिका प्रथम स्थान पर रही तथा हरित सदन से आराध्या परमार, प्रशंसा सिंह, आकृति मिश्रा तथा इशिका गुप्ता भी प्रथम स्थान पर रही। लाल सदन से आध्या, आयुषी, सौम्या तथा आरोही द्वितीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया।

पांचाल घाट पर हुआ गंगा उत्सव, 5100 दीपों से जगमगाया घाट

नदियों को स्वच्छ व निर्मल रखने का लिया गया संकल्प

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित करने के उपलक्ष्य में गंगा उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन गंगा घाट पांचाल घाट पर किया गया। प्रभागीय निदेशक राजीव कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे गंगा महाआरती, दीप उत्सव कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, घाट पर घाट कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ परिवार सहित उपस्थित रहे।


गंगा आरती करते आचार्यगण

उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि गंगा तट को स्वच्छ अविरल निर्मल बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता होनी चाहिए। किसी भी प्रकार से गंगा तट पर गंदगी नहीं छोड़नी चाहिए। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजेपुर पल्लव सोमवंशी उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी योगेश कुमार, गंगा विचार मंच के संयोजक भूपेंद्र प्रताप सिंह, साइबर क्राइम विभाग के आशीष कुशवाहा ने विचार प्रस्तुत किये।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नदियों को बचाने का संदेश दिया। निहारिका पटेल ने लोगों को जागरूक किया। आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल ने आचार्यों के माध्यम से गंगा महाआरती कराई। सभी लोगों ने मिलकर दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी किया। जिसमें 5100 दिए जलाकर गंगा उत्सव लिखा गया। संचालन प्रशिक्षक रोहित दीक्षित एवं वैभव सोमवंशी ने किया। आए हुए बच्चों एवं अतिथियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

किन्नर समाज ने दीपावली पर मांगा नेग

दुकानदारों को दिया सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

दीपावली के पावन पर्व पर नगर के बाजारों में किन्नर समाज के सदस्यों ने परंपरागत रूप से नेग मांगा।

बाजार में पहुंचे किन्नर समाज के सदस्यों में गुरु रंगोली एवं गुरु मधु, तराना, बबली गुरु सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। सभी पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए थे।

उन्होंने दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों और राहगीरों से दीपावली का नेग लिया और बदले में उन्हें सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और व्यापार में बरकत का आशीर्वाद दिया।


नेक वसूलते किन्नर

दुकानदारों ने भी पूरे सम्मान के साथ उनका स्वागत किया और अपनी श्रद्धा अनुसार नेग भेंट किया। बाजार में किन्नरों के आशीर्वाद लेने के लिए लोगों में उत्साह देखा गया। कई दुकानदारों ने कहा कि दीपावली पर किन्नरों का आशीर्वाद लेना शुभ माना जाता है, इससे व्यापार में बरकत होती है। किन्नर समाज के सदस्यों ने भी सभी नगरवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी के जीवन में खुशहाली की कामना की।

सूचना

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2001 जिसका अनुक्रमांक 1056050 व इंटर मीडिएट वर्ष 2003 जिसका अनुक्रमांक 0383697 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है। मुझे द्वितीय प्रति की आवश्यकता है। **श्वेता यादव पुत्री बृजपाल यादव निवासी 1/29 भूसामन्डी, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद**

सहोदया स्कूल्स एसोसिएशन की हुई जनरल बॉडी बैठक

शैक्षिक व खेल गतिविधियों के आयोजन पर बनी सहमति

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सहोदया स्कूल्स एसोसिएशन की जनरल बॉडी बैठक सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहगढ़ में आयोजित की गई। सहोदया स्कूल्स एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग में शैक्षिक एवं खेल गतिविधियों के आयोजन पर सहमति हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष फादर जॉबी जोसेफ, सचिव राजीव मोहन पांडे, कोषाध्यक्ष एसके वर्मा सहित जनपद के विभिन्न विद्यालयों के


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

प्रधानाचार्य एवं निदेशक उपस्थित रहे। सहोदया स्कूल्स एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग में शैक्षिक एवं खेल गतिविधियों के आयोजन पर सहमति बनी। कक्षा 10 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सहोदया स्कूल्स एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग में शैक्षिक एवं खेल गतिविधियों के आयोजन पर सहमति बनी। प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश यादव ने सभी का स्वागत किया। अध्यक्ष फादर जॉबी जोसेफ और सचिव ने एनईपी के तहत विद्यालयों के मध्य शैक्षिक सहयोग, शिक्षण पद्धतियों के आदान-प्रदान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। 25 नवंबर पीएन फाउंडेशन स्कूल अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बास्केटबॉल प्रतियोगिता दिसंबर के प्रथम सप्ताह में बालिकाओं के लिए ब्लू वैल स्कूल में तथा बालकों के लिए सीपी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होगी। वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग 12 दिसंबर ज्ञानफोर्ड स्कूल याकूतगंज में आयोजित होगी। खो-खो प्रतियोगिता बालिका वर्ग दिसंबर 2026 का दूसरा सप्ताह रोजी पब्लिक स्कूल में आयोजित होगी।

कला प्रतियोगिता जनवरी 2027 शकुंतला देवी इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित होगी। इसके अंतर्गत 28 दिसंबर 2026 को एनएससी पब्लिक स्कूल,16 जनवरी 2027 को सेंट पॉल्स ब्रिटन एकेडमी तथा 28 जनवरी 2027 को आरआरपी फतेहगढ़ में शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। संचालन वैशाली पीटर और शिवानी चंद ने किया। धन्यवाद डायरेक्टर रोजीशन विश्वासी ने प्रस्तुत किया।

कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः-852/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद — दिनांक 06 नवम्बर, 2026

अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि **"वित्तीय वर्ष 2026-27 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना"** अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 07/11/2026 से 30/11/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि बेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 30/11/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

क्र0सं0	नगर पंचायत	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	
1	Tender Release	07.11.2026 12:00 बजे	
2	Tender Close Date	30.11.2026 2:00 बजे	

हरीश कुमार
अवर अभियंता
अवर अभियंता सिविल
न0पं0शमसाबाद-फर्रुखाबाद

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद फर्रुखाबाद

जोया शाह
अध्यक्ष
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद फर्रुखाबाद

चित्रकला प्रतियोगिता की विजेता छात्रा व सर्वश्रेष्ठ शिक्षक डीएम से सम्मानित

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



सेवा संकल्प अभियान के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा और शिक्षक को जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार को सम्मानित किया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित सत्येंद्र कुमार सिंह तथा मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली उच्च प्राथमिक विद्यालय दुबेपुर, विकासखंड दुबेपुर की कक्षा आठ की छात्रा अक्षिता को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया था। जिलाधिकारी ने दोनों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में संचालित सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित किया गया। यह सम्मान शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

दिनदहाड़े हुए सराफा लूटकांड का एसपी ने किया खुलासा, माल सहित दो गिरफ्तार



सुल्तानपुर। धनपतगंज थाना क्षेत्र के टीकर मोड़ पर बुधवार को दिन दहाड़े सराफा व्यापारी से हुए लूटकांड का एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन सभागार में खुलासा किया। शुक्रवार को हुई प्रेस वार्ता के दौरान एसपी ने बताया कि बुधवार को धनपतगंज थाना क्षेत्र के सेवरा गांव निवासी हिमांचल मिश्रा अपने साथी लल्लन गिरी के साथ बाइक से चांदी के आभूषण बेचने जा रहे थे तभी टीकर मोड़ के पास बाइक सवार बदमाशो ने तमंचे के बट से मारकर चांदी के जेवरात से भरा बैग लेकर फरार हो गए थे। मामले में पुलिस ने हिमाचल मिश्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तो उनके साथी लल्लन गिरी की भूमिका संदिग्ध मिली। पूछताछ में लल्लन गिरी ने बताया कि उसने राधे श्याम वर्मा और पंजाब निवासी सुरजीत सिंह संधू के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 04 किलो 252 ग्राम चांदी के आभूषण ,अवैध तमंचा,कारतूस सहित अन्य दस्तावेज बरामद किये है। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की। गिरफ्तार आरोपी राधेश्याम व लल्लन गिरी को जिला न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सड़क दुर्घटना में 6 लोग घायल: प्रतापगढ़ के कुंडा क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में से लोग घायल हो गए। हथिगवां थाना क्षेत्र के कबीरपुर निवासी छोटे पांडेय 65 वर्ष पुत्र राम लखन पांडेय, बेंती पूरे सिंघम निवासी मनीष यादव 27 वर्ष पुत्र नैन सिंह, बेंती पूरे तिगुनाईत गांव निवासी विजेंद्र कुमार 22 वर्ष पुत्र संतू राम, कुंडा कोतवाली क्षेत्र के जमेठी गांव निवासी जगतपाल पटेल 60 वर्ष पुत्र राम अवतार तिलौरी मोहल्ला निवासी तीरथ केसरवानी पुत्र शिवलाल केसरवानी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं।



आरोग्य भारती ने मनाया भगवान धन्वन्तरि प्राकट्योत्सव



प्रतापगढ़। पंचदीपोत्सव पर्व के प्रथम दिवस भगवान धन्वन्तरि के प्राकट्योत्सव एवं धन्वन्तरि जयंती के पावन अवसर पर आरोग्य भारती के तत्वावधान में धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान धन्वन्तरि का विधिवत पूजन-अर्चन एवं हवन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां समर्पित कर समस्त जनमानस के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं निरोगी जीवन की मंगलकामना की गई। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. रंगनाथ शुक्ल ने भगवान धन्वन्तरि के प्राकट्योत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान धन्वन्तरि आयुर्वेद एवं आरोग्य के अधिष्ठाता देवता हैं। भारतीय चिकित्सा परंपरा में उनका विशेष स्थान है।संरक्षक डॉ. एस.के. शर्मा ने अपना आशीर्वचन देते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना आवश्यक है। अध्यक्ष डॉ सुधांशु उपाध्याय जी ने कहा कि आयुर्वेद की मान्यता पंचम वेद के रूप में प्रतिष्ठित है। इस अवसर पर संरक्षक डॉ. एस.के. शर्मा , डॉ. सुधांशु उपाध्याय अध्यक्ष, राकेश शर्मा कोषाध्यक्ष, धर्म प्रकाश पाण्डेय सचिव, अमित शुक्ल उपाध्यक्ष एवं योग प्रशिक्षक राकेश कुशवाहा श्री अजीत सिंह विभागाध्यक्ष डी एल एड डॉ ए के मिश्र सदस्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के साथ दवा प्रतिनिधियों को वितरित किए निशुल्क हेलमेट

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की प्रतापगढ़ यूनिट के तत्वावधान में यातायात माह के उपलक्ष्य में यातायात के नियमों के जागरूकता हेतु शहर स्थित तुलसी सदन (हादीहाल) में यातायात जागरूकता संगोष्ठी एवं दवा प्रतिनिधियों को निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष विकल पाण्डेय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सिओ सिटी आशुतोष मिश्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर दवा प्रतिनिधियों को निःशुल्क हेलमेट वितरित कर दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग के प्रति प्रेरित किया गया। संगोष्ठी में यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक आशुतोष मिश्र ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जीवनरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करने की अपील की। इसके पूर्व एमएसआरए के अध्यक्ष विकल पाण्डेय ने मुख्य अतिथि सिओ सिटी आशुतोष मिश्र को पुष्प गुच्छ व प्रभु श्रीराम का चित्र तथा अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत सम्मान करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों के तहत आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है। एसोसिएशन भविष्य में भी जनहित से जुड़े ऐसे आयोजनों में अपनी सहभागिता निभाता रहेगा। इस दौरान प्रमुख रूप से अध्यक्ष विकल पाण्डेय, सचिव बीरपाल सिंह,कोषाध्यक्ष शिवेश सिंह, उपाध्यक्ष विनय ओझा राकेश शर्मा, के पी सिंह, पवन ओझा, रितेश तिवारी, अंकित श्रीवास्तव के साथ ही अधिवक्ता परिषद के महामंत्री शिवेश शुक्ल, भाजयुमो अध्यक्ष अंशुमान सिंह,महामंत्री नीतीश, चंदन सिंह,मदन पाल सहित आदि मौजूद रहे।





























